


नवरात्र का 6वां दिन

पूजन मंत्र - चंद्रहासोज्ज्वलकरा, शार्दूलवरवाहना।
कात्यायनी शुभं दद्यात्, देवी दानवघातिनी।।

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

# पायनियर

www.dailypioneer.com • रायपुर, रविवार 14 अप्रैल 2024 • पृष्ठ-12 • वर्ष-08, अंक-231 • मूल्य ₹3.00


## क्विक न्यूज

### भाजपा ने स्टार प्रचारकों की लिस्ट से सीएम और डिप्टी सीएम का नाम हटाया

**मुंबई।** महाराष्ट्र में भाजपा ने चुनाव प्रचार के लिए स्टार प्रचारकों की लिस्ट से मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री का नाम हटा दिया है। बीजेपी ने ये कदम भारतीय चुनाव आयोग के उस पत्र के बाद उठाया है, जिसमें कहा गया था कि राजनीतिक दल अन्य पार्टियों के नेताओं के नाम स्टार प्रचारकों की लिस्ट में शामिल नहीं कर सकते। जिसके बाद बीजेपी ने स्टार प्रचारकों की लिस्ट से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजित पवार का नाम लिस्ट से हटा दिया। बीजेपी ने अब महाराष्ट्र में प्रचार के लिए 40 स्टार प्रचारकों की नई संशोधित लिस्ट चुनाव आयोग को सौंपी है।

### मोदी आज मध्यप्रदेश के पिपरिया में करेंगे सभा

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम



जिले के पिपरिया में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। पार्टी की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीएम मोदी 12 बजे पिपरिया में सभा को संबोधित करेंगे। अपने प्रवास के दौरान वे पार्टी कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात करेंगे। इसके बाद वे भोपाल के राजा भोज विमानतल से विशेष विमान से प्रस्थान करेंगे।

# राजनाथ ने कहा- बिग बॉस का घर बनी कांग्रेस

## एक दूसरे के कपड़े फाड़ रहे कांग्रेसी

**पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा**
www.dailypioneer.com



बस्तर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार महेश कश्यप के लिए वोट मांगने दंतेवाड़ा के जावंगा पहुंचे केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने जनसभा में कहा कि कांग्रेस पार्टी टीवी रियलिटी शो बिग बॉस का घर बन हुई है, जहां एक दूसरे के कपड़े फाड़े जा रहे हैं। राजनाथ ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद यहां प्रभारी बनकर पहुंचे थे, तो लोगों ने भाजपा की सरकार बनना असंभव बताया था, लेकिन भगवान राम के ननिहाल व कर्मभूमि छत्तीसगढ़ की जनता ने भाजपा सत्ता दिलाई, जो 15 साल तक बनी रही। इसके बाद जनता ने स्वाद बदलने के लिए कांग्रेस को मौका दिया, तो कांग्रेस ने जो किया, वह किसी से छिपा नहीं है। गौठान और गोबर तक में कांग्रेस ने घोटाला किया। इसके विपरीत केंद्र में मोदी सरकार ने बेदाग काम किया। पीएम मोदी ने करिश्माई नेतृत्व से देश को कमजोर से मजबूत देश के रूप में ऐसा उभारा कि अब दुनिया की बड़ी शक्तियां भी महत्वपूर्ण मुद्दों पर मध्यस्थता की उम्मीद करने के साथ ही भारत से राय लेने लगी हैं। पीएम मोदी ने जनधन, आधार और मोबाइल को मजबूत करते हुए एक-एक पैसा आम जनता तक पहुंचाना शुरू किया। पहले 10 वनोपजों का समर्थन मूल्य मिलता था, लेकिन मोदी सरकार ने 90 चीजों को इसके दायरे में लाया। बिरसामुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में स्थापित किया। आदिवासी भाजपा के वोट बैंक नहीं, बल्कि गौरव का विषय हैं। कांग्रेस के लोग तंज कसते थे कि मंदिर वहीं बनाएंगे, लेकिन कब? इसका जवाब भी भाजपा ने राम मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा करवाकर दिया। राजनाथ ने तंज कसते हुए कहा कि जल्द ही लोकसभा चुनाव निपटेगा और इसी चुनाव में कांग्रेस भी निपट जाएगी। भाजपा का संकल्प ऐसा विकसित भारत बनाने का है, जिसमें कोई भी गरीब नहीं रहेगा। राजनाथ ने इसके साथ ही एक देश एक चुनाव का संकल्प दोहराते हुए समर्थन मांगा। साथ ही भाजपा उम्मीदवार महेश कश्यप की सराहना करते हुए वोट के जरिए आशीर्वाद देने की अपील की। राजनाथ ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव की वक्तव्य शैली को भी सराहा। सभा में संयोजक श्रीनिवासराव मद्दी, कमलचंद्र भंजदेव, दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, ओजस्वी मंडावी समेत भाजपा नेता मौजूद रहे। सभा का संचालन महेश गागड़ा ने किया।

# जल, जंगल, जमीन का असली मालिक आदिवासी : राहुल

**पायनियर संवाददाता ◄ बस्तर**
www.dailypioneer.com



पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने सभा को संबोधित करते हुये कहा कि आपके सामने चुनाव है दो विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ कांग्रेस पार्टी इंडिया एलांयस लोकतंत्र संविधान को बचाने के लिये लड़ रहे है। दूसरी तरफ नरेंद्र मोदी, अडानी, आरएसएस, संविधान पर लोकतंत्र पर आक्रमण कर रहे है। संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रहे है। मोदी जी ने आदिवासी शब्द को बदलने की कोशिश की है। हम आपको आदिवासी कहते है, बीजेपी के लोग आपको वनवासी कहते है। वनवासी में और आदिवासी में आसमान का फर्क है।आदिवासी का मतलब वो वर्ग जो इस जमीन का जल, जंगल, जमीन का पहला और असली मालिक है। जब हिंदुस्तान में जब कोई और नहीं था तब यहां आदिवासी लोग रहते थे। जो लोग आपको आदिवासी कहते है वो लोग इस बात को मानते है कि हिंदुस्तान के जल, जंगल और जमीन पर आपका पहला हक बनता है। जो आदिवासी कहते है वो आपके धर्म आपकी भाषाओं आपके जीने का तरीका आपका इतिहास का आदर करते है उसकी रक्षा करते है। दूसरी तरफ जो आपको वनवासी कहते है वो आपको हिन्दुस्तान के हकदार नहीं मानते। उनका कहना है आप जंगल के आदिवासी हो जहां जंगल है वहां आप हो। आपको जंगल में रहना चाहिए आपको अधिकार नहीं मिलने चाहिये आपको जल, जंगल, जमीन पर अधिकार नहीं है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बस्तर के लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी सरकारी आई तो महा लक्ष्मी योजना शुरू की जाएगी। हर परिवार से हम एक महिला को चुनेंगे। इसके बाद हर महीने बैंक खाते में साढ़े 8 हजार रुपए डाले जाएंगे। यानी एक साल में 1 लाख रुपए मिलेंगे। इस तरह एक झटके में हम देश से गरीबी मिटा देंगे। कांग्रेस सांसद ने कहा कि हमारी सरकार आई तो महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 50 आरक्षण देंगे। आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं का मानदेय डबल करेंगे। राहुल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हमने किसानों को पैसा दिया, वही हम देश में करेंगे। जैसे ही हमारी सरकार आएगी, सबसे पहला काम किसानों की कर्ज माफी का होगा। किसानों को सही दाम मिलेगा, वो भी कानूनी गारंटी के साथ। कांग्रेस सांसद ने ये भी वादा किया कि अमीर घरों के बच्चे काम करने से पहले एक साल की अप्रेंटिसशिप करते हैं। जिसके लिए उन्हें पैसा भी मिलता है। अब भी अप्रेंटिसशिप का अधिकार लाने जा रहे हैं। जिनके पास भी डिग्री, डिप्लोमा है, हम उन्हें अप्रेंटिसशिप का अधिकार देंगे।

➢विस्तृत पेज 3 पर

# 1200 करोड़ चुनावी चंदा देने वाली मेघा इंटरप्राइजेस पर सीबीआई ने दर्ज किया केस

**एजेंसी ◄ नयी दिल्ली**
www.dailypioneer.com

1200 करोड़ का चुनावी चंदा देने वाली मेघा इंजीनियरिंग पर सीबीआई ने केस दर्ज किया है। मेघा इंजीनियरिंग के खिलाफ ये कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट द्वारा केंद्र सरकार की चुनावी बॉन्ड स्कीम को रद्द करने के फैसले के बाद हुई है। बॉन्ड के जरिए बड़ा चुनावी चंदा देने वालों में मेघा इंजीनियरिंग पूरे देश में दूसरे नंबर पर थी। सीबीआई ने एनआईएसपी के लिए 315 करोड़ के प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन में कथित भ्रष्टाचार से जुड़े मामले को लेकर कार्रवाई की है। सीबीआई ने इस्पात मंत्रालय के एनएमडीसी आयरन एंड स्टील प्लांट के 8 अधिकारियों समेत मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ यह मामला दर्ज किया है। बता दें कि मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के अफसरों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई की ओर से इन अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया गया है। बॉन्ड से जुड़े डेटा के सामने आने के बाद से मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड सुर्खियों में आई थी। पामिरेड्डी पिची रेड्डी और पीवी कृष्णा रेड्डी की कंपनी एमईआईएल ने 966 करोड़ रुपए के चुनावी बॉन्ड खरीदे थे।

# मणिपुर में शाह के दौरे की तैयारी के बीच हिंसा भड़की, दो की मौत

**एजेंसी ◄ इंफाल**
www.dailypioneer.com

मणिपुर में इंफाल पूर्व और कांगपोकपी जिले के बीच मफौ बांध के पास हुई झड़प में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि 15 अप्रैल को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दौरे के लिए सुरक्षा उपाय किए जाने के बीच इलाके में गोलीबारी की खबरें हैं। थौबल जिले में अज्ञात हथियारबंद लोगों के हमले में तीन लोग गोली लगने से घायल हो गए थे। मणिपुर तीन मई, 2023 से दो जातीय समूहों के बीच संघर्ष के कारण संकट का सामना कर रहा है। भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय गृह मंत्री के दौरे की तैयारी कर रही है। भाजपा नेताओं के अनुसार, शाह लगभग दो घंटे के लिए मणिपुर का दौरा करेंगे और 15 अप्रैल को हप्ता कांगजीबुंग में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करेंगे।

# सुप्रीम कोर्ट केजरीवाल की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा

**एजेंसी ◄ नयी दिल्ली**
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के मुकदमे में अपनी गिरफ्तारी और हिरासत को बरकरार रखने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ के समक्ष केजरीवाल की याचिका 15 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं। कावेरी बाबेजा की विशेष अदालत ने एक अप्रैल को उन्हें 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश पारित किया था। उच्च न्यायालय से अपनी याचिका खारिज होने के 10 अप्रैल को उन्होने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष के अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने तब केजरीवाल का पक्ष रखते हुए उनकी याचिका को अत्यधिक महत्वपूर्ण बताया था।




# पायनियर हलचल...

## मुरगा लड़ाई और गोल-गोल रानी का खेल



कांग्रेस जहां पिछड़े, अगड़े और न जाने किसकी-किसकी बात करती है, वहीं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अक्सर यह कहते नजर आते हैं कि देश की सबसे बड़ी जाति अगर कोई है तो वह है 'गरीब'। मोदी कहते हैं कि वह हर गरीब के साथ खड़े हैं चाहे वह अगड़ा हो या पिछड़ा। नरेन्द्र मोदी यह भली-भांति जानते हैं कि भारत देश में गरीबों की संख्या काफी तादात में हैं। यदि यह सच नहीं होता तो 70 करोड़ लोगों को मुफ्त में आनाज देने की नौबत नहीं रहती। खैर हम व्यक्तिगत तौर पर इसके पक्षधर हैं। रोटी, कपड़ा और मकान में सबका अधिकार है। और सरकार की यह जिम्मेदारी भी है कि वह अपनी जनता को रोटी, कपड़ा और मकान उपलब्ध कराये। इसके विपरीत यहां अमीरों की संख्या मुट्ठीभर है। नरेन्द्र मोदी चालाक राजनेता हैं, वह जानते हैं कि गरीब साथ है तो अमीर के द्वारा गलत तरीके से अर्जित किया हुआ धन कभी भी आसानी से निकाला जा सकता है। फिर जाहे वह किसी दल का नेता हो या करोबारी। शायद यही कारण है कि मोदी सीना ठोंककर बोलते नजर आते हैं, कि जेल तो जाना पड़ेगा, जेल की रोटी खाना पड़ेगा। मोदी ने कईयों को जेल पहुंचा भी दिया। यह बात अलग है कि इसमें उनके पार्टी के नेताओं और पार्टी से जुड़े व्यापारियों की संख्या काफी कम है। खैर राजनीति में सभी खेल जायज हैं। इधर कांग्रेसी मुरगा लड़ाई का खेल खेल रहे हैं, तो वहीं नरेन्द्र मोदी और भाजपा गोल-गोल रानी इतना-इतना पानी का खेल खेलते दिख रहे हैं।

## निहत्थे बघेल, चक्रव्यूह में फंसा दुर्ग



जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है, चुनावी रण में दम दिखने लगा है। छत्तीसगढ़ की पांच सीटों पर मुकाबला रोचक होने जा रहा है। परिणाम जो भी हों, लेकिन राजनीतिक पैंतरे जमकर चले जा रहे हैं। अन्य सीटों की अपेक्षा दुर्ग, राजनांदगांव, कोरबा, कांकेर और सरगुजा में मुकाबला काफी रोचक और नजदीकी हो सकता है। दरअसल में भाजपा ने इस बार विजय बघेल को निहत्थे चुनावी युद्ध में झोंक दिया है। हालांकि पिछला चुनाव विजय बघेल ने तकरीबन 3 लाख 50 हजार से भी अधिक मतों से जीता था। भाजपा को इस चुनाव में भी विजय बघेल से बड़ी आस है। लेकिन इस बार विजय बघेल निहत्थे दिख रहे हैं। वह चुनावी युद्ध में तीर छोड़ते तो नजर आ रहे हैं, लेकिन तरकश में मोदी नामक अस्त्र के आलावा कुछ भी दिख नहीं रहा। विजय बघेल ने पांच साल में अच्छा राजनीतिक प्रदर्शन किया, उन्होंने लोकसभा के आलावा विधानसभा चुनाव में भी अपने प्रतिद्वंदी पूर्व सीएम भूपेश बघेल को जमकर टक्कर दी, लेकिन विजय बघेल की सांसद के रुप में कोई बड़ी उपलब्धि जनता को नहीं दिख रही है। भाजपा ने उन्हें हर मोर्चे पर धकेला, पर उन्हें सत्ता या संगठन में कोई बड़ा पद, या जिम्मेदारी नहीं दी गई। अब दुर्ग की जनता के सामने विश्वास का संकट दिख रहा है। आम जनता के मन में सवाल उठ रहा कि विजय फिर चुनाव जीतते हैं, तो क्या भाजपा बृजमोहन अग्रवाल, सरोज पांडे जैसे नेताओं को किनारे कर विजय बघेल को जिम्मेदारी देगी? भाजपा के अभी तक के रवैया से दुर्ग की जनता में निराशा है। उन्हें यह लग रहा कि विजय बघेल आगे भी सिर्फ सांसद बनकर रह जाएंगे। वहीं दूसरी ओर जातिगत अस्त्र से भी विजय लहू-लुहान होते दिख रहे हैं। कुल मिलाकर इस चुनावी रण में विजय निहत्थे और दुर्ग चक्रव्यूह में फंसता दिख रहा है।

## इधर कुआं, उधर खाई



सरगुजा से टीएस सिंहदेव का बड़ा लगाव है। कहते हैं कि हाथी मर भी जाए तब भी सवा लाख का होता है। सिंहदेव भले ही चुनाव हार गए, लेकिन उनकी शक्तियों का परीक्षण करना ठीक नहीं है। और जब मामला ईगो का हो तो और खतरनाक होता है। उदाहरण आपके समाने है, कभी कांग्रेस की कब्जे में रही सरगुजा की 14 सीटों पर वर्तमान में भाजपा का कब्जा है। सिंहदेव का ईगो हर्ट करने वाले बृहस्पति सिंह के हाल सब देख रहे हैं। सभी नेताओं की धड़ाधड़ कांग्रेस में वापसी हो रही है, लेकिन बृहस्पति मंगलग्रह चले गए हैं। अपने मित्र बृहस्पति का हश्र देख, गिरते-परते चिंतामणि महराज ने भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा ने चिंतामणि महराज को टिकट देकर फिर सिंहदेव की चिंता बढ़ा दी है। अब मामला एक बार फिर ईगो का है, इसलिए सिंहदेव फिर ताकत दिखाना शुरु कर दिए हैं। कभी बृहस्पति सिंह की टोली में रहे चिंतामणि महाराज की सरगुजा महाराज से आज भी छत्तिस का आकड़ा है। जिसके चलते महाराज चुनावी मैदान में सेना समेत उतर गए है। वहीं इस बीच चिंतामणि के खिलाफ एक आरोप पत्र जारी किया गया है, जो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। कहते हैं इस आरोप पत्र के पीछे भाजपा के स्थानीय नेताओं का हाथ है, बहरहाल यह सब जांच का विषय है। लेकिन चिंतामणि महराज को इधर स्थानीय भाजपा नेताओं का छुपा विरोध और उधर सिंहदेव के खुले विरोध का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में चिंतामणि महराज के लिए इधर कुआं, उधर खाई वाली स्थिति निर्मित होते दिख रहा है।

## संतोष पर निगाहें



छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव रोचक हो चुका है। राजनांदगांव राज्य की सबसे हाई प्रोफाइल सीट मानी जा रही है। यह सीट इसलिए हाई प्रोफाइल हो चुकी है क्योंकि यहां से कांग्रेस ने पूर्व सीएम और कद्दावर नेता भूपेश बघेल को मैदान में उतारा है। दरअसल में रमन युग की शुरुआत भी कुछ इसी तरह हुई थी। 1999 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के दिग्गज नेता मोतीलाल वोरा को राजनांदगांव से सरल और सहज छवि के नेता डॉ. रमन सिंह ने चुनाव हराया था। वोरा को चुनाव हराने के कारण रमन पार्टी ही नहीं बल्कि देश की राजनीति में एक बड़ा चेहरा बनकर उभरे थे। वोरा को चुनावी मैदान में पटकनी देने के बाद रमन सिंह को अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में मंत्री बनाया गया था। अब ठीक वैसी ही चुनौती राजनांदगांव के संतोष पांडे के सामने है। जहां भूपेश और पांडे के बीच कड़ी टक्कर बताई जा रही है। संतोष पांडे भी सहज और सरल नेता माने जाते हैं। ऐसे में संतोष यदि कांग्रेस के कद्दावर नेता पूर्व सीएम भूपेश बघेल को चुनावी मैदान में पटकनी देने में सफल होते हैं, तो उन्हें केन्द्र में बड़ी जिम्मेदारी मिलने की सम्भावना है।

## दो-दो भोजराज



रोमांचक मुकाबले वाली सीटों में इन दिनों जमकर पैंतरे चले जा रहे हैं। भाजपा ने कांकेर लोकसभा चुनाव में पूर्व विधायक भोजराज नाग को मैदान में उतारा है।

एक ओर भोजराज नाग आरोपों में घिरते दिख रहे हैं। वहीं इस चुनाव में दिवंगत नेता अजीत जोगी का दांव भी खेला जा रहा है। दरअसल में यहां से एक और भोजराज नाम के प्रत्याशी को मैदान में उतारा गया है। हालांकि इससे भाजपा के भोजराज का कितना नुकसान होगा, यह फिलहाल कहा नहीं जा सकता। लेकिन दूसरे भोजराज ने बीजेपी की चिंता जरुर बढ़ा दी है। कांकेर लोकसभा क्षेत्र में मुकाबला पिछले बार भी काफी रोमांचक और नजदीकी रहा। देश में घोर मोदी लहर के बाद भी यहां से भाजपा के मोहन मंडावी महज 6914 वोटों से ही जीत हासिल करने में सफल हुए थे। अब एक बार कांग्रेस ने फिर बीरेश ठाकुर पर भरोसा जताया है। यहां के वोटरों के सामने दो-दो भोजराज हैं। निश्चित ही कम साक्षरता वाले इलाकों में इसका नुकसान भाजपा को हो सकता है। दरअसल में इसे हमने जोगी का पैंतरा इसलिए कहा क्योंकि 2014 में अजीत जोगी ने भाजपा के चंदूलाल साहू के सामने तकरीबन आधा दर्जन चंदूलाल साहू नाम के निर्दलीय प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारा था।

## 400 करोड़ का नुकसान, जबाबदेही किसकी?



छत्तीसगढ़ के इतिहास में आगजनी की इतनी बड़ी घटना घटित हो गई, मीडिया रिपोर्ट की माने तो तकरीबन 400 करोड़ रुपये की आर्थिक क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है। सीएसपीडीसीएल का पूरा डिपो ही जलकर खाक हो गया। यहां इंश्योरेंस तक नहीं था। राजधानी में अफरा-तफरी मची रही। आग इतनी भयावह थी कि तीन दिन तक, इसे बुझाने में पूरा तंत्र लगा रहा। 400 करोड़ रुपये किसी एक विभाग का वार्षिक बजट होता है। लेकिन यहां कोई इस विषय पर बात करने को तैयार नहीं है। आगजनी से जनता के करोड़ों रुपये बर्बाद हो गए, कई विद्युत यंत्र तबाह हो गए, लेकिन अब तक इसकी जांच रिपोर्ट नहीं आई। आखिर जबाबदेही किसकी है।

editor.pioneerraipur@gmail.com

# कोरबा लोकसभा क्षेत्र के विकास सांय-सांय होही : विष्णुदेव

## डबल इंजन की सरकार बनेगी तो चलेगी रेल, चांगभखार बनेगा जिला : रेणुका

पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

आदिवासियों की चिंता करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश को पहला आदिवासी राष्ट्रपति दिया है। आदिवासी बेटी द्रौपदी मुर्मू। छत्तीसगढ़ को भी आदिवासी मुख्यमंत्री दिया है। ऐसे प्रधानमंत्री को चुनने का समय फिर से आ गया है। कोरबा लोकसभा क्षेत्र के सांय सांय विकास कराने के लिए आने वाली 7 तारीख को आप सबको कमल फूल छाप पर बटन दबाना है और सरोज पांडेय को जीतना है। यह बातें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश की पहली विधानसभा भरतपुर सोनहत के जनकपुर में आयोजित चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि, प्रदेश में सांय सांय गति से विकास हो रहा है। इस विकास की गति को ऐसे ही सांय सांय गति से बरकरार रखने के लिए देश और प्रदेश में कमल का फूल फिर से खिलाने की जरूरत है। क्षेत्र की विधायक व पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह ने चुनरी ओढ़ाकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सरोज पांडेय व मंचस्थ नेताओ का स्वागत किया। इस दौरान महा माला से युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री क्षेत्रीय विधायक रेणुका सिंह व कोरबा लोकसभा कहवतर से भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय का स्वागत किया। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायक रेणुका सिंह ने स्वागत उद्बोधन देते हुए चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि चांग देवी की पावन धरा पर मैं सबका स्वागत करती हूं कोरबा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी हमारी बहन सरोज पांडेय जो किसी परिचय की मोहताज नही है। सरोज का मतलब ही कमल है। जब सरोज स्वयं में कमल है तो उसे सांसद बनने से कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने कहा कि सरोज पांडेय को सांसद का प्रमाण पत्र यहां की जनता दिलाकर दिल्ली भेजेगी। रेणुका सिंह ने कहा कि मैं भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र की जनता को नमन करती हूं कि विधानसभा चुनाव के समय न ही मेरा चेहरा अच्छे से देखा और न ही मेरी आवाज सुनी फिर भी मेरे नाम पर विश्वास जताते हुए मुझे मौका दिया इसके लिये मैं इस क्षेत्र की जनता की सदैव आभारी रहूंगी। रेणुका सिंह ने कहा कि विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ विकसित विधानसभा में भरतपुर सोनहत को लाना है। विधायक रेणुका सिंह ने भरतपुर सोनहत विधानसभा से पूरे कोरबा लोकसभा में सबसे ज्यादा मतों से लीड दिलवाने का आव्हान किया। मंच पर मौजूद कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय ने वर्तमान कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत के कार्यकाल की खामियां गिनाते हुए अपने पक्ष में जनता से जनसमर्थन की अपील की।



### फिर दोहराया जिला व ट्रैन का वायदा

विधायक रेणुका सिंह ने विधानसभा चुनाव के दौरान किया हुआ वायदा फिर दोहराया। उन्होंने मंच से कहा कि मैंने विधानसभा चुनाव के दौरान भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र की जनता से जो वायदा किया है उसे मैं निभाने के लिए प्रतिबद्ध हु। रेणुका सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र में रेल चलाने और चांगभखार को जिला बनाने के लिये देश और प्रदेश में डबल इंजन सरकार बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि, आने वाली 7 तारीख को कमल छाप पर बटन दबाकर सरोज पांडेय को सांसद बनाना है ताकि यहाँ डबल इंजन की सरकार बने और क्षेत्र में ट्रेन चले और चांगभखार जिला बने।

### विष्णु ने बजाया मांदर तो थिरकी रेणुका

भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री बिष्णुदेव साय को जब मंच पर मांदर भेंट किया तो मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय खुद को मांदर बजाने से नहीं रोक सके। जब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मांदर बजा रहे थे तो इस दौरान विधायक रेणुका सिंह भी मांदर की थाप पर थिरकती नजर आई।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक भैयालाल राजवाड़े, विधायक उद्देशवरी पैकरा, पूर्व विधायक चंपादेवी पावले, सांवला राम डहरे, जनपद अध्यक्ष राजकुमारी बैगा, उपाध्यक्ष दुर्गाशंकर मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य रविशंकर सिंह, दृगपाल सिंह, चंद्रप्रताप सिंह बालन्द, कमलेश गुप्ता, बेडोमल बालानी, रूपा जायसवाल, मन्ती सिंह, हीरालाल मौर्य, नरेश यादव, मनी पांडेय, नीलेश मिश्रा, निशान्त गुप्ता, रामलखन सिंह मौजूद रहे।

## विवादित बयान पर कवासी लखमा के खिलाफ एफआईआर दर्ज

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com

पूर्व मंत्री और बस्तर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा के खिलाफ बीजापुर के 2 अलग-अलग थानों में एफआईआर दर्ज हुई है। बताया जा रहा है कि चुनाव प्रचार के दौरान 'पुलिस के जवानों को तीर धनुष से मार भगाने' और प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक भाषण देने पर भारत निर्वाचन आयोग ने संज्ञान लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक मिरतुर और कुटरू थाने में आईपीसी की धारा 500, 188, 506 के साथ ही लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 123 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध हुआ है। भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। भैरमगढ़ तहसीलदार के आवेदन पर एफआईआर दर्ज की गई है। दरअसल, बीते दिनों बस्तर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वे ग्रामीणों को क्षेत्रीय बोली गोंडी में कहते दिख रहे थे कि, कवासी लखमा जीतोड़, नरेंद्र मोदी ढोलतोर।

## कोयला खदान धंसने से 2 बच्चों की मौत

पायनियर संवाददाता < अंबिकापुर
www.dailypioneer.com



जिले में कोयले की चोरी के दौरान खदान धसने से दो बच्चों की मौत हो गई। घटना उदयपुर के ग्राम सानिबर्रा सुखरी भंडार जंगल स्थित कोयला खदान की है। जानकारी के मुताबिक शनिवार को दो बच्चे कोयला निकालने के लिए सुखरी भंडार से लगे जंगल के बांदा डोडा में अवैध कोयला खदान गए थे। सुबह जब दोनों बच्चे कोयला निकाल रहे थे इस दौरान अचानक खदान धंस गई और दोनों बच्चे दब गए। इधर जैसे ही इस घटना की जानकारी गांव में हुई तो भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उदयपुर पुलिस भी पहुंची और मलबा हटाकर दोनों दबे बालकों को निकाला गया। इस दौरान उनकी मौत हो चुकी थी। मृतक बालकों का नाम बुधलाल 15 वर्ष और तिरंगा 16 वर्ष था। फिलहाल, पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना की जांच में जुट गई है।

## फर्स्ट-एसी में सफर कर रहे गांजा तस्करों को आरपीएफ ने किया गिरफ्तार



**रायपुर।** रेलवे स्टेशन में लोकसभा चुनाव को लेकर जांच का दायरा महीनेभर से आरपीएफ और जीआरपी ने बढ़ा दिया है। इस वजह से गांजा तस्करों की गिरफ्तारी स्टेशन में इन दिनों बढ़ गई है। आचार संहिता लगने के बाद रायपुर और बिलासपुर से 1 करोड़ से अधिक का गांजा जब्त किया जा चुका है। पहली बार चुनाव के दौरान आरपीएफ ने इतनी मात्रा में गांजा पकड़ा है। आरपीएफ का कहना है कि गांजा तस्करों ने अब ट्रेन में सफर करने का ट्रेंड बदल दिया है। इस वजह से उन्हें पकड़ना भी थोड़ा मुश्किल हुआ है। पहले गांजा तस्कर स्लीपर में सफर करते थे। चेहरे और पहनावा देखकर ही संदेह हो जाता था, लेकिन अब तस्कर एसी में सफर करने लगे हैं। अच्छे कपड़े और महंगे महंगे फोन का भी इस्तेमाल करते हैं, ताकि किसी को शक न हो। महीनेभर में दर्जन से अधिक कार्रवाई हुई है, जिसमें ज्यादातर मामलों में देखा गया है कि तस्कर जिस जगह पर बैठते हैं, अपना सामान वहां नहीं रखते। दूसरी जगह पर बैठते हैं। आरपीएफ तस्करों को पकड़ने में माहिर हो चुके जवानों को ट्रेनों में जांच के लिए भेज रही है, ताकि तस्करों को आसानी से पकड़ा जा सके। आरपीएफ महीनेभर के बीच ट्रेनों से अभी तक 500 किलो से अधिक का गांजा जब्त कर चुकी है, जिसकी कीमत 1 करोड़ से अधिक है। सप्ताह में 2 से अधिक तस्करों को पकड़ने में आरपीएफ को सफलता मिल रही है।

## नक्सली के बिछाये आईईडी ब्लास्ट में मजदूर की मौत



**बीजापुर।** जिले के धुर नक्सल प्रभावित मिरतुर इलाके में जवानों को नुकसान पहुंचाने के मकसद से नक्सलियों ने आईईडी प्लांट किया था। आईईडी की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि बीजापुर जिले के मिरतुर थाना क्षेत्र के डुमरीपालनार से हिरोली के मध्य सड़क पर सुरक्षा बल के जवानों को नुकसान पहुंचाने के मकसद से नक्सलियों ने प्रेशर आईईडी प्लांट की थी। इसकी चपेट में आने एक मजदूर मुन्ना भारती (40) पुत्र श्याम भारती की मौत हो गई। मजदूर मुन्ना भारती गांव छोटे देवड़ा थाना बकावंड जगदलपुर जिला बस्तर का रहने वाला था। वह डुमरीपालनार से गंगालूर की ओर जा रहा था। इसी बीच यह घटना हो गई। मिरतुर थाना में मामले में प्राथमिक दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री गणेश प्रसाद जायसवाल ने पार्टी से दिया इस्तीफा



**रायपुर।** कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री ने गणेश प्रसाद जायसवाल ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया हैं। दीपक बैज को भेजे इस्तीफा पत्र ने उन्होंने लिखा, अत्यंत खेद के साथ कहना पड रहा है कि श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दौरान पार्टी के द्वारा लिये गये स्टैण्ड व पार्टी के बड़े नेताओ के द्वारा हिन्दू धर्म पर दिये गये बयानो, टिप्पणियों से खुद को आहत महसूस कर रहा हूं। चुंकि मैं पाटी के लिये अपने धर्म के प्रति आस्था नही छोड़ सकता इसलिए पाटी छोड़ रहा हूं। पार्टी में मिले मान सम्मान के लिये सभी पार्टी जनो का धन्यवाद देते हुए कॉग्रेस पाटी की सदस्यता एवं पद से इसतीफा दे रहा हूँ।




# बृजमोहन अग्रवाल का लगातार जनसंपर्क जनता का मिल रहा आशीर्वाद



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री दक्षिण विधायक और रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल लोकसभा के मद्देनजर लगातार जनता के बीच पहुंच रहे हैं वे जनता से सीधा संवाद स्थापित कर रहे हैं एवं जन समस्याओं और सुझावों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिसके लिए उन्होंने एक टोल फ्री नंबर भी जारी किया है जहां जन सुझावों को गंभीरता से सुना एवं उस पर क्रियान्वयन किया जा रहा है। लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने अपने जनसंपर्क की स्मृतियां साझा करते हुए कहा की रायपुर लोकसभा की जनता से मिल रहे अपरिमित स्नेह और सहयोग से अभिभूत हूं रायपुर लोकसभा की जनता यह अहसास ही नही होने देती की हम चुनावी मैदान में उतर कर मतदान हेतु जन संपर्क कर रहे हैं जहां जाता हूं लोकसभा क्षेत्र की जनता मुझे अपने परिवार के वरिष्ठ सदस्य की तरह स्नेह प्रदान कर रही है जगह जगह महिलाएं आरती उतार रही हैं, बुजुर्ग तिलक और पुष्प माला के साथ बृजमोहन से अपने पन के साथ भेंट करते हैं, युवा और बच्चे मेरे साथ सेल्फी लेने उत्साह के साथ आते हैं और उन सभी का बेहतरीन प्रतिसाद भाव विभोर कर देता है रायपुर लोकसभा की जनता का स्नेह देखकर मैं दावे के साथ कह सकता हूं की भारतीय जनता पार्टी और बृजमोहन अग्रवाल रायपुर लोकसभा से ऐतिहासिक जीत की बढ़ रही है और निश्चित ही रायपुर लोकसभा से एक नया कीर्तिमान स्थापित होगा मैं भी रायपुर लोकसभा की जनता से वादा करता हूं की परिवार के सदस्य की तरह एक पालक की तरह लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए क्षेत्र वासियों की समस्या के निदान के लिए पूर्व की तरह सदैव चौबीसों घंटे उपलब्ध रहूंगा।

## सड़क हादसे में बाईक सवार की मौत, पिक-अप मोटरसाइकिल में जबरदस्त टक्कर

**सरायपाली।** थाना अंतर्गत ग्राम चट्टीगिरोला के पास सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई। थाने से मिली जानकारी अनुसार गंगाधर बाघ पिता श्यामसुंदर उम्र 42 वर्ष ग्राम चट्टीगिरोला ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 12 अप्रैल को लगभग 11 बजे उसका भाई अश्वनी बाघ मोटर सायकल क्रमांक सी.जी 06 ए 0370 को लेकर केपी स्कूल चट्टीगिरोला की ओर गया था। एन एच 53 मार्ग पर चट्टीगिरोला चौक में एक पिकअप वाहन क्र. सी.जी 06 जी जेड 5562 के साथ उसके मोटर सायकल की टक्कर हो गई। इससे अश्वनी घायल हो गया, जिसे हाईवे पेट्रोलिंग वाहन से उपचार हेतु शासकीय अस्पताल सरायपाली ले जाया गया, जहाँ मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी पिकअप वाहन चालक भूपेश ध्रुव पिता सहदेव ध्रुव उम्र 22 वर्ष निवासी कसहीबाहरा के खिलाफ धारा 279, 304 ए के तहत अपराध कायम किया है।

# लैंडमाइन बिछाकर हासिल नहीं हो सकता बस्तर के विकास का लक्ष्य : विजय शर्मा

### आईईडी नहीं पहचानता कि इस पर पैर रखने वाला कौन है इसका शिकार बड़ी संख्या में आदिवासी और मवेशी हो रहे हैं

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि लैंडमाइन बिछाकर बस्तर के विकास का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता। सचमुच ही माओवादी अगर बस्तर के विकास और खुशहाली के पक्षधर हैं तो उन्हें बारूद और बंदूक का रास्ता छोड़कर लोकतांत्रिक व्यवस्था पर यकीन करना होगा। बस्तर नक्सलियों के बिछाए गए लैंडमाइन से लहू-लुहान है। विनाश छोड़कर उन्हें विकास का रास्ता अपनाना ही होगा। उपमुख्यमंत्री बीजापुर मे आईडी ब्लास्ट से एक मजदूर की मौत व एक अन्य के घायल होने की घटना पर चिंता व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने घायल का समुचित इलाज कराए जाने का आश्वासन दिया।



12 अप्रैल को जिला बीजापुर के थाना गंगालूर क्षेत्रांतर्गत ग्राम डुमरी पालनार (थाना से लगभग 17 किमी. पूर्व दिशा) में लगभग 12 बजे पुलिया निर्माण कार्य में लगे मजदूर मुन्ना भारती (उम्र 52 वर्ष) ग्राम छोटेदेवड़ा, थाना बकावंड, जिला बस्तर के आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से गंभीर रूप घायल हो गया था। जिसे उपचार हेतु नेलसनार हास्पिटल लाया जा रहा था, रास्ते में ही मृत्यु हो गई। जिसका पोस्टमार्डम नेलसनार में कराया जा रहा है। उक्त घटना में 1 और मजदूर दिनेश कश्यप पिता अमल साय कश्यप उम्र 31 वर्ष निवासी छोटेदेवड़ा विकासखंड बस्तर जिला बस्तर के बायीं कॉन में सुनाई नहीं दे रहा हैं। मजदूर का ईलाज मिरतूर अस्पताल में चल रहा है। मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि मैं फिर दोहरा रहा हूं कि आईईडी नहीं पहचानता कि इस पर पैर रखने वाला कौन है, इसका शिकार बड़ी संख्या में बस्तर के आदिवासी भाई और मवेशी हो रहे हैं। लगातार आईईडी ब्लास्ट की घटनाएं हो रही हैं, जो सरकार के साथ हर उस व्यक्ति के लिए चिंता का विषय है जो लोकतान्त्रिक मूल्यों की परवाह करता है।

# बाबा साहेब सेवा संस्था ने मनाया महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती



पायनियर संवाददाता ◀ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव गोंडवाना भवन में महात्मा ज्योतिबा फुले की छायाचित्र दीप प्रज्वलित माल्यार्पण कर जन्म जयंती मनाया व उनके अनेक कार्यो को किया याद। इस कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक प्रमोद भारती अध्यक्ष मुकेश मारकंडेय, रमेश पोयाम, हितेंद्र श्रीवास, पांचूराम शोरी, शिव नेताम, दशरू नेताम, वह समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे। महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले एक भारतीय समाज सुधारक, समाज प्रबोधक, विचारक, समाजसेवी, लेखक, दार्शनिक तथा क्रान्तिकारी कार्यकर्ता थे। इन्हें महात्मा फुले एवं श्ज्योतिबा फुले के नाम से भी जाना जाता है। इन्होने महाराष्ट्र में सत्य शोधक समाज नामक संस्था का गठन किया।

महिलाओं व पिछड़े और अछूतो के उत्थान के लिय इन्होंने अनेक कार्य किए। समाज के सभी वर्गो को शिक्षा प्रदान करने के ये प्रबल समर्थक थे। वे भारतीय समाज में प्रचलित जाति पर आधारित विभाजन और भेदभाव के विरुद्ध थे।

# कब-बुलबुल टीम मुरारीपारा बड़ेबेंदरी एवं बाजारपारा कोंडागांव ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली





### मजदूरों को मतदान करने जागरुक करते हुए बनाया मानव श्रृंखला

### सशक्त राष्ट्र के निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति का वोट बहुमूल्य

पायनियर संवाददाता ◀ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कोंडागांव से संबंध शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़ेबेंदरी एवम् शासकीय प्राथमिक शाला बाजार पारा कोंडागांव में जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत, जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक के निर्देशानुसार, जिला परियोजना अधिकारी वेणुगोपाल राव, जिला संगठन आयुक्त भीषभदेव साहूके कुशल मार्गदर्शन में, कबदृ मास्टर पवन कुमार साहू के नेतृत्व में शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़ेबेंदरी के मुरारीपारा, चांदनी चौक, मंडी चौक, हाई स्कूल, पंचायत भवन, क्षेत्र में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान कब मास्टर पवन कुमार साहू ने राहगीरों, ऑटो सवारी, चांदनी चौंक, मुरारीपारा, पंचायत भवन, ईटा भट्टी में काम करने वाले मजदूर और कृषि उपज मंडी में काम करने वाले मजदूर को 19 अप्रैल 2024 को सुबह 7 बजे से 3 बजे के मध्य अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु प्रेरित किया।

मंडी परिसर में मजदूरों का मानव श्रृंखला बनाया गया। फ्लॉक लीडर दीपमाला वैष्णव के नेतृत्व में शासकीय प्राथमिक शाला बाजार पारा कोंडागांव के शाला क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर 19 अप्रैल 2024 को अपने निर्धारित मतदान केंद्र में जाकर सशक्त राष्ट्र के निर्माण में अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान कब मास्टर पवन कुमार साहू ने मतदाताओं को जानकारी देते हुए कहा कि, एक बेहतर राष्ट्र के निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति का वोट बहुत ही महत्वपूर्ण होता है अतः सभी मतदाता अपनी कीमती वोट को सर्वोपरि मानते हुए बिना लालच में आये जो राष्ट्र के निर्माण में सहभागी बने ऐसे योग्य उम्मीदवार को जरूर वोट देकर अपनी बहुमूल्य मत का प्रयोग करें। रैली के दौरान चांदनी चौक में ज्योति नेताम ने मतदाता जागरूकता रैली को अच्छा पहल बताते हुए उत्साहित होकर कब दबुलबुल टीम के छात्र-छात्राओं को चॉकलेट वितरण किया गया। मतदाता जन जागरूकता अभियान रैली को सफ्ल बनाने में मुरारीपारा बड़ेबेंदरी एवं बाजारपारा कोंडागांव कबदृ बुलबुल टीम के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ कबदृ मास्टर पवन कुमार साहू, फ्लॉक लीडर दीपमाला वैष्णव, सुधा अवस्थी, नेमी सिंहा, मंजुलता उइके, संतोषी पटेल, उत्तरा साहू,दौलत राम यादव, मानबाई भंडारी, सुप्रिया कांगे का विशेषरूप से सहयोग मिला।

## चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने मतदाताओं को किया जा रहा हैं जागरूक



**किरन्दुल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दंतेवाड़ा कलेक्टर मयंक चतुवेदी के आदेशानुसार दंतेवाड़ा जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों एवम नगरीय निकाय में प्रशासनिक अमला द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदाताओं को चुनाव का महत्व बताने के साथ ही मतदान करने हेतु जागरूक किया जा रहा हैं।जिसके तहत आज भाग संख्या 248 किरन्दुल वार्ड क्रमांक 05 में मतदाताओं को निर्भीक होकर चुनाव में मतदान करने हेतु प्रेरित करने के साथ संकल्प दिलाया गया।साथ ही मतदाताओं की सूची चस्पा एवम मतदाताओं का पर्ची वितरण की गई।मौके पर बीएलओ सुरेंद्र साहू,मोपी मंडल, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता वंदना पटेल, शहनाज़, एडमल स्वामी,दिनेश सोनी उपस्थित थे।

## किरन्दुल नगरपालिका सीएमओं ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**किरन्दुल।** किरंदुल नगरपालिका परिषद मुख्य नगरपालिका अधिकारी पी आर कोर्राम ने नगरपालिका क्षेत्रान्तर्गत स्थित सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया तथा सभी सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली।तत्पश्चात प्री मैट्रिक छात्रावास पहुंच बच्चों के साथ भोजन किया।इस दौरान नगरपालिका कर्मचारी एवं स्कूल के प्रधानाध्यापक रूही प्रवीन एवं संस्था के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

# अवैध अंग्रेजी शराब रख कर बिक्री करते आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### अंग्रेजी शराब 4 लीटर, 680 एमएल व शराब बिक्री का 600 रूपये नगदी रकम बरामद

पायनियर संवाददाता ◀ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक कोंडागांव येदुवल्ली अक्षय कुमार के निर्देषन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेष कुमार डाण्डे के मार्गदर्षन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अनिल विष्वकर्मा के पर्यवेक्षण में थाना फरसगांव पुलिस द्वारा अगामी लोकसभा चुनाव वर्ष 2024 के मददेनजर लघु एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही में अंकुश लगाते 12 अप्रैल जुर्म जरायम पता साजी के दौरान जरिये मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि, ग्राम पतोड़ा षहीद स्मारक चौक पास रोड किनारे एक व्यक्ति अवैध रूप से अंग्रेजी षराब रख कर बिक्री कर रहा है। जिसकी सूचना मिलने पर तस्दीक वैधानिक कार्यवाही हेतु गवाहों का तलब कर मुखबीर पंचनामा तैयार कर हमराह स्टाफ एवं गवाह को साथ लेकर मुखबीर के बताये स्थान ग्राम पतोड़ा शहीद स्मारक चौक के पास रोड़ किनारे हमराह स्टाफ एवं गवाह के जाकर घेरा बंदी कर रेड कार्यवाही किये। जो एक व्यक्ति झोला लिये मिला जिसका नाम एवं पता पूछने पर अपना नाम संजीव यादव पिता बृजलाल यादव उम्र 19 वर्ष जाति राउत निवासी आमगांव उपरपारा थाना उरंदाबेड़ा जिला कोंडागांव छ.ग. रहने वाला बताया। जिसे सूचना से अवगत करा कर हमराह स्टाफ व गवाह की तलाषी बाद आरोपी की तलाषी की मौखिक सहमति प्राप्त कर वैधानिक कार्यवाही किये। जो आरोपी के पास प्लास्टिक थैला की तलाशी लेने पर अंग्रेजी शराब 26 नग प्रिमियम विस्की का पौवा सीलबंद भरी हुयी प्रत्येक में 180 एम.एल प्रत्येक पौवा का कीमत 220 रूपये कुल जुमला षराब 4 लीटर 680 एम.एल. जुमला कीमती 5720 रूपये एंव आरोपी संजीव यादव के पास से षराब बिक्री का नगदी रकम् 600 रूपये मिला। पंचनामा तैयार कर बरामद कर अंग्रेजी षराब रख कर बिक्री हेतु अपने पास रखने के संबंध में धारा 91 जा.फौ. का नोटिस देकर उक्त संबंध में वैध दस्तावेज पेश करने कहा गया। जो उक्त नोटिस में ही मेरे पास षराब बिक्री करने का कोई वैध दस्तावेज नही होना लिख कर दिया कि, उक्त षराब को समक्ष गवाहों के बरामद कर मुताबिक जप्तीपत्रक के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी संजीव यादव का कृत्य अपराध धारा 34(1)(ख) आबकारी एक्ट का पाये जाने से मौके पर विधिवत गिरफ्तार कर जमानत मुचलके पर रिहा किया गया।

# चैत्र नवरात्र के पंचमी तिथि को की गई स्कंदमाता की पूजा



पायनियर संवाददाता ◀ किरन्दुल
www.dailypioneer.com

लौहनगरी किरन्दुल स्थित श्री राघव मन्दिर बैलाडीला देवस्थान में चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर नौ दिनों तक माता जगतजननी दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की विशेष पूजा अर्चना की जा रहीं हैं।बता दें चैत्र शुक्ल पंचमी तिथि अर्थात वासन्तीय नवरात्रि की पंचमी तिथि शनिवार को श्री राघव मंदिर में स्कंदमाता की अराधना की गई।मान्यताओं के अनुसार भगवान शिव और माता पार्वती के पुत्र कार्तिकेय को स्कंद के नाम से भी जाना जाता है।

भगवान स्कंद को माता पार्वती ने प्रशिक्षित किया था,इसलिए मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप को स्कंदमाता कहते हैं।

## भाजपाइयों संग आदिवासी नेत्री दीपिका पहुंची संवेदनशील क्षेत्र जैमेर-हमीरगढ़



**सुकमा।** जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपाई गाँव गाँव पहुंच रहे हैं इसी कड़ी में शनिवार को भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष अधिवक्ता दीपिका शोरी अन्य भाजपाइयों के साथ छिंदगढ़ ब्लॉक के संवेदनशील ग्राम जैमेर,कुरेली,हमीरगढ़ पहुंची जहाँ घर घर जाकर ग्रामीणों से सम्पर्क कर चौपाल लगाया उपस्थित ग्रामीणों को उपस्थित भाजपा नेताओं ने सम्बोधित किया,,भाजपा की आदिवासी नेत्री अधिवक्ता दीपिका शोरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरे देश में सिमट गई है उन्हें अपने नेताओं में ही विस्वास नहीं है तभी मौजूदा सांसद का टिकट काटकर शराब घोटाले के मास्टरमाइंड दो हजार रु का घोटाला करने वाले कवासी लखमा को टिकट दिया है भारत की आधी आबादी महिलाओं की है और उन्हें देश कूल बजट से ज्यादा राशि देने की बात करने वाले पहले अपने पुराने कितने वादे पूर्ण किए हैं इसका जवाब जनता को दें उसके बाद अन्य बात करें।

### हार के डर से उनका मानसिक संतुलन बिगड़ गया है इस लिए उलजुलूल बातें करते हैं कवासी लखमा

दीपिका ने यह भी कहा कि हार की डर से कवासी लखमा का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है जिसके कारण वो उलजुलूल बातें करते हैं कभी युवाओं को तीर धनुष लेकर पुलिस को मारने की बात करते हैं छत्तीसगढ़ में बस्तर में अधिकांश आदिवासी युवा पुलिस में तो क्या ऐसी सीख देकर आदिवासियों से आदिवासीयों को लड़ाकर कैसा आपसी संघर्ष पैदा करना चाहते हैं, भाजपा के इस जनसम्पर्क एवं चौपाल में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुखदेव नाग, भाजपा मंडल महामंत्री कुर्ती यादव,भाजपा मंडल उपाध्यक्ष भानु भदौरिया, समयलाल ठाकुर,भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष सोमारु नाग,भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरी यादव,भाजपा आदिवासी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुखदेव नाग, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सृजन सिंह, सुनेर, सुकुल, खेमराज ठाकुर, रोहित उमरवैश एवं अन्य भाजपाई उपस्थिति रहे।

# प्रदेश अध्यक्ष ने राहुल गांधी से पूछे सवाल, क्या अपने दौरे के पूर्व पीएम मोदी को गाली देने के लिए कांग्रेस नेताओं को दिया है टास्क

### राजनीतिक शुचिता को तार-तार करने वाले कांग्रेसी अपनी हार से बौखला कर मोदी पर अशोभनीय टिप्पणी कर रहे हैं: भाजपा

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने राहुल गांधी से तीखे सवाल करते हुए कहा कि क्या अपने दौरे से पूर्व राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गाली देने और मारने जैसे बयान देने के लिए कांग्रेस के नेताओं को अप्रत्यक्ष तरीके से टॉस्क दिए थे। जिस तरीके से राहुल गांधी के बस्तर दौरे से पूर्व कांग्रेस के नेताओं ने मोदी पर लगातार अशोभनीय टिप्पणी कर रहे थे उससे प्रथम दृष्टया यही प्रतीत होता है कि कांग्रेस के नेताओं को पीएम मोदी को गाली देने के लिए कहा गया था। कांग्रेस के इंडी दल के नेता भी राहुल की भाषा में पीएम मोदी को बार-बार अपमानित कर रहे हैं, जो एक सभ्य राजनीतिक शुचिता और लोकतांत्रिक व्यवस्था की श्रेणी में नहीं आता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि बस्तर से कांग्रेस के प्रत्याशी कवासी लखमा ने राहुल के दौरे के पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर कहा था कि कवासी



लखमा जीतोड़, नरेंद्र मोदी ढोलतोर। यानी कवासी लखमा जीतेगा और नरेंद्र मोदी मरेगा, खेल खत्म, राम-राम। राहुल गांधी बताएं क्या इस बयान पर आपकी रजामंदी थी। क्या कांग्रेसी अपनी हार से इतना मानसिक संतुलन खो चुके हैं कि लखमा पुलिस वालों को भी धनुष तीर मारने के लिए कहते हैं। क्या यही है आपके कांग्रेस की मुहब्बत की दुकान है, जहां से सिर्फनफरत बांटा जाता है। कांग्रेस अब वामपंथी विचारधारा को अपना चुकी है। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने राजनांदगांव में एक सभा के दौरान प्रधानमंत्री के सिर फोड़ने का बयान दिया है। इस बयान को लेकर उपजे जनाक्रोश के चलते भूपेश बघेल ने महंत के बयान के अर्थ के मायने बताकर उसे सही ठहराने लगे। जबकि महंत के इस बयान को कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने गंभीरता से लेने के बजाए पीएम मोदी को गाली देने की मौन स्वीकृति दे दी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि पीएम मोदी के सिर फोड़ने वाले बयान के बाद हाल ही में चरणदास महंत ने फिर मोदी की गारंटी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को डिफाल्टर तक कह दिया। ऐसे में अब छत्तीसगढ़ की जनता यह समझ रही है कि प्रधानमंत्री को बार-बार अपमानित करने के लिए राहुल गांधी ने ही कहा है। इसलिए कांग्रेस के नेता अशोभनीय बातें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के बारे में कह रहे हैं। राहुल गांधी को शायद यह नहीं दिखाता है कि कांग्रेस की भूपेश सरकार के प्रति नाराजगी कैसे इनके खुद के नेताओं में हैं। कांग्रेस के नेता ही अपने ही संगठन और भूपेश बघेल पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। लेकिन राहुल गांधी आंख मूंदकर सिर्फ प्रधानमंत्री पीएम मोदी को गाली देने और दिलावने के काम में व्यस्त हैं। राहुल गांधी अपने भारत जोड़ों और न्याय यात्रा में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के बारे में अशोभनीय टिप्पणी ही करते रहे हैं। उन्होंने अपनी भारत जोड़ो और न्याय यात्रा के जरिए देश में नफ्ररत का जहर घोलने का काम किया। राहुल गांधी ने तो मोदी के ओबीसी नहीं होने के अलावा तमाम अभद्र टिप्पणी की थी, राहुल पीएम मोदी को गाली देने और अपमानित करने मिशन को कांग्रेसी नेताओं के जरिए यहां छत्तीसगढ़ में जारी रखा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि राहुल गांधी अपनी न्याय यात्रा में देश में नफ्ररत फैलाने के बाद अब अपने चुनाव प्रचार में भी पीएम मोदी को लेकर दुष्प्रचार करने में लगे।

# कांग्रेस की कार्यशैली से प्रभावित युवाओं ने किया कांग्रेस प्रवेश



**प्रत्याशी ताम्रध्वज और विधायक चातुरी ने किया सम्मानित**

**सरायपाली।** विधायक कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भीम रेजिमेंट के दस से अधिक युवाओं ने कांग्रेस की रीति नीति से प्रभावित होकर क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद और कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू के समक्ष कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया। इस दौरान उन्हें गमछा पहनाकर अतिथियों ने सम्मानित किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए विधायक चातुरी नंद ने बताया कि कांग्रेस की विचारधारा और हमारे नेता राहुल गांधी के व्यक्तित्व से सभी वर्ग प्रभावित है। सरायपाली के भीम रेजिमेंट से जुड़े युवाओं ने कांग्रेस प्रवेश किया है जिससे निश्चित ही कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिलेगी। कांग्रेस प्रवेश करने वालों में प्रमुख रूप से सुनील सागर प्रशांत आर्य सरित कुमार राजेश जगदल्ला सोहन कुमार आकाश पाइक योगेश कुमार श्रवण विभार मनोज नायक सहित अन्य नाम शामिल है।

# रेत तस्करी का ग्राफ तिल्दा में दिनों दिन बढ़ रहा है, सड़कें हो रही बदहाल

पायनियर संवाददाता लवन
www.dailypioneer.com

तहसील लवन के ग्राम पंचायत तिल्दा में रेत की अवैध खनन एवं परिवहन थमने का नाम नहीं ले रहा है, यंहा रेत की अवैध तस्करी का ग्राफ दिनों दिन बढ़ रहा है।रेत तस्करी में लगे तस्कर खनिज विभाग के डोंगरीडीह तिल्दा पहुँच मार्ग पर ड्यूटी कर रहे कर्मचारियों को चकमा देकर रेत की अवैध खनन एवं परिवहन करने से बाज नहीं आ रहा है। इसके चलते सरकार द्वारा बनाई सड़के बदहाल हो रहा है। रेत की अवैध तस्करी रोकने में जिला प्रशासन नाकाम साबित हो रहा है। यहां के रेत तस्कर कभी रात्रि में तो कभी तड़के सुबह खनन कर रोजाना राजस्व क्षति पहुंचाने में चूर है। आपको




बताते चलें कि शुक्रवार को गॉव के कुछ रेत तस्करी में लगे ट्रैक्टर पर खनिज विभाग ने कार्रवाई कर थाना लवन के कब्जे में रखा गया था जिसके कुछ घण्टे बाद रेत तस्करी में लगे लोग सत्ता पक्ष के कुछ विधायक एवं मंत्री को गुमराह कर घरेलू उपयोग के लिए कहकर खनिज विभाग के अधिकारियों को फोन लगवाकर पकड़ी गई ट्रैक्टर को मजबूरन खनिज विभाग को छोड़ना पड़ा इससे रेत तस्करी में लगे लोगों की हौसला सातवें आसमान पर पहुंच गया है। रेत तस्करी में लगे लोगों के पक्ष मे सत्ता धारी के नेताओं का सामने बचाव में आना सरकार की छवि को धूमिल कर रही है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिल रहा है।

विपक्ष के विधायक संदीप साहू ने मीडिया को चर्चा करते हुए कहा कि सरकार की कथनी और करनी में यही अंतर है। भाजपा कहती कुछ और है कहती कुछ और है जबकि कांग्रेस शासन कॉल में तिल्दा से रेत खनन की शिकायत कभी नही सुनने को मिला था, जो आज भाजपा शासन काल मे चरम पर है। इससे राजस्व की हानि हो रही है जिससे रोकना सरकारी अधिकारियों सहित सरकार की जिम्मेदारी है।

# चैत्र नवरात्रि में मां डिड्नेश्वरी के दरबार में उमड़ रही है भक्तों की भीड़

पायनियर संवाददाता लवन
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर जिले से करीब 35 किलोमीटर दूर नगर पंचायत मल्हार स्थित प्राचीन सिद्ध शक्तिपीठ माँ डिडनेश्वरी मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व की विशेष धूम है। भक्तों की भीड़ नवरात्रि के पहले दिन से रोज उमड़ रही है। शक्ति की भक्ति प्राप्त करने के लिए भक्तों की लम्बी लाइन मंदिर के रोजाना दिखाई दे रहा है। माँ डिडनेश्वरी भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी करते आ रही हैं कि मान्यता प्रसिद्ध है।आपको बताते चलें आज भी बिलासपुर की तीनों प्रमुख नदियां अरपा पैरी लीलागर माँ डिडनेश्वरी की महिमा का बखान करते आ रही है। लवन से करीब 40 किलोमीटर दूर यह मंदिर भक्तों के लिए आस्था का केंद्र है। इस मंदिर का निर्माण 1954 में निषाद वंश के महाराजा गुहा निषाद ने कराए जाने की प्रमाण मंदिर स्थापित शिलालेख पत्थर से मिलता है।

# क्यू आर कोड स्कैन करते ही पेड़ खुद बताएंगे किस बीमारी के इलाज में हो सकते हैं उपयोगी

## व्याख्याता की अनूठी पहल

पायनियर संवाददाता महासमुंद/नर्रा
www.dailypioneer.com

शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा में पदस्थ व्याख्याता नीलिमा भोई ने प्राचार्य सुबोध कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में विद्यालय में स्थित माइक्रोफोरेस्ट में लगे वृक्षों में क्यू आर कोड चस्पा किया है, जिसे मोबाइल से स्कैन करते ही उस वृक्ष की संपूर्ण जानकारी प्राप्त हो जायेगी। डिजिटल युग में स्कूल के गार्डन को भी किया जा रहा है डिजिटल। इसके लिए व्याख्याता ने शाला प्रांगण में बने माइक्रो फॉरेस्ट के प्रत्येक वृक्ष का विस्तृत जानकारी तैयार कर, प्रत्येक वृक्ष के लिए अलग अलग क्यू आर कोड बनाया। इस क्यू आर कोड को उन्ही वृक्षों पर चस्पा किया गया है। इसको मोबाइल से स्कैन करते ही प्रत्येक वृक्ष के सामान्य नाम, स्थानीय नाम, वानस्पतिक नाम, फैमिली क्लासिफिकेशन, उसके लगाने का वर्ष, स्थान, उसके उपयोग आदि की जानकारी आसानी से मोबाइल पर उपलब्ध हो जायेगी। व्याख्याता नीलिमा भोई ने बताया कि आज सभी के हाथ में स्मार्ट फोन है अतः



तकनीक के प्रयोग से वृक्ष की जानकारी के लिए लगाए जाने वाले साइन बोर्ड के खर्चे को बचाया जा सकता है। संस्था के प्राचार्य सुबोध कुमार तिवारी ने बताया कि हमारे आस पास अनेक पेड़ पौधे हैं, प्रकृति ने इन्हे औषधीय गुणों से परिपूर्ण किया है परंतु जानकारी के अभाव में हम इनका सही उपयोग नहीं कर पाते हैं। पौधो के औषधीय उपयोग की पुस्तकें भी उपलब्ध है। हमारे व्याख्याता के इस अनूठे पहल से क्यू आर कोड स्कैन करते ही परिसर के गार्डन में लगे पौधो के बारे में सभी जानकारी सहित उनके औषधिय उपयोग की भी सही जानकारी आपके मोबाइल पर तुरंत ही आ जायेगी। इससे परिसर में इन पौधो को कब लगाया गया है इसकी आयु की जानकारी भी मिल जाएगी।

इस माइक्रो फॉरेस्ट की सराहना केरल के राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कॉन्क्लेव में भी वैज्ञानिकों ने की है। अब इसका डिजिटलीकरण किया जा रहा है। अभी शाला के माइक्रो फॉरेस्ट के औषधिय पौधों सहित 18 पेड़ो का डिजिटलीकरण किया जा चुका है। आगे शाला परिसर में स्थित सभी पेड़ों का क्यू आर कोड बनाया जायेगा। व्याख्याता नीलिमा भोई शाला के विज्ञान क्लब की प्रभारी हैं तथा विज्ञान क्लब के विद्यार्थियों के सहयोग से इस प्रोजेक्ट को परीक्षा और चुनाव के बीच पूर्ण किया गया है। गुलमोहर सामान्य नाम - गुलमोहर अन्य नाम- लाल गुलमोहर, फ्लेम ट्री, पौधा लगाने की तिथि - जुलाई 2018 औषधीय उपयोग- गुलमोहर की पत्तियाँ जीवाणुरोधी, एंटी फंगल, रोगाणु रोधी, मलेरिया रोधी, कर्डियो सुरक्षात्मक एवं डायरिया रोधी गुण वाले होते हैं। ये पौधें व्यवसायिक दृष्टिकोण से भी महत्व पूर्ण हैं। इनका सजावटी और सांस्कृतिक महत्व भी है।

# गरियाबंद वनमण्डल के लघु वनोपज संग्राहकों को मतदान करने की दिलाई शपथ

**गरियाबंद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल एवं वनमण्डलाधिकारी लक्ष्मण सिंह के निर्देशानुसार उप वनमण्डलाधिकारी मनोज चन्द्राकर एवं उप प्रबंध संचालक जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित अतुल श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में गरियाबंद वनमण्डल अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके तहत् गरियाबंद वनमण्डल के 70 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों में सभा आयोजित कर तेन्दूपत्ता संग्राहकां को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। समिति मुख्यालय में तेन्दूपत्ता संग्राहकों को मतदान की शपथ दिलाई गई एवं वोटरों को जागरूक करने के लिए वोटर आईडी कार्ड के साथ सेल्फी ली गई। मतदाता जागरूकता के अभियान में लगभग 7000 संग्राहकों को शपथ दिलाई गई है। इस अवसर पर प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के अध्यक्ष, संचालक सदस्य, प्रबंधक, एवं पोषक अधिकारी, वन प्रबंधन समिति के सदस्य वन कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

# रायपुर लोकसभा व्यय प्रेक्षक पहुंचे बलौदाबाजार,अधिकारियों के साथ बैठक कर टीम वर्क एवं समन्वय से कार्य करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए रायपुर लोकसभा क्षेत्र लिए बनाए गए व्यय प्रेक्षक रण विजय कुमार (आई आर एस)ने निर्वाचन के लिए बनाए गए विभिन्न टीमों के प्रभारियों व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर निष्पक्ष,पारदर्शी व सकुशल ढंग से टीमवर्क व परस्पर समन्वय के साथ निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए कहा। प्रेक्षक कुमार ने अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन लोकतंत्र की स्वस्थ परंपरा है और अधिकारी बड़े भाग्यशाली हैं कि वह निर्वाचन की प्रक्रिया का एक हिस्सा है। व्यय प्रेक्षक ने कहा कि निर्वाचन के लिए गठित विभिन्न टीम के प्रभारी व सदस्य आयोग की मंशा अनुरूप निर्धारित प्रारूप व रजिस्टर बनाएं तथा निर्धारित समय सीमा में ही सभी रिपोर्ट प्रेषित की जाए। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान ने व्यय प्रेक्षकों को अवगत कराते हुए कहा कि निर्वाचन



से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा निर्वाचन के लिए गठित विभिन्न टीम सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी व सकुशल ढंग से संपन्न कराया जाएगा। मतदान केंद्रों पर आयोग की मंशा अनुरूप एश्योर्ड मिनिमम फैसेलिटीज भी कराई गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी विभिन्न बैठकर आयोजित कर आदर्श आचार संहिता के प्रभावित क्रियान्वयन में सहयोग देने व आयोग के द्वारा जारी विभिन्न दिशा निर्देशों के संबंध में भी अवगत कराकर अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। बैठक उपरांत व्यय प्रेक्षक कुमार ने उपजिला निर्वाचन कार्यालय में स्थित विभिन्न अनुवीक्षण इकाइयों का भी अवलोकन किया। जिसमें कंट्रोल रूम,व्यय अनुवीक्षण सेल, एफएसटी,वीएसटी,एमसीएमसी सेल में तैनात कर्मचारियों से मुलाकत कर ड्यूटी संबधित जानकारी ली। इस दौरान कुछ व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए है।।निरीक्षण एवं बैठक के दौरान अपर कलेक्टर दिप्ती गोते,उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे,एसडीएम बलौदाबाजार अमित गुप्ता, सिमगा अंशुल वर्मा,भाटापारा नितिन तिवारी,पलारी श्यामा पटेल,सहित अन्य संबंधित नोडल अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# गांव की बदहाल सड़क जहां एंबुलेस तक नहीं पहुंच पाती



पायनियर संवाददाता महासमुंद/नर्रा
www.dailypioneer.com

जिले के बागबाहरा विं खंड के अंतिम छोर उड़ीसा सीमा से लगे एक ऐसा गांव जोंक नदी के किनारे मे बसा हुआ है । जहां भरी बरसात के दिनो मे इस मार्ग मे आवा गमन के लिए ग्रामीणो को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है । जहाँ ऐंबुलेस जाना तो दुर मोटर साइकिल चलना मुश्किल होता है वहां के लोगो ने गर्भवती महिला व मरीज को खाट पर लिटाकर जोंकनदी मे कमर भर पानी पार करके उड़ीसा अस्पताल पहुंचाते है । इस गंभीर स्थिति मे मरीज की जान भी चली जाती है ये है ग्राम पंचायत परकोम के आश्रित हजार बारह सौ आबादी वाले ग्राम बनियातोरा पहुंच मार्ग कच्ची सड़क का हाल । वहां के ग्रामीण सहित संरपच पंचों ने भी लगभग 25 से 30 सालो से पक्की सड़क की मांग को लेकर सांसद विधायको के दफ्तर काट चुके है । आज दिन तक ग्रामीणो को पक्की सड़क नसीब नही । समय के इस अंतराल के बीच कई सरकारे आई व गई लेकिन ग्रामीणो का दर्द किसी ने नही समझा । बारिश के दिनो मे तो यह मार्ग किचड़ मे तब्दील हो जाता है जिससे आपात कालीन व्यवस्था मे एंबुलेस तक प्रवेश नही कर पाती है । ग्रामीणो ने बताया कि पुर्ववर्ती कांग्रेस सरकार मे रहे पूर्व संसदीय सचिव एवं विधायक श्री द्वारिकाधीश यादव के प्रयासो के चलते बहुप्रतिक्षित परसुली से बनियातोरा मार्ग की स्वीकृति मिली थी । 2022-23 के बजट मे शामिल नाबार्ड योजना के तहत जिसकी लम्बाई 3.5 किलोमीटर जिस पर पुल पुलिया सहित 3.41 तीन करोड़ 41लाख 45 हजार रुपऐ की लागत से पक्की सड़क का निर्माण किया जाना था। ग्रामीणो ने हरिभूमि को बताया कि इस सड़क के लिए राशी स्वीकृत होने के बाद भी काम चालु हुआ है । कही सरकार बदलने के बाद इस मार्ग की फाइल ठंडे बस्ते मे तो नही चला गया या टेंडर नही हुआ है । । स्वीकृत होने के बाद भी पक्की सड़क निर्माण कार्य शुरू नही होने से वहां के ग्रामीणो इसका खामियाजा बरसात मे फिर भुगतना पड़ सकता है । जनप्रतिनिधि सरपंच चिंतामणी चन्द्राकर उप सरपंच अमरसिंह पटेल ग्रामीण देव नारायण पटेल यादराम पटेल घनश्याम पटेल यादोराम पटेल परशोधन यादव राधेश्याम यादव इतवारू यादव श्रीराम पटेल तुलाराम पटेल मूलचंद पटेल ।

# निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक द्वारा अंतरजिला चेक पोस्ट का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अनिल कुमार अग्रवाल ने आज बसना और सरायपाली विधानसभा अंतर्गत अंतर्राज्यीय और अंतरजिला चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। वहीं संवेदनशील मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुलिस के साथ सफल मतदान के लिए आवश्यक चर्चा करते हुए निर्देश भी दिए। अग्रवाल ने आज सरायपाली



विधानसभा अंतर्गत अंतर्राज्यीय बैरियर लोहारचट्टी और रेहतीखोल का निरीक्षण कर सतत निगरानी के निर्देश दिए। अंतरजिला चेक पोस्ट नवागढ़ और डोंगरीपाली में भी उन्होंने निरीक्षण कर जानकारी लिए। अग्रवाल ने कहा कि चूंकि यह चेक पोस्ट उड़ीसा राज्य से लगा हुआ है इसलिए अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है। अग्रवाल ने यहां अनुविभागीय अधिकारी और राजस्व पुलिस से निर्वाचन और सुरक्षा संबंधी जानकारी ली और सफल निर्वाचन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने संवेदनशील मतदान केंद्र चिंवरी खुटा और डोंगरीपाली का भी निरीक्षण किया। बसना विधानसभा अंतर्गत पलसा पाली अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा संवेदनशील मतदान केंद्र गुढ़ियारी का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने स्वामी आत्मानंद स्कूल में चार मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और बिजली, पानी, शौचालय और रैंप की जानकारी ली। अग्रवाल द्वारा महिला मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण का जायजा लिया गया। उन्होंने कहा कि आप सब के कंधों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है इसलिए प्रशिक्षण पूरी गंभीरता के साथ प्रशिक्षण लेवें। उन्होंने अपनी शुभकामनाएं भी दी। तत्पश्चात पुलिस ऑब्जर्वर कला सागर के साथ मिलकर उन्होंने सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी लेते हुए चर्चा की । उन्होंने एसडीम और जनपद सीईओ के साथ मिलकर भी चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान लाइजनिंग अधिकारी सनत कुमार साहू मौजूद थे।

# चोरी के 2 आरोपियों को रिमाण्ड पर भेजा गया जेल

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

प्रार्थी विकाश कुमार गुप्ता पिता प्रकाश गुप्ता उम्र 29 वर्ष साकिन नया बस स्टैण्ड बलौदाबाजार का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 12.04.2024 को मंदिर प्रांगण में मै और पंडा संदीप यादव एवं अन्य लोग सोये थे लगभग रात्रि 02.00 बजे के लगभग अज्ञात व्यक्ति के द्वारा महामाया मंदिर बलौदाबाजार में दिवाल फांदकर मंदिर गृह में प्रवेश कर मंदिर स्टोर रूम से पंडा संदीप यादव का मोबाईल जिसमें जियो सिम मो न.




9285318018 लगा हुआ है किमती 14000 रूपये एवं मंदिर प्रांगड के अंदर खडी एक्टीवा गाडी के डिक्की में रखे 6000 रूपये को चोरी कर ले गया है । आज दिनांक 12.04.2024 को मंदिर प्रांगड में लगे सीसीटीवी फुटेज को चेक करने पर नानु यादव सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहे है । नानु यादव के द्वारा मंदिर अंदर स्टोर रूम में प्रवेश कर मोबाईल एवं प्रांगड में खडे एक्टीवा के डिक्की मे रखे 6000 रूपये को चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया । विवेचना क्रम में मुखबीर की सूचना के आधार पर संदेही नानू ऊर्फनंद कुमार यादव पिता भारत यादव उम्र 31 साल साकिन गार्डन चौक बलौदाबाजार एवं जितेन्द्र यादव पिता बल्लू यादव उम्र 32 साल साकिन वार्ड क्र 05 बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली को पुछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया जिसे विधिवत आज दिनांक 12.04.2024 को गिरफ्तार किया गया है।

# अवैध शराब बिक्री को लेकर युवाओं ने दिखाया दम, वार्ड 11के जागरुक नागरिक आये सामने



पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

नगर में भारी मात्रा में अवैध शराब की बिक्री की जा रही है । नगर के होटलों व ढाबो में होटल की आड़ में 24 घंटे शराब की बिक्री की जा रही है । कुछ नया छोटे छोटे ठेला गुमटियों में भी सहज रूप से शराब उपलब्ध हो रही है । पर संबंधित विभाग इन स्थानों पर कभी बड़ी कार्यवाही नही करता । पूर्व एसडीएम द्वार बस स्टैंड के 2 व होटलों में कार्यवाही करते हुवे उन्हें लंबे समय तक सील कर दिया गया था । किंतु अब ये होटल पुनः चालू तो हो गई है पर शराब बिक्री आज भी धड़ल्ले से जारी है । नगर में अनेक स्थानों पर सहज ही देशी व विदेशी शराब उपलब्ध हो जाती है । नगर में कुछ होटलें व अन्य दुकान काफी देर तक खुले रहने से नगर में असामाजिक तत्व व शराबियों को घूमते देखा जा सकता है । कुछेक होटलों में तो सुबह 6 बजे के पहले से शराब खरीददारों की लाइन लगे रहती है । नगर के वार्ड मांक 11 के वार्डवासियों ने अवैध शराब वि य के खिलाफमोर्चा खोल दिया है । इसी वार्ड की सैकड़ो महिलाओ द्वारा तत्कालीन टीआई मल्लिका तिवारी के समक्ष भी होटलों में जाकर शराब विक्रय बन्द कराया था । अवैध शराब बिक्री से तंग वार्डवासियों ने नुक्क ड़ सभा कर जोरदार तरीके से विरोध किया । वॉर्ड पार्षद स्वर्ण सिंह सलूजा ने बताया की अब वार्ड मांक 11 के लोग धीरे-धीरे जागरूक हो रहे हैं । व शराब विक्रय का विरोध कर रहे हैं

# लोहाणा समाज के कुलदेवता श्री दरियालाल बापा की जयंती मनाई गई

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

बुधवार को लोहाणा समाज के कुलदेवता श्री दरियालाल बापा जी की जयंती समाज जनों ने हर्षोल्लास से मनाई। सर्वप्रथम सुबह 9 बजे रमसगरी तालाब जा कर सभी सदस्यों ने एक साथ मछलियों को दाना खिलाया तत्पश्चात् चींटी को आटा और गाय को रोटी दी। शाम 5 बजे श्री गुजराती समाज भवन में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सर्वप्रथम श्री दरियालाल बापा के छायाचित्र की स्थापना कर दीप प्रज्जवलन किया गया। तत्पश्चात् महिला मंडल द्वारा 11 हनुमान चालिसा का पाठ किया गया। हनुमान चालिसा पाठ उपरांत समाजजनो ने चन्द्र दर्शन किया। लोहाणा समाज द्वारा नई बहुओं एवं इस वर्ष जन्मे




बच्चों का लोहाणा समाज में स्वागत एवं सम्मान किया गया,साथ ही 10 वी, 12वी एवं ग्रेजुएशन के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। लोहाणा महिला मंडल द्वारा संचालित गुजराती पाठशाला के विद्यार्थियों को बेसिक कोर्स सर्टिफिकेट दिया गया। श्री गुजराती समाज के अध्यक्ष अरविंद भाई दोशी, उपाध्यक्ष तरुण भाई अंबानी कार्यक्रम में उपस्थित थे उनका सम्मान किया गया । प्रत्येक तीन वर्ष में श्री लोहाणा महाजन की पदाधिकारी टीम का चुनाव किया जाता है, इस वर्ष पुरानी टीम का कार्यकाल पूरा हो गया, अतः नई टीम एवं कार्यकारिणी का चुनाव होना था। श्री लोहाणा महाजन धमतरी 2024-26 तीन वर्ष की नई पदाधिकारी टीम का गठन,चुनाव प्रभारी कांतिभाई माणेक के द्वारा किया गया जिसमें समाज के उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अध्यक्ष अरूण भाई मिराणी, उपाध्यक्ष राकेश भाई लोहाणा, सचिव गौरव भाई लोहाणा, सहसचिव कमलेश भाई कोठारी,कोषाध्यक्ष लोकेश भाई पल्लण को चुना गया एवं कार्यकारणी सदस्यों मे किशोर भाई गंभीर, ललित भाई माणेक, मोहित भाई ठक्कर, परेश भाई लोहाणा, परेश भाई तन्ना, लोकेश भाई राजपुरिया को समाज की सर्वसम्मति से कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। मिडिया प्रभारी राजेश भाई रायचुरा को चुना गया। श्री लोहाणा महिला मंडल अध्यक्ष वंदना बेन मिराणी, उपाध्यक्ष सोनिया बेन पोपट, सचिव तृप्ति बेन माणेक, सहसचिव कल्पना बेन आथा, कोषाध्यक्ष जनक बेन लोहाणा को चुना गया । श्री लोहाणा महाजन धमतरी एवं श्री लोहाणा महिला मंडल के नये पदाधिकारीयों एवं नई कार्यकारिणी गठन पश्चात् श्री दरियालाल बापा की सामुहिक आरती की गई, आरती पश्चात् समाज जनों ने साथ मे प्रसाद ग्रहण किया।

# के वि महासमुंद में प्रेरणा उत्सव की धूम




पायनियर संवाददाता महासमुंद
www.dailypioneer.com

स्थानीय केंद्रीय विद्यालय महासमुंद प्रेरणा उत्सव धूमधाम से मनाया गया विकसित भारत थीम पर आयोजित निबंध एवम ड्राइंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तथा अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया । ज्ञात हो कि भारत सरकार द्वारा विद्यार्थियो के लिए प्रेरणा विद्यालय भ्रमण के लिए प्रत्येक जिले से एक लड़का एवम एक लड़की का चयन कर बड़नगर गुजरात भेजा जाएगा जहां विद्यार्थी विकसित भारत की परिकल्पना को देखकर ,अपने सपनो का भारत गढ़ने में योगदान देंगे । केंद्रीय विद्यालय महासमुंद में प्रेरणा उत्सव का आयोजन संजय कंसल प्राचार्य के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया । प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चो ने विकसित भारत के संदर्भ में निबंध लिखकर तथा ड्राइंग बनाकर उत्सव में चार चांद लगा दिया । कार्यक्रम को सफल बनाने के सुरेश कुमार सिंह ,विवेकानंद प्रधान ,रोहिता मेम,लोकेश सर , जितेंद्र कुमार चंद्राकर श्री मती कांता एक्का मेम ,जी के निर्मलकर जी वंदना मेम , घनश्याम साहू जी ,विवेक सर रवीना मेम वंदिनी जौहरी मेम , दशरथ राम यादव जी प्रभात देवांगन जी ,गिरधारी साहू जी सहित समस्त स्टॉफका योगदान रहा ।





गरियाबंद। कलाकारों ने नुक्क ड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक

# थाना बोराई क्षेत्रान्तर्गत एकावरी के जंगल मे पुलिस और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड







पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

थाना बोराई क्षेत्रान्तर्गत एकावरी के जंगल में मैनपुर नुआपाडा संयुक्त डीविजन के माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर एसटीएफ डीआरजी धमतरी, डीआरजी गरियाबंद एवं सीआरपीएफ 211 बटा.की संयुक्त टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी। सर्च अभियान के दौरान रात्रि में पुलिस एवं माओवादियों के बीच में रुक-रूककर करीब आधे घंटे तक हुई मुठभेड में पुलिस जवान सुरक्षित। मुठभेड में जगह.जगह पर मिले खून के धब्बे से कई नक्सलियों के घायल एवं मृत होने की संभावना है। रात के अंधेरे एवं घने जंगलों, पहाड़ का लाभ उठाकर नक्सली अपने घायल एवं मृत साथियों को लेकर भागने में हुए सफल। घटनास्थल से बीजीएल, जिंदा ग्रेनेड, प्रतिबंधित माओवादी संगठन के प्रचार प्रसार की सामग्री, नक्सली बेनर, नक्सली साहित्य, माओवादी वर्दी, सोलर प्लेट, वायर बंडल दवाईयां एवं अन्य खाने पीने एवं दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद। क्षेत्र में नक्सल विरोधी सघन गश्त सर्चिंग अभियान जारी लगातार जारी रहेगी।



# विभिन्न मिलों के मजदूरों ने ली मतदान की शपथ

## सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो का दे रहे संदेश

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 26 अप्रैल को लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा धमतरी और कुरूद तथा लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा में मतदान होगा। इसके मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के निर्देश एवं सीईओ जिला पंचायत तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिले में शत्-प्रतिशत मताधिकार का उपयोग करने के लिए अनेक स्वीप गतिविधियां संचालित की जा रहीं हैं। इनमें स्वीप साईकिल रैली, कलश यात्रा, रंगोली, मेहंदी सजाना, नववधु सम्मान एवं रैली, नुक्कड़ नाटक, दीवार लेखन, प्रहसन इत्यादि गतिविधियों के जरिए लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मतदान जागरूकता कार्यक्रमों में मजदूर वर्ग भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहा है। जहां मनरेगा मजदूर अपने कार्य स्थल पर मतदान करने की शपथ ले रहे हैं। वहीं जिले के विभिन्न मिलों के मजदूर भी मतादान की शपथ लेकर अपने आसपास के लोगों को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं और सब काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो का संदेश दे रहे हैं। इनमें चरमुड़िया स्थित केला राइस मिल, सिद्धि गणेश राइस मिल, कुरूद के बंशीवाले राइस मिल सहित भोथापारा महेश्वरी और मंगलमूर्ति राइस मिल के मजदूरों द्वारा मतदान की शपथ ली गई। शपथ लेते हुए उन्होंने कहा कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।





# मोबाइल एप्स के जरिए मतदाताओं तक पहुंच रही है निर्वाचन संबंधी हर जानकारी

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

निर्वाचन में सूचना प्रौद्योगिकी और नई तकनीकें अहम भूमिका निभा रही हैं। निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की भागीदारी एवं सहभागिता बढ़ाने में सूचना प्रौद्योगिकी तकनीकों का महत्वपूर्ण योगदान है। भारत निर्वाचन आयोग नई तकनीकों और सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग निर्वाचन को और ज्यादा सुगम, निष्पक्ष तथा समावेशी बनाने में कर रहा है।

इन्हीं सुविधाओं में से एक है सक्षम एप। सक्षम मोबाइल एप के जरिए दिव्यांग मतदाताओं को निर्वाचन के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान करने का प्रयास किया गया है। आयोग ने सक्षम एप के रूप में दिव्यांगों के लिए एक वन स्टॉप




साधन विकसित किया है। दिव्यांग मतदाता निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं का फायदा उठा सकते हैं। इस एप को गूगल प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। एप को उपयोगकर्ताओं के अनुकूल बनाने के लिए डिज़ाइन, ले-आउट, इंटरफ़ेस और सुविधाओं को बेहतर रूप दिया गया है। इसमें स्क्रीन रीडर, टेक्स्ट टू स्पीच सेवा, दृश्यता संवर्द्धन, रंग समायोजन जैसी सुविधाएं भी हैं। एप को दो-तरफ़ा इंटरैक्टिव प्लेटफ़ॉर्म के रूप में डिज़ाइन किया गया है। सक्षम एप के जरिए पंजीकरण की प्रक्रिया से लेकर मतदान के दिन पिक एंड ड्रॉप सुविधा का लाभ उठाया जा सकता है। साथ ही दिव्यांगजन के रूप में चिन्हित करने के लिए अनुरोध, सुधार, प्रमाणीकरण, व्हील चेयर, सहायता, अपने मतदान केंद्र को जानें, बूथ लोकेटर, अपने उम्मीदवारों को जानें, शिकायतें दर्ज करें जैसी कई अन्य सुविधाएं भी इस एप में उपलब्ध हैं।

# वर्ड पावर चौम्पियनशिप के ग्रेण्ड फिनाले में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर सुरूचि ने जिले को किया गौरवान्वित

## कलेक्टर चौधरी ने दी सुरूचि को शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिले के धमधा विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला हसदा की कक्षा चौथी की छात्रा सुरूचि साहू ने मुंबई में आयोजित ग्रेण्ड फिनाले में शामिल होकर राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है। लीप फॉर वर्ड नामक मुंबई की संस्था द्वारा प्रति वर्ष बच्चों के अंग्रेजी ज्ञान को परखने यह प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। जिसमें संकुल/विकासखंड/जिला एवं राज्य स्तर पर प्रतियोगिताओं के आयोजन पश्चात् मुंबई में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। सुरूचि की शिक्षिका मती अणिमा चक्रवर्ती के प्रयास से सुरूचि फाइनल राउण्ड तक पहुंची। विगत वर्ष भी इसी विद्यालय की कक्षा 5वीं की छात्रा कु रिमा साहू का चयन इस प्रतियोगिता हेतु हुआ था। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए सुरूचि ने प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर जिले को गौरवान्वित करने के लिए कलेक्टर सु ऋचा प्रकाश चौधरी ने सुरूचि को शुभकामनाएं दी है। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा, जिला मिशन समन्वय सुरेन्द्र पाण्डेय, ए.पी.सी. विवेक शर्मा ने भी सुरूचि को बधाई दी है। यह कार्यक्रम विहार शांति पाठशाला द्वारा आयोजित की जाती है।



# नामांकन के प्रथम दिवस में एक नामांकन जमा



पायनियर संवाददाता दुर्ग
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव-2024 के तृतीय चरण के अंतर्गत नामांकन जमा करने के प्रथम दिवस संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए एक नामांकन जमा हुआ। श्याम सुंदर साहू लोकतंत्र कांग्रेस पार्टी से नामांकन जमा किया। जिनके नाम से नामांकन पत्र खरीदे गए उनमें हरिश्चंद्र निर्दलीय, सुखदेव टंडन राष्ट्रीय जर्नलिस्ट पार्टी, अरुण कुमार जोशी निर्दलीय, श्याम सुंदर साहू लोकतंत्र कांग्रेस पार्टी, शंकर ठाकुर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, विजय बघेल भा.ज.पा., हरिश्चंद्र ठाकुर निर्दलीय, अनूप कुमार पांडे निर्दलीय, बलदेव सिंह साहू निर्दलीय,यशवंत कुमार साहू भारतीय शक्ति योजना पार्टी, अलीहुसेन सिद्दकी निर्दलीय, विकास शर्मा निर्दलीय, राजेन्द्र साहू इंडियन नेशनल कांग्रेस, मती सविता बंजारे शक्ति सेना भारत देश, पुष्पा मेरिया निर्दलीय और अंशिका जैन निर्दलीय शामिल है।

# थाना कुकानार क्षेत्र में लगभग 77500 किमती का गांजा का परिवहन करते हुये 03 व्यक्ति गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता सुकमा
www.dailypioneer.com

जिला सुकमा में पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण, के मार्ग-दर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुकमा, निखिल अशोक कुमार राखेचा, आकाश राव गिरपूंजे, अभिषेक वर्मा के निर्देशन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सुकमा रजत नाग के पर्यवेक्षण में लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिकोण से मादक पदार्थों की तस्करी के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर 12.04.2024 को थाना कुकानार से निरीक्षक पदमा जगत थाना प्रभारी कुकानार के नेतृत्व में सउनि. शोभाराम देशमुख एवं सउनि. मंगतू राम मरकाम के हमराह स्टाफ का बल राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 में ग्राम धुररास तिराह के पास मोबाईल चेक पोस्ट की कार्यवाही किया गया। मार्ग में आने-जाने वाले वाहनों को चेकिंग के दौरान 03 संदिग्ध व्यक्ति पैदल चल कर हाथ में बैग लिए आ रहे थे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया।

# व्यय प्रेक्षक पत्तनसेट्टी ने विभिन्न शाखाओं का किया अवलोकन

पायनियर संवाददाता दुर्ग
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव-2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना वी पत्तनसेट्टी ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित निर्वाचन संबंधी कार्यों के लिए स्थापित विभिन्न शाखाओं का अवलोकन किया और अधिकारियों से कार्य गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी भी साथ मौजूद थी। व्यय प्रेक्षक पत्तनसेट्टी ने निर्वाचन कंट्रोल रूम, सामग्री भण्डार कक्ष, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कक्ष का अवलोकन किया और अधिकारियों से रू-ब-रू चर्चा कर अब तक की कार्य गतिविधियों की जानकारी ली। व्यय प्रेक्षक ने मीडिया मॉनिटरिंग एवं सर्टिफिकेशन शाखा (एमसीएमसी) का भी अवलोकन किया। उन्होंने यहां पर प्रिन्ट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया एवं एफएम.रेडियो अनुवीक्षण इकाई के प्रभारी अधिकारियों और सदस्यों से कार्य गतिविधियों के संबंध में चर्चा की और मीडिया मॉनिटरिंग के संबंध में अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने प्रिन्ट मीडिया के साथ सोशल मीडिया की हर एक पहलुओं पर बारीकियों से नजर रखने के निर्देश दिये। कलेक्टर चौधरी ने प्रेक्षक पत्तनसेट्टी को जिले में निर्वाचन प्रक्रिया की तैयारियों और विभिन्न शाखाओं द्वारा किये जा रहे कार्यों के संबंध में अवगत कराया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी बी.के. दुबे तथा समस्त शाखाओं के प्रभारी/नोडल अधिकारी उपस्थित थे।



# दुर्ग के सबसे व्यस्त इंदिरा मार्केट व तकिया पारा में निगम का अतिक्रमण के खिलाफ एक्शन



■ फिर शुरू हुआ अतिक्रमण के खिलाफ अभियान

पायनियर संवाददाता दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत दुर्ग के सबसे व्यस्त बाजार इंदिरा मार्किट एवं तकिया पारा में दुकानदारों ने दुकान से सामान बाहर निकालकर रखने वालों पर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर दुर्गेश गुप्ता व चंदन मनहरे के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। साथ ही तकिया पारा स्कूल के करीब सहित क्षेत्र के आसपास हुए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई भी किया गया।नगर पालिक निगम की टीम ने दुकानों के बाहर सजाए सामानों को उठवाया।इस दौरान अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता व बाजार अधिकारी चंदन मनहरे द्वारा दुकानदारों को सख्त निर्देश और चेतावनी दी गई कि अगर फिर से सामान बाहर रखा तो उसे जब्त कर लिया जाएगा। नगर निगम की टीम ने चेताया कि दुकानदारों के साथ कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा, कार्रवाही के दौरान अधिकारियो ने कहा सबसे अधिक व्यस्त स्थल होने के चलते इंदिरा मार्केट में अतिक्रमण के कारण राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। नगर निगम के आयुक्त ने कहा कि इंदिरा मार्केट में दुकानदारों की ओर से बाहर रखे सामान को हटाने की कार्रवाही के निर्देश दिए गए हैं, पहले उन्हें चेतावनी देकर सामान न सजाने के लिए समझा दिया गया है। दोबारा ऐसा किया तो सामान जब्त कर लिया जाएगा। इस अवसर पर सहायक बाजार अधिकारी थानसिंह यादव सहित आदि मौजूद रहें।कार्रवाही के दौरान अधिकारी दुर्गेश गुप्ता व प्रभारी चंदन मन्हारे ने कहा बाजार अधिकारी इंदिरा मार्केट व तकिया पारा में अव्यवस्थि दुकान लगाकर अव्यवस्था फैलाने वालों को समझाइश दी गई इंदिरा मार्केट में दुकानों के बाहर दुकान लगाने वाले व्यवसायियों को व्यवस्था बनाने में सहयोग करने कहा गया है।

## प्रशिक्षण ले रही महिला मतदान दल का कलेक्टर ने बढ़ाया हौसला

# कलेक्टर ने पीठासीन अधिकारी व मतदान दलों के प्रशिक्षण का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत निर्वाचन कार्य के लिए नियुक्त पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान दलों के अधिकारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी निर्वाचन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बी.आई.टी. कालेज में चल रहे प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने महिला प्रशिक्षार्थियों से कहा है कि निर्वाचन में मतदान दायित्व को सहज एवं सरल तरीके से सम्पादित करने हेतु बारीकी से प्रशिक्षण प्राप्त करें। इस दौरान मतदान सम्बन्धी प्रत्येक पहलुओं की जानकारी लेने के साथ ही ईव्हीएम हेंडआन करना, मतदान आरंभ करने के पूर्व की तैयारी, माकपोल सहित शांतिपूर्ण ढंग से निष्पक्ष एवं निर्विघ्न



मतदान संपन्न कराने सहित सभी प्रपत्रों को इत्यादि का गहन प्रशिक्षण प्राप्त करें। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान दलों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में पीठासीन अधिकारियों सहित मतदान अधिकारी एक, दो एवं तीन का उत्साहवर्धन कर रहीं थीं। मतदान दलों के महिला अधिकारी-कर्मचारियों से रूबरू होकर उनका मनोबल बढ़ाते हुए निर्वाचन दायित्व को सम्पन्न कराने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला अधिकारियों से कहा कि मास्टर ट्रेनर द्वारा दी जा रही जानकारियों को अच्छे से समझें और ईवीएम से मतदान कराने के अलावा आवश्यक प्रपत्रों को सही-सही भरने के विषय में जानकारी हासिल करें। प्रशिक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की शंका हो, तो मास्टर ट्रेनर से बार-बार पूछें। इस दौरान किसी भी समस्या व शंका को दूर करने प्रशासन की टीम आपके साथ रहेगी। कलेक्टर ने मतदान केंद्रों में महिलाओं की सुरक्षा तथा सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने की जानकारी दी। उन्होंने मॉकपोल, सीआरसी की जानकारी देते हुए कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन शत-प्रतिशत सुरक्षित व सही है। इसकी विश्वसनीयता पर किसी प्रकार का शंका नहीं किया जा सकता। इसलिए बिना किसी दबाव के निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से मतदान संपन्न कराएं। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत निर्वाचन की प्रक्रिया में पीठासीन अधिकारी से लेकर अन्य मतदान कर्मचारियों के रूप में महिलाएं होंगी। कलेक्टर ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि चुनाव में गलती की गुंजाइश नहीं रहनी चाहिए। निर्वाचन का कार्य गंभीरता एवं पारदर्शिता से जुड़ा होता है। कुछ लोग पहले भी निर्वाचन कार्य में जिम्मेदारी सम्हाल चुके हैं। उन्होंने किसी को भी अति आत्मविश्वास में रहकर निर्वाचन कार्य नहीं करने की बात कही, ताकि गलतियां न हो। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर अरविंद एक्का एवं योगिता देवांगन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अश्वनी देवांगन, चरोदा नगर निगम आयुक्त दशरथ सिंह राजपूत, एआरओ मुकेश रावटे एवं सोनल डेविड, शिक्षा विभाग की सहायक संचालक डॉ. पुष्पा पुरूषोत्तनम उपस्थित थीं।

# प्रशिक्षण में निर्वाचक नामावली एवं प्रविष्टी के संबंध में दलों को दी गई जानकारी'



पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव के निर्देशानुसार जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में निर्वाचक नामावली चिन्हित करने हेतु मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। संयुक्त कलेक्टर गिरीश रामटेके ने इलेक्टोरल रोल एवं उसमें आवश्यक प्रविष्टी के संबंध में दलों को जानकारी दी। उन्होने कहा कि निर्वाचक नामावली चिन्हित करने के दौरान किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं होना चाहिए। मतदान दल प्रशिक्षण को गंभीरता से ले और बारीकियों को ध्यानपूर्वक समझे। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर संजय सोनी एवं राघवेन्द्र सोनी ने मतदाता सूची चिन्हांकित करते समय ईडीसी, पीबी, सीएसबी, (एएसडी) सूची आदि का सावधानीपूर्वक चिन्हांकन करने के संबंध में जानकारी दी। ताकि मतदान दिवस के दिन मतदान करते समय मतदाताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना करना न पड़े। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## संपादकीय

# भाजपा की रणनीति दक्षिण में बढ़त

भाजपा ने दक्षिण भारत में ज्यादा सीटें जीत कर लोकसभा में अपनी संख्या बढ़ाने की रणनीति बनाई है। लगातार बदलती राजनीति अक्सर रास्ते में परिवर्तन की मांग करते हुए राजनेताओं को अपनी चुनावी सफलतायें बढ़ाने के लिए नए क्षेत्रों में प्रवेश को प्रेरित करती है। हाल के समय में भाजपा ने हिंदी हृदय प्रदेश के परंपरागत क्षेत्रों से आगे बढ़ कर अन्य क्षेत्रों में विस्तार के प्रयास तेज किए हैं। राजनीतिक विश्लेषकों ने भाजपा को पूर्वोत्तर तथा दक्षिण भारत में विजय की सलाह दी है। प्रधानमंत्री मोदी का 'दक्षिण अभियान' लगातार जोर पकड़ रहा है जिसमें तमिलनाडु, और केरल जैसे राज्यों पर खास ध्यान दिया गया है जहां कभी पार्टी को विजय नहीं मिली है। भाजपा का दक्षिण अभियान कोई आवेग न हो कर सुनियोजित रणनीति है। परंपरागत रूप से दक्षिण भारतीय राज्यों पर मजबूत भाषाई व सांस्कृतिक पहचान वाले क्षेत्रीय दलों का प्रभुत्व रहा है। इससे भाजपा जैसी राष्ट्रीय पार्टियों को कठोर चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। लेकिन भाजपा ने व्यावहारिक रूप से दक्षिण भारतीय मतदाताओं की आकांक्षाओं को अभिव्यक्ति देने वाली रणनीति बनाई है। तमिलनाडु एक ऐसा प्रमुख क्षेत्र है जहां जीवन्त राजनीतिक संस्कृति तथा आक्रामक क्षेत्रवाद का बोलबाला रहा है। ऐतिहासिक रूप से तमिलनाडु पर द्रविड़ पार्टियों, मुख्यतः अन्नाद्रमुक व द्रमुक का वर्चस्व रहा है। लेकिन हालिया वर्षों में राजनीति में परिवर्तन आया है और भाजपा इस क्षेत्र में अपनी पहुंच बढ़ा रही है। उसे अपना मत प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सक्रिय दृष्टिकोण ने तमिलनाडु में भाजपा की संभावनायें मजबूत की हैं। सार्वजनिक रैलियों में ढांचागत परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए मोदी ने स्वयं को सक्रिय रूप से तमिलनाडु की जनता से जोड़ा है। पार्टी का अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन रहा है और इसने भी राज्य में उसकी स्थिति मजबूत की है।

दक्षिण में भाजपा के विस्तार में केरल का भी महत्वपूर्ण स्थान है। हालांकि, परंपरागत रूप से यहां एलडीएफ व यूडीएफ का वर्चस्व रहा है, पर भाजपा कुछ क्षेत्रों में स्वयं को मजबूत कर रही है। मोदी ने केरल पर बहुत ध्यान दिया है। इससे भाजपा की दूरगामी रणनीति स्पष्ट होती है कि वह यहां विश्वसनीय विकल्प के रूप में उभरना चाहती है। भाजपा समावेशी विकास तथा केरल में सुशासन का अपना दृष्टिकोण सक्रिय रूप से उजागर कर रही है। हालांकि, दक्षिण भारत में भाजपा की बढ़त में अनेक चुनौतियां भी हैं। पार्टी को तमिलनाडु और केरल में भारी राजनीतिक विरोध का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही क्षेत्र का विविधतापूर्ण भाषाई व सांस्कृतिक ढांचा एक व्यावहारिक दृष्टिकोण की मांग करता है जिसमें स्थानीय संवेदनाओं व पहचानों का सम्मान किया गया हो। ऐसे में अपने एजेंडे को स्थानीय लोगों की आकांक्षाओं तथा मोदी के नेतृत्व से जोड़ कर भाजपा तमिलनाडु और केरल में मजबूत शक्ति के रूप में उभरना चाहती है, लेकिन यह काम बहुत आसान नहीं है। भाजपा की दक्षिण भारत में उपस्थिति बहुत कम है और यह स्थिति बदलने में कुछ समय तथा प्रयासों की आवश्यकता है। देश के दक्षिण भारत में मोदी के प्रचार अभियान से कुछ लाभ मिल सकता है, पर इसके लिए थोड़ी प्रतीक्षा करनी होगी। निश्चित रूप से भाजपा ने पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत में जमी बर्फ तोड़ने में सफलता पाई है, लेकिन इसमें भी काफी समय लगा है। निश्चित रूप से दक्षिण में किए भाजपा के प्रयास बेकार नहीं जाएंगे और भावी चुनावों में सफलता का मार्ग खोलेंगे।

# रिजर्व बैंक ने बनाए रखी यथास्थिति

**भारतीय रिजर्व बैंक ने मुद्रास्फीति पर नजर रखते हुए कठोर मौद्रिक नीति बनाए रखी है। हालांकि, इसके आर्थिक वृद्धि पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर थोड़ी चिन्ता है।**



उत्तम गुप्ता
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)




भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने 5 अप्रैल, 2024 को वर्तमान वित्त वर्ष की पहली छमाही के लिए छः सदस्यों वाली मौद्रिक नीति समिति-एमपीसी बैठक के निर्णयों की घोषणा की। उन्होंने कहा, 'अब हाथी टहलने चला गया है और लगता है कि वह जंगल में लौट रहा है। हम चाहते हैं कि हाथी जंगल में लौट जाए और वहां स्थाई रूप से बना रहे।' शक्तिकांत दास हाथी के प्रतीक का प्रयोग खुदरा मुद्रास्फीति के लिए कर रहे थे जिसका प्रतिनिधित्व उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-सीपीआई से होता है। अप्रैल, 2022 में 7.8 प्रतिशत की ऊंचाई पर पहुंचने के बाद सीपीआई में गिरावट आई ओर वह दिसंबर, 2023 में 5.7 प्रतिशत पर पहुंच गया। इसके बाद उसमें और गिरावट आई तथा वह जनवरी-फरवरी, 2024 में 5.1 प्रतिशत पर पहुंच गया।

उनकी इच्छा है कि सीपीआई में गिरावट जारी रहे और वह टिकाऊ आधार 'लक्ष्य' पर स्थिर बना रहे। चीजों को सही परिप्रेक्ष्य में देखने के लिए हमें कुछ तथ्यों पर गौर करना चाहिए। 2016 में केन्द्र सरकार ने एक संस्थागत ढांचा तैयार किया ताकि एमपीसी को मौद्रिक नीति बनाने तथा मुद्रास्फीति को लक्षित प्रमुख ब्याज दरें निर्धारित करने में सफलता मिले। इसने आरबीआई को नीतिगत दर, यानी आरबीआई द्वारा बैंकों को दिए जाने वाले कर्ज की ब्याज दर इस तरीके से निर्धारित करने का आदेश दिया जिससे सीपीआई को 4 प्रतिशत के दो प्रतिशत अधिक या कम के लक्ष्य पर पांच साल के लिए निर्धारित करना संभव हो। यह अवधि 31 मार्च 2021 तक के लिए निर्धारित थी। लेकिन इसके बाद यह सीमा रेखा बढ़ा कर 31 मार्च, 2026 कर दी गई।

आरबीआई मुद्रास्फीति पर नियंत्रण के लिए दो प्रमुख मौद्रिक नीति उपकरणों का प्रयोग करती है जिनमें नीतिगत दर तथा तरलता, यानी बैंकिंग व्यवस्था को उपलब्ध होने वाला कर्ज। इसके साथ ही वह उच्च तथा समावेशी आर्थिक विकास बनाए रखने के लिए भी प्रतिबद्ध है। लेकिन व्यवहार में वह मुद्रास्फीति को सीमा में रखने पर ज्यादा ध्यान देती है। इसके बावजूद मुद्रास्फीति के मोर्चे पर भी वह पूरी तरह सफल नहीं है। कुछ तथ्यों पर गौर करें। दिसंबर, 2018 में शक्तिकांत दास के जिम्मेदारी संभालने के समय अर्थव्यवस्था ढलान पर थी ओर 2018-19 की की तीसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर गिर रही थी। उस समय उनके पूर्ववर्ती उर्जित पटेल के कठोर दृष्टिकोण के कारण नीतिगत दर 6.5 प्रतिशत के शिखर पर थी। फरवरी, 2019 के बाद दास ने नीतिगत दर में आक्रामक रूप से कटौती की जो मई, 2020 में 4 प्रतिशत पर पहुंच गई। लेकिन इस कटौती के बावजूद आर्थिक वृद्धि तेज नहीं हुई।

2019-20 में जीडीपी वृद्धि दर ऐतिहासिक रूप से गिर कर 4 प्रतिशत पर पहुंच गई। 2020-21 में यह कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के दुष्प्रभाव के कारण माइनस 6.6 प्रतिशत पहुंच गई। 2021-22 में जीडीपी वृद्धि दर में तेजी आई और हय 8.9 प्रशित पहुंची। हालांकि, तर्क दिया जा सकता है कि कम ब्याज दर ने वृद्धि में सहायता की, पर यह तथ्य अपनी जगह है कि इसका कारण कोराना संबंधी नियंत्रण हटने से आर्थिक गतिविधियों की बहाली थी। हालांकि, उस वित्त वर्ष में पहली तीन तिमाहियों में मुद्रास्फीति कम ब्याज दर के बावजूद लक्षित सीमा में बनी रही।

जनवरी, 2022 के बाद से मुद्रास्फीति में बढ़ोत्तरी हुई और 2022-23 में अधिकांश समय तक यही स्थिति बनी रही। इस वृद्धि के कारण आरबीआई ने 'मुद्रास्फीति लक्षित' रणनीति पर कदम बढ़ाए। मई, 2022 में इसने वित्त वर्ष की पहली छमाही में नीतिगत दरों में 1.4 प्रतिशत वृद्धि की7 इसके बाद उसने दूसरी छमाही में फिर इसमें 1.1 प्रतिशत वृद्धि की। इस प्रकार फरवरी, 2023 तक इसमें कुल 2.5 प्रतिशत वृद्धि हुई और यह पहले की तरह 6.5 प्रतिशत के शिखर पर पहुंच गई। इसके बावजूद मुद्रास्फीति पूरे 2022-23 में पहले की तरह बनी रही।

अप्रैल, 2023 में इसे स्वीकार करते हुए शक्तिकांत दास ने कहा था, 'जब हमने फरवरी, 2019 में वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए दरों में कटौती की तो सीपीआई मुद्रास्फीति लगभग 2 प्रतिशत तथा नीतिगत रेपो दर 6.50 प्रतिशत थी। अब नीतिगत दर 6.50 प्रतिशत है, पर मुद्रास्फीति 6.4 प्रतिशत है।' दूसरे शब्दों में आरबीआई ने स्वीकार किया कि वह नीतिगत दरों को बढ़ा कर भी मुद्रास्फीति को 6.4 प्रतिशत पर ही बनाए रख सका था। फरवरी, 2023 के बाद छः नीतिगत समीक्षायें हो चुकी हैं, पर आरबीआई ने नीतिगत दर बिना किसी परिवर्तन के 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखी है। यह इस तथ्य के बावजूद था कि सीपीआई मुद्रास्फीति दर जुलाई, 2023 में 7.4 प्रतिशत से गिर कर सितंबर, 2013 में 5 प्रतिशत, अक्टूबर, 2023 में 4.8 प्रतिशत तथा जनवरी-फरवरी, 2024 में 5.1 प्रतिशत पर पहुंच गई। इस प्रकार पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में यह 5.4 प्रतिशत पर बनी रही जो अधिकतम लक्षित सीमा 6 प्रतिशत से कम है।

अप्रैल, 2024 की समीक्षा में आरबीआई ने नीतिगत दर को अपरिवर्तनीय 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखा है। यह उसके इस आंकलन के बावजूद है कि सीपीआई मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 2024-25 में 4.5 प्रतिशत पर बनी रहेगी जो 4 प्रतिशत से दो प्रतिशत अधिक या कम की लक्षित सीमा में है। इसके बावजूद केन्द्रीय बैंक का निर्णय शक्तिकांत दास द्वारा परिभाषित 'अंतिम स्तर पर मुद्रासंकुचन सुनिश्चित' करने की आवश्यकता पर आधारित है। ऐसे में जब तक मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत के लक्ष्य पर नहीं आ जाती है तब तक ब्याज दरों में कटौती शुरू नहीं होगी। यदि वास्तव में रिजर्व बैंक का यही इरादा था तो दो प्रतिशत अधिक या कम की अवधारणा क्यों बनाए रखी गई है। आरबीआई ने एक नीतिगत दृष्टिकोण और बनाए रखा है जिसका लक्ष्य 'विड्राल आफ एकमोडेशन' है। यह शब्दावली दास ने जून, 2019 में गढ़ी थी जब उन्होंने नीतिगत दरों में कटौती और कर्ज उपलब्धता में वृद्धि के मामले में 'एकमोडेटिव' दृष्टिकोण की बात कही थी। जून, 2022 के बाद से आरबीआई ने अपना यह दृष्टिकोण उलट दिया है और अब तक विड्राल आफ एकमोडेशन पर दृढ़ है। दास ने दिसंबर, 2023 में द्वैमासिक नीति समीक्षा में एक नई शब्दावली गढ़ी जिसे अब 'एक्टिवली डिसइन्फ्लेशनरी' कहा जाता है। आखिरकार आरबीआई अपना कठोर नीतिगत दृष्टिकोण क्यों नहीं छोड़ना चाहता है। जब ईंधन व भोजन को छोड़ कर प्रमुख मुद्रास्फीति 3.4 प्रतिशत पर बनी हुई है जो आरबीआई के वर्तमान 4 प्रतिशत के लक्ष्य से नीचे है और ईंधन की कीमतों में पूरे साल कोई परिवर्तन नहीं आया है।

उसकी मुख्य चिन्ता खाद्य पदार्थों में मुद्रास्फीति की है। जुलाई, 2023 में यह 11.8 प्रतिशत से गिर कर अक्टूबर, 2023 में 6.6 प्रतिशत रह गया। हालिया महीनों में इसमें थोड़ी वृद्धि हुई है और यह 8 प्रतिशत है। खाद्य पदार्थों की मुद्रास्फीति पर बहुत अधिक ध्यान देना उचित नहीं है। पहला, वर्तमान सीपीआई बास्केट में खाद्य पदार्थों का हिस्सा लगभग 39 प्रतिशत है। लेकिन इसका आधार 2011-12 का उपभोक्ता खर्च सर्वेक्षण-सीईएस है। 2022-23 के आंकड़ों से स्पष्ट है कि सीईएस में काफी गिरावट आई है। इस सुधार के साथ सीपीआई में खाद्य पदार्थों की मुद्रास्फीति के प्रभाव में काफी गिरावट आएगी। खाद्य वस्तुओं में मुद्रास्फीति का प्रमुख कारण मुख्यतः मौसमी कारणों से सप्लाई श्रृंखला में आने वाली बाधा होती है।

पिछले दो साल में गेंहूं की पैदावार 2021-22 में ज्यादा गरमी तथा 2022-23 में बैमौसम बरसात तथा ओले गिरने से प्रभावित हुई। जुलाई, 2023 में सब्जियों के दाम में वृद्धि भी मौसमी कारणों से थी। ऐसे में आरबीआई नीतिगत दरें बढ़ाने या कर्ज उपलब्धता घटाने के माध्यम से ज्यादा कुछ प्राप्त नहीं कर सकता है। उसे मांग पक्ष के बजाय समस्या ग्रस्त सप्लाई पक्ष पर ध्यान देना चाहिए। शक्तिकांत दास ने कहा है कि कृषि एवं ग्रामीण गतिविधियों में सक्रियता उत्साहजनक है। ऐसे में रिजर्व बैंक को उपयुक्त कदम उठाने चाहिए।

# चीन की व्यापारिक गतिविधियों से परेशान अमेरिका

> सबसे बड़ी चिंताओं में से एक चीन की विघटनकारी व्यापार प्रथाएं हैं, जो अमेरिकी हितों को नुकसान पहुंचा रही हैं और उसके कारखानों की उत्पादकता प्रभावित हो रही है।



कुमारदीप बनर्जी
(लेखिका, शिक्षाविद हैं)




चीन एशियाई देश की कई हाई-प्रोफाइल यात्राओं के साथ पश्चिमी रडार पर वापस आ गया है। इस सप्ताह अमेरिकी ट्रेजरी सचिव जेनेट येलेन ने एक साल से भी कम समय में अपनी दूसरी चीन यात्रा की, जहां उन्होंने कई व्यापार मुद्दों पर अमेरिका की गहरी चिंताओं के संबंध में चीनी सरकार के अधिकारियों के साथ दृढ़ और विनम्र व्यवहार किया।

येलेन द्वारा उजागर की गई सबसे बड़ी चिंताओं में से एक चीन की विघटनकारी व्यापार प्रथाएं हैं, जो अमेरिकी हितों को नुकसान पहुंचा रही हैं और इसके कारखानों की उत्पादकता को प्रभावित कर रही हैं, खासकर इलेक्ट्रिक वाहनों, सौर ऊर्जा उपकरण और लिथियम-आयन बैटरी में। बीजिंग में एक संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए, जेनेट येलेन ने कहा, चीनी अर्थव्यवस्था की कुछ विशेषताएं हैं जिनका अमेरिका और दुनिया पर नकारात्मक प्रभाव बढ़ रहा है। मैं इस बात को लेकर विशेष रूप से चिंतित हूं कि कैसे चीन के स्थायी व्यापक आर्थिक असंतुलन, अर्थात् इसकी कमजोर घरेलू खपत और व्यापार में अत्यधिक निवेश, विशिष्ट औद्योगिक क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर सरकारी समर्थन से बढ़ गया है - संयुक्त राज्य अमेरिका और दुनिया के बाकी हिस्सों में श्रमिकों और व्यवसायों के लिए महत्वपूर्ण जोखिम पैदा करेगा।

वह जिस बात को उजागर करना चाहती थी वह चीन में विशाल विनिर्माण परिसरों द्वारा बनाई गई भारी आपूर्ति की प्रचुरता थी। उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजारों में भारी मात्रा में सस्ते चीनी उत्पादों की बाढ़ आ रही है, जिससे न केवल अमेरिका बल्कि दुनिया भर में घरेलू विनिर्माण को खतरा है। चीनी सरकार की औद्योगिक नीति दुनिया भर में कई वस्तुओं की कीमतों को अनुचित रूप से प्रभावित कर रही थी। उन्होंने उल्लेख किया कि लगभग एक दशक पहले पीआरसी सरकार के समर्थन के कारण स्टील की कीमतें सस्ती हो गई, जिसने अमेरिका और दुनिया में कई उद्योगों को नष्ट कर दिया और इसकी पुनरावृत्ति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जेनेट येलेन की चीन यात्रा के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा का पेचीदा मुद्दा भी सामने आया. उन्होंने रूस को चीनी समर्थन के संबंध में अमेरिका की चिंताओं को सावधानीपूर्वक व्यक्त किया और कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा के बारे में भी हमारे बीच कठिन बातचीत हुई। राष्ट्रपति बिडेन और मैं उस सामग्री के प्रवाह को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो रूस के रक्षा औद्योगिक आधार का समर्थन कर रही है और यूक्रेन के खिलाफ युद्ध छेड़ने में मदद कर रही है। हम रूस की सैन्य खरीद में पीआरसी समेत किसी भी कंपनी की भूमिका को लेकर चिंतित हैं। मैंने इस बात पर जोर दिया कि पीआरसी सहित कंपनियों को रूस के युद्ध के लिए सामग्री सहायता नहीं देनी चाहिए और यदि वे ऐसा करते हैं तो उन्हें महत्वपूर्ण परिणाम भुगतने होंगे।

जब जेनेट येलेन अपना चीन दौरा समाप्त कर रही थीं, तब चीनी वाणिज्य मंत्री यूरोपीय सांसदों को यह समझाने के लिए यूरोप पहुंचे थे कि अतिरिक्त इलेक्ट्रिक वाहन क्षमता/आपूर्ति एक मिथक थी और यह केवल चीन में कुशल कारखानों का परिणाम था। पेरिस में एक बातचीत के दौरान चीनी वाणिज्य मंत्री वांग बेटाओ ने बाद में एक बयान जारी किया जिसमें कहा गया था कि चीन की इलेक्ट्रिक वाहन कंपनियां प्रतिस्पर्धी लाभ हासिल करने के लिए सब्सिडी पर निर्भर न होकर तेजी से विकास के लिए निरंतर तकनीकी नवाचार, सही उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला प्रणाली और पूर्ण बाजार प्रतिस्पर्धा पर भरोसा करती हैं। लाभ, भारत अपने इलेक्ट्रिक वाहन उत्पादन को तेजी से बढ़ा रहा है, हालांकि इसे कई आपूर्ति-पक्ष बाधाओं का सामना करना पड़ता है, मुख्य रूप से उन घटकों पर जिनका प्रमुख निर्यातक चीन है।

भारत को चीनी इलेक्ट्रिक वाहन क्षमता की बराबरी करने में लगभग एक दशक का समय लगेगा और हरित ईंधन की ओर बढ़ने के लिए अमेरिकी और यूरोपीय कंपनियों से भारी निवेश की आवश्यकता होगी। अगली भारतीय सरकार अपने पहले 100-दिवसीय एजेंडे में मौजूदा इलेक्ट्रिक वाहन नीति में बदलाव करने की संभावना है। लंबित यूरोप भारत प्रौद्योगिकी और व्यापार परिषद की बैठक वर्ष के अंत से पहले निर्धारित होने की संभावना नहीं है। इसी तरह, किसी भी महत्वपूर्ण यूएस-भारत व्यापार नीति मंच की बातचीत के लिए अगले साल की शुरुआत तक इंतजार करना होगा। हालाँकि, भारत सरकार का स्पष्ट नीतिगत दृष्टिकोण और आउट-ऑफ़-द-बॉक्स सोच अभी भी स्वच्छ वाहन ईंधन के लिए भारत का दिन जीत सकती है।

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

### सेंसेक्स की छलांग

**गत 5 वर्षों** में ही सेंसेक्स दो गुना हो गया जिससे कई लोगों ने अच्छा खासा पैसा कमाया। मोदी के सत्ता में आने के समय 25 हजार वाला सेंसेक्स अब 75 हजार पर पहुंच गया है और इसके तेजी से आगे बढ़ने की उम्मीद है। लेकिन उसकी इस छलांग के पीछे अनेक कष्टदायक कथायें भी छिपी रहती हैं। हर वर्ष कई नए आईपीओ जारी किए जाते हैं जो शुरुआत में तो अच्छा दम भरते हैं। मगर उनमें से लगभग 25 से 30 पतिशत तक अपनी वैल्यू के मात्र 10 प्रतिशत या उससे भी कम पर आ जाते हैं। जिसमें निवेशकों का विशेष तौर से छोटे निवेशकों का अच्छा खासा पैसा डूब जाता है। सोशल मीडिया पर इन दिनों मुकेश अंबानी से लेकर कई इकोनॉमिक्स विशेषज्ञों की फोटो के साथ रातों-रात मालामाल होने के दावे करने वाले विज्ञापनों की बाढ़ सी आ गई है। जो कि शरू में मुनाफा देकर फिर अपने अकाउंट में निवेशक का पैसा डलवा कर गायब हो जाते हैं। इन पर भी सेबी या वित्त मंत्रालय का कोई नियंत्रण नहीं है। वित्त मंत्रालय को देश में और सोशल मीडिया पर निवेशकों को ठगने वाली गतिविधियों पर निगरानी रखना होगी। निवेशकों को भी विश्वसनीय संस्थाओं के माध्यम से ही व्यापार करना चाहिए। शेयर बाजार के बारे में जन-शिक्षण व जागरूकता तथा वित्तीय-साक्षरता की भी जरूरत है।

**– विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### सड़क दुर्घटनायें

**भयानक सड़क दुर्घटनायें** अक्सर सुर्खियों में छाई रहती हैं। हरियाणा में एक स्कूल बस के पलटने से 8 बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई और 37 घायल हो गए। बताते हैं कि ड्राइवर नशे में था। महाराष्ट्र में कार ओवरटेक करते समय ट्रक से भिड़ी जिसमें 4 लोगों की मौत हो गई। कहीं ड्राइवर के नशे में होने, कहीं अचानक ब्रेक लगने तो कहीं ओवरटेक करने से दर्दनाक सड़क दुर्घटनाओं की खबरें आती रहती हैं। इनके कारणों पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि देश में हर साल सैकड़ों सड़क दुर्घनाएं किसी न किसी की लापरवाही से होती हैं। वाहन चालक तो जिम्मेदार हैं ही किन्तु हमारे सरकारी अधिकारी भी कम जिम्मेदार नहीं हैं। इनमें परिवहन, ट्रैफिक विभाग हो या स्थानीय निकायों के लोग शामिल हैं। दुर्घटना के बाद सब सक्रिय हो जाते हैं। लेकिन समय बीतते ही उनको न ख़राब वाहनों की चिंता होती है और न ही ख़राब गड्ढेनुमा सड़कों, खुले मेनहोल, ऊँचे-नीचे अधोमानक गतिरोध और न ही आबादी वाले गाँव-शहरों की सड़कों पर रात में बिजली की समुचित व्यवस्था की। सड़क दुर्घटनाओं को स्थाई रूप से घटाने और रोकने के लिए स्थानीय स्तर पर जिम्मेदारी और जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए।

**– शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### महिलाओं की उपस्थिति

**भारत** के प्रधान न्यायाधीश-सीजेआई न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने बार समेत न्यायपालिका में महिलाओं के प्रतिनिधित्व के समुचित जरूरत पर भी जोर दिया। सीजेआई ने इस बात पर प्रकाश डाला कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया में एक भी महिला पदाधिकारी नहीं थी। इसी तरह उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की कार्यकारी समिति में केवल एक महिला सदस्य थी। सीजेआई ने एक सटीक मुद्दा उठाया है। वर्तमान में अनेक महिलाएं वकालत के क्षेत्र में नाम कमा रही हैं। इसके साथ ही विभिन्न न्यायिक परीक्षाओं के माध्यम से निचली अदालतों में आने वाली महिलाओं की संख्या भी बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में उच्च न्यायालयों व सर्वोच्च न्यायायलय में महिला न्यायाधीशों की कम संख्या चिन्ताजनक है। सीजेआई को गौर करना चाहिए कि कहीं इसका कारण कॉलेजियम व्यवस्था तथा न्यायपालिका में सर्वोच्च स्तर पर व्याप्त पुरुष श्रेष्ठता की भावना तो नहीं है। न्यायपालिका में सभी स्तरों के साथ ही पुलिस, अभियोजन तथा प्रशासन में जमीनी स्तर पर महिलाओं की उपस्थिति बढ़ाने के हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए। इससे बेहतर प्रशासन के साथ सामाजिक सुधार में भी तेजी आने की उम्मीद बढ़ेगी।

**–सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

# कांग्रेस पार्टी पाकिस्तानी और आतंकवादियों की भाषा बोल रहा

# राहुल गांधी को भी देश की जनता ने नकारा : केदार कश्यप



पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

कवासी लखमा द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी के ऊपर किये गए विवादित बयान पर हुए एफआईआर और राहुल गांधी के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर भाजपा के कद्दावर मंत्री केदार कश्यप ने बालोद में बड़ा हमला करते हुए कहा की कांग्रेस पार्टी कवासी लखमा को टूल किट के रूप में उपयोग कर रही है। वही केदार कश्यप ने कहा कि नरेंद्र मोदी को गाली देने वाले में खालिस्तानी, पाकिस्तानी, आतंकवादी हो सकते है, तो क्या हम ये समझे कांग्रेस पार्टी के लोग पाकिस्तानियों की भाषा बोल रहे है या आतंकवादियों की भाषा बोल रहे है। चुनाव आयोग ऐसे हेट स्पीच करने वालो के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करें। वही केदार कश्यप ने राहुल गांधी के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर भी बड़ा बयान दिया, उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अपनी जमीन तलाशने आये है। लेकिन उनकी जमीन खिसक चुकी है और छत्तीसगढ़ की जनता उन्हें पूरी तरह नकार चुकी है। देश की जनता भी उन्हें नकार चुकी है। इसीलिए कभी वो अमेठी से वायनाड की ओर भगाते है तो आने वाले समय में भी वो वायनाड से भागेंगे। आने वाले समय मे राहुल गांधी की भारत मे रहने के लायक स्तिथि नही बनेगी। दरअसल रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को जिला मुख्यालय बालोद के सरयू प्रसाद अग्रवाल में विशाल जनसभा को संबोधित करने पहुचे थे, जहां उन्होंने कांकेर लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग के पक्ष में वोट देने की अपील की। उक्त आयोजित कार्यक्रम में मंत्री केदार कश्यप सहित भाजपा के कई दिग्गज नेता शामिल हुए थे।

### पूरे देश में भाजपा के पक्ष में वातावरण– केदार

वही मंत्री केदार कश्यप छत्तीसगढ़ में पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित भाजपा के स्टार प्रचारकों के दौरे को लेकर कहा कि सभी शीर्ष नेतृत्व का दौरा हमारे छत्तीसगढ़ में चल रहा है। आज दंतेवाड़ा और बालोद में केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का कार्यक्रम हैं, जहां वे विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। केदार ने कहा कि राजनाथ सिंह छत्तीसगढ़ से भलीभांति परिचित है, क्योकि वे यहां के प्रभारी भी रहें हैं। पूरे देश में जो भाजपा के पक्ष में वातावरण है, और छत्तीसगढ़ में 11 सीट भाजपा जीतेगी। कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नही है। केदार ने कन्हैय्या कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि हमारे यहां ऐसे नेता है जो देश हित की बात करते है। दूसरी ओर कांग्रेस उन नेताओं को भेजती है जो देश को तोड़ने के पक्षधार रहते हैं, जो अफजल गुरु को सहयोगी बताते हैं। जो सेना के ऊपर टिप्पणी करते हैं। माता बहनों के साथ बलात्कार करते है। ये उनके व्यक्त त्व होते है, ऐसे कन्हैय्या कुमार टुकड़े टुकड़े गैंग के साथ खड़े दिखाई देते है। उनको इस छत्तीसगढ़ की धरती पर जहर घोलने के लिए भेजा जाता हैं। तो निश्चित तौर पर छत्तीसगढ़ के लोग इतने बेवकूफ नही है, वो सब समझते है। आने वाला परिणाम में छत्तीसगढ़ में 11 सीट भाजपा जीतेगी।

# चैत्र नवरात्र प्रतिपदा से नवमीं तक राज्यभर में वत्सला का महा कन्यापूजन




पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

चैत्र नवरात्रि के अवसर पर प्रतिपदा से लेकर नवमी तक राजभर में वह वत्सला बहु आयामी संस्थान द्वारा महा कन्या पूजन का कार्यक्रम किया जा रहा है स्कंद पुराण के अनुसार शक्ति की उपासना के पर्व नवरात्र में कन्या पूजन का विशेष महत्व है। इसी मान्यता को अनुसरण करते हुए जिले की सेवा धारी वत्सला संस्था वर्तमान चल रहे चैत्र नवरात्र के प्रतिपदा से ग्रामीण क्षेत्र के अलग अलग आगनवाड़ी केंद्रों में प्रतिदिन कन्या पुजन का आयोजन कर रही है। इस नौ दिवसीय महा कन्यापूजन में केंद्रों के सभी 3से 6आयु की कन्याओं का आरती, श्रृंगार पूजन के साथ पुरी, खीर, हलवा का भोग प्रदान किया जरहा है। अभी तक, ग्रामीण बीजाभाट, ताला, कोबिया, मानपुर, मुड़पार केंद्र में आयोजन संपन्न हुआ है। यहां के बच्चे इस तरह की सेवा मिलने पर विशेष प्रसन्नता जाहिर कर रहे हैं। महा पंचमी के पावन अवसर पर मुड़पार आ बा केन्द्र के इस दैवीय कार्यक्रम में वत्सला कार्यकारिणी से संस्था प्रमुख ज्योती सिंघानिया, बेमेतरा अध्यक्ष स्वीटी सलूजा के साथ, मंजू मोटवानी, पूनम सलूजा, पूर्णिमा पटेल, अनिता साहू, कीर्ति सिंघानिया, विजया लखोटिया की उपस्थिति रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार वत्सला के सभी इकाइयों द्वारा यह सेवा छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों में प्रदान की जा रही है, जिसका समापन राम नवमी के दिन विशाल अयोजन के साथ किया जाएगा।

# मां महामाया धाम में हुआ पंचमी में किया गया मां का विशेष श्रृंगार



### ग्राम हसदा में श्री धाम अयोध्या से पधारे यज्ञाचार्य

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सनातन हिंदू धर्म में चैत्र मास से नव सवतसर प्रारंभ हो जाता है जिसके उपलब्ध में पूरा विश्व मां के भक्ति में सरा बोर हो जाता है ऐसे ही वैदिक रीति जिला बेमेतरा के अंतर्गत ग्राम हसदा में चैत नवरात्रि के पावन पर्व में मनोकामना ज्योति प्रज्वलन के साथ मां महामाया के आंचल में शत चंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया है जिसमे श्री धाम अयोध्या सहित आरंग रायपुर से पहुंचे आचार्यों के माध्यम से वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ मुख्य यजमानों के द्वारा विश्व कल्याण एवम सुख समृद्धि के लिए आहुति प्रदान की जा रही है अरणि मंथन याज्ञनिक विधि द्वारा अग्नि देव का आवाहन के साथ यज्ञ देव को प्रज्वलित किया गया है। प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में भक्त शालिम हो रहे है पंचमी के अवसर पर षोडशोपचार के माध्यम से मां का अभिषेक कर श्रृंगार किया गया। समिति के अध्यक्ष भगवती परगनिहा ने बताया की की ग्राम हसदा में स्थित भूमि फोड़ मां महामाया देवी के दर्शन मात्र से व्यक्ति की मनोकामना पूरा हो जाता है इसके चलते मां की इस अलौकिक स्वरूप की दर्शन के लिए दूर दूर से भक्त पहुच रहे है प्रति दिवस मां गंगा आरती के तर्ज पर संध्या कालीन आरती होती है पश्चात प्रसाद वितरण के साथ जस गीत में देर रात्रि तक भक्तो का ताता लगा रहता है। कार्यक्रम से पूरे क्षेत्र में भक्ति मय वातावरण बना हूवा है।

# चन्द्र कुमार उर्फशेखर चौहान को बेमेतरा जिला बदर किया



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रणबीर शर्मा ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 05 (ख) के तहत चंद्रकुमार ऊर्फशेखर चौहान पिता मनहरण चौहान उम्र 25 साल निवासी वार्ड नं. 02 विद्यानगर बेमेतरा थाना व जिला बेमेतरा को जिला बेमेतरा एवं सीमावर्ती जिलों से निष्कासित (जिला बदर) कर दिया है। संबंधित के विरुद्ध आगामी 6 महिने के लिए बेमेतरा जिले के सीमावर्ती जिला दुर्ग, कबीरधाम, रायपुर, मुंगेली, बलौदाबाजार, बिलासपुर, राजनांदगांव, खैरागढ-छुईखदान-गंडाई तथा जिला बेमेतरा की सीमाओं से बाहर रहने का आदेश जारी करते हुए जिला बदर की कार्यवाही की है। 24 घंटे के भीतर जिले से बाहर जाना होगा। जिला दंडाधिकारी ने इस आदेश के प्रभावशील रहने की अवधि तक बिना उनके वैधानिक पूर्वानुमति के बेमेतरा एवं जिले की सीमाओं में प्रवेश नहीं करने कहा है। इस आदेश का पालन नहीं करने पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा विभिन्न अपराधिक संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त 7 लोगों को नोटिस और 4 को कारण बताओ नोटिस जारी किए है। उल्लेखनीय है क पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में चंद्रकुमार ऊर्फ शेखर चौहान पिता मनहरण चौहान उम्र 25 साल निवासी वार्ड नं. 02 विद्यानगर बेमेतरा थाना व जिला बेमेतरा के विरूद्ध छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 05 (ख) के अंतर्गत जिला बेमेतरा एवं सीमावर्ती जिलों से निष्कासित (जिला बदर) करने के लिए प्रस्तावित किया गया था। पुलिस अधीक्षक द्वारा चंद्रकुमार ऊर्फ शेखर चौहान को आदतन अपराधिक गतिविधियों में लगातार लिप्त रहने, लगातार अपहरण, लडाई झगडा, मारपीट, बलात्कार आदि गतिविधि करना बताया गया है।

# डी.ए.व्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में मनाया गया अम्बेडकर जयंती

### अम्बेडकर जयंती के पूर्व संध्या में डी.ए.व्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जाँता में हुए विविध आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिले के एक मात्र सीबीएसई डी ए वी एम पी एस स्कूल जांता में डॉ भीमराव अंबेडकर सविधान निर्माता, की जयंती के पूर्व संध्या विद्यालय में विविध कार्यक्रम जिसमे निबंध लेखन, चित्रकला, भाषण, व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता? आदि का विभिन्न आयोजन किया गया।, संविधान शिल्पी डॉ. भीमराव आंबेडकर की 14 अप्रैल,दिन रविवार को इस वर्ष 134 वीं जयंती के रूप में पूरे भारत देश सहित पूरी दुनिया में एक उत्सव के रूप में मनाई जाएगी। अम्बेडकर जयंती को 'समानता दिवस' और 'ज्ञान दिवस' के रूप में भी मनाया जाता हैं। संस्था के प्राचार्य श्री पी एल जायसवाल के मार्गदर्शन में एक्टविटी इंचार्ज श्री राजा तंतुवेय, छोटु राम साहू व अखिलेश पटेल के नेतृत्व में आज डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में आनेको कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमे स्कूल के छात्र -छात्रो नें बढ़- चढ़ कर कार्यक्रम में भाग लिया । अम्बेडकर जी के जयंती के पूर्व संध्या में शनिवार को सभी विद्यालय एक्टिविटी हाऊस के चारों हाऊस के विद्यार्थियों में निबंध लेखन, भाषण, चित्रकला,व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता सहित अम्बेडकर जी के जीवन परिचय के व्याख्यान किया गया। विद्यालय के प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में श्रद्धानन्द हाऊस 4 अंक एवं महात्मानन्द 4 अंक दोनों हाऊस के समान 4 अंक के साथ प्रथम रहा। विवेकानंद हाऊस 3 अंक के साथ द्वितीय रहा, एवं दयानंद हाऊस 2 अंक के साथ तृतीय रहा।सभी प्रतिभागियों को प्राचार्य द्वारा सर्टिफिक्रेट देकर सम्मानित भी किए गए। प्राचार्य श्री पी एल जायसवाल के द्वारा सर्वप्रथम दीपमज्योति प्रजवल्लित व , गायत्री मंत्र के उच्चारण व डी ए वी गान के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ करते हुए उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि अम्बेडकर विपुल प्रतिभा के छात्र थे। उन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ़ इकोनॉमिक्स दोनों ही विश्वविद्यालयों से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधियाँ प्राप्त कीं तथा विधि, अर्थशास्त्र और राजनीतिज्ञ भी थे। समाज में ब्याप्त कुरूतियों और छुआछूत की प्रथा से लोगों को बाहर आने के लिए अनेकों महान कार्य किए। सन 1990 में, उन्हें भारत रत्न, भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से मरणोपरांत सम्मानित किया गया था। 14 अप्रैल को उनका जन्म दिवस अम्बेडकर जयंती के तौर पर भारत समेत दुनिया भर में मनाया जाता है। श्री जायसवाल ने सभी छात्र-छात्राओं शिक्षक माता-पिता को श्री अम्बेडकर जी के जयंती के बधाई व शुभकामनाएं दिए, कार्यक्रम का संचालन छोटु राम साहु ने किया, प्राचार्य, शिक्षक व सभी छात्रों ने कार्यक्रम के अंत मे एक साथ शान्ति पाठ करते हुए कार्यक्रम की समापन किया। विद्यालय से शिक्षक ललित देवांगन,अखिलेश पटेल,राहुल पटेल, निशु गुप्ता,अनिल चन्द्रवंशी, ज्ञानेश्वर साहू, मनीषा सोनी, दीपिका वर्मा, आयुषी जैन, कैलाश सिंह, गोविंद प्रसाद साहू,राजा तंतुवाय, रेणुका पटेल, छोटु साहू, सुमित्रा पटेल,सरिता साहू, रितिका साहु, सविता साहु,आरती धीवर, सुखदेव साहू, विजय चंद्राकर,गीता, युवराज, नरेश सहित सभी के सहयोग से कार्यक्रम सफ्ल हुए।

# महिला सशक्तिकरण के लिए साहू समाज की ओर से उठाए जा रहे कदम अनुकरणीय : योगेश तिवारी

### भक्त माता कर्मा जयंती समारोह में शामिल हुए भाजपा नेता योगेश तिवारी



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बहेरा में भाजपा नेता योगेश तिवारी मां कर्मा जंयती पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने साहू समाज के लोगों को कर्मा जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना का क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना किया। इस अवसर पर जन समुदाय को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि साहू समाज का इतिहास बहुत ही समृद्ध रहा है। भक्त माता कर्मा जयंती के माध्यम से समाज की एकजुटता प्रदर्शित होती है। साहू समाज का छत्तीसगढ़ और देश के विकास में बहुमूल्य योगदान है। समाज की ओर से नारी शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे है। कार्य अनुकरणीय है। इस अवसर पर संतोष साहू, राजू साहू, जागेश्वर साहू, मोहन साहू, नागेश साहू, अमरनाथ साहू, राधे साहू, सीताराम साहू, नेमकुमार साहू, आशीष लुकेश, महेतरु खेलावन लेखराम साहू, शोभा साहू समेत समाज के लोग उपस्थित थे।

# कांकेर लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग ने किया डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र का दौरा

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कांकेर लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग का दौरा कार्यक्रम डौंडीलोहारा विधानसभा के डौडी मंडल में जनसंपर्क ग्राम पंचायत आमाडुला काकेडकसा जिलावाही जबकसा मंगलदाह रजलोडीह पेटेचुवा पुसावड चिहरो साल्हे मरदेल तुमडीसुर नर्रालगुडा सहित अनेक पंचायतों में हुआ ग्रामीण परिवेश में माता बहनों बुजुर्गों ने गांव के पौधों के फुल पत्ता के गुलदस्ते बनाकर भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग का स्वागत किया तथा मां दंतेश्वरी के पुजारी बैगा होने के कारण माता बहने व बच्चों के सिर पर हाथ रखवाकर आशीर्वाद लिया साथ में छाया विधायक देवलाल ठाकुर विधानसभा क्षेत्र प्रभारी राजेश ताम्रकार का भी स्वागत गांव वालों ने किया इस अवसर पर प्रत्याशी भोजराज नाग ने ग्रामीणों को संबोधित किया की देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो भी जनता से कहा है उसे कर दिखाया है अपनी गारंटी पूरी की है। महतारी वंदना का 1000 रुपया सभी के खातों में गया है कोई माता बहनें छूट गये तो उनको और अवसर मिलेगा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों का धान 3100 रु किवंटल खरीदा है, और 21 किवंटल धान खरीदा है एवं शेष बकाया राशि भी किसानों के खातों में रुपया भेज दिया है । पिछले समय का बकाया दो साल का बोनस भी खाते में डाल दिया है मोदी जी ने अपनी गारंटी पुरी की अब जनता की बारी है की कमल में बटन दबाकर मोदीजी को फिर से प्रधानमंत्री रिपीट करें । भोजराज नाग ने कहा कि बेमौसम बारिश होने के कारण किसानों को जो नुकसान हो रहा उसकी भरपाई सरकार चुनाव के बाद मुआवजा देगी तथा ग्रामीणों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कि सपना गांव गांव के मकान को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान बनाया जाएगा। देश सबसे ज्यादा घर घर में शौचालय बनाने काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है जिससे माता बहनों को लज्जित मत होना पड़े। यह योजना कारगर साबित हुई है इस आप सभी कमल में बटन दबा कर भा जा पा को विजयदिलाऐं, ताकि देश आगे तरक्की करे जनसंपर्क में छाया विधायक देवलाल ठाकुर विधानसभा क्षेत्र प्रभारी राजेश ताम्रकार मंडल अध्यक्ष मनीष झा, नगर पंचायत डौंडी सोमेश सोरी, जिला पंचायत सदस्य होरी लाल रावटे, मंडल प्रभारी सुरेश जायसवाल, अनिता कुमेटी, रामकिशन सोरी, शुभसिह कुरेटी, दिनेश अग्रवाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# व्यायाम शिक्षिका तुलसी साहू की मेहनत लाई रंग

### हॉकी एकेडमी में हुआ दो छात्राओं का चयन

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



दंगल फिल्म के डायलॉग हमारे गांव की छोरियां छोरों से कम ना हैं को बारगांव की बेटियों ने साबित कर दिखा दिया है, गर्व की बात है की ग्राम बारगांव के शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय कक्षा नवमी की छात्रा तुषा यादव एवं पूर्व माध्यमिक शाला कक्षा आठवीं की छात्रा कुमारी संजना निषाद का का चयन हाकी एकेडमी राजनादगांव में हुआ है.दोनो छात्राओं के द्वारा लगातार हाकी प्रतियोगिता में अपने खेल का उम्दा प्रदर्शन कर अनेकों पुरुस्कार प्राप्त कर चुके है, आयोजित हांकी एकेडमी ट्रायल में दोनो खिलाड़ियों द्वारा शानदार प्रदर्शन किया गया था उसी प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन हुआ है. दोनो छात्रा अपने खेल के कौशल प्रदर्शन से अपनी अलग छाप छोड़ेंगी। छात्रों के कोच एवं व्यायाम शिक्षिका तुलसी साहू ने कहा कि हॉकी मेरे लिए सिर्फ एक खेल नहीं है, यह एक सपना है जिसे मैं हर दिन ग्राउंड पर और नींद में जीती हूं.। बता दें कि व्यायाम शिक्षिका तुसली साहू खुद हॉकी में खेल चुके है कई राष्ट्रिय स्तर की प्रतियोगिता व्यायाम शिक्षिका तुलसी साहू स्वयं हॉकी में कई राष्ट्रिय स्तर की प्रतियोगिता खेल चुके है,वर्ष 2021 में व्यायाम शिक्षिका तुलसी साहू की नियुक्ति ग्राम बारगांव के शा.हायर सेकेण्डरी स्कूल में हुई,व्यायाम शिक्षिका ने अपने नियुक्ती होने के बाद से स्कूल परिसर से लगे ग्राउंड में ही हॉकी खेलना शुरू करवाया, व्यायाम शिक्षिका खेल को बढ़ावा देने गांव के घर-घर जा कर बालक एवं बालिकाओं के परिजनों से बात की तो परिजनों ने एक समय हाकी खेल को खतरनाक खेल बताकर मना कर दिया था,ऐसे में व्यायाम शिक्षिका तुलसी साहू ने अभिभावकों से समझाइश दी जिस पर अभिभावकों में हॉकी खेल खेलने की अनुमति दी शुरुआत में बालक एव बालिका हॉकी स्टिक पकड़ने से भी कतराती थी,फिर व्यायाम शिक्षिका के प्रयास रंग लाई और धीरे-धीरे टीम बनी और खेलने की शुरुवात हुई, इसके बाद विद्यालय के खिलाडियों ने पीछे मुड़ कर नहीं देखा और निरंतर कड़ी अभ्यास का ही नतीजा रहा कि लगातार गांव से छात्र एवं छात्राओं का चयन जिला स्तर, राज्य स्तर, राष्ट्रिय स्तर में हो रही है जहां वे अपने खेल का अच्छा प्रदर्शन कर मेडल अर्जित कर रहे है व्यायाम शिक्षिका तुलसी साहू रोजाना सुबह शाम स्कूल ग्राउंड में छात्र छात्राओं को हाकी खेल का निरंतर अभ्यास कराकर हाकी खेल का गुर सिखाती है।

# नवरात्रि पंचमी को किया गया पौधारोपण



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नवरात्रि के पंचमी पर्व पर पौधे लगाने के लिए पर्यावरण प्रेमी संगठन जिला बेमेतरा ग्राम कठिया में दिनेश साहू द्वारा आमंत्रित किया गया था कि घर के सामने शिव मंदिर के पास कनेर का फूल का पौधा लगाना है जो शिव भगवान को अत्यंत प्रिय है कार्यक्रम के विशेष अतिथि के रूप में पर्यावरण प्रेमी संगठन के कैमरामैन सुनील बल्लु थे इस अवसर पर दिनेश साहू ने कहा कि हम रहे या ना रहे हमारे द्वारा पेड़ पौधे लगायें को देखकर आने वाले पीढ़ी जरूर याद करेंगे और सीख लेंगे इस अवसर पर दिनेश साहू ने पर्यावरण प्रेमी संगठन को श्रीफल और गमछा पहनाकर सम्मानित किया गया जिससे अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, सचिव गणेश कुमार साहू, सदस्यगण खोमन चन्द्राकार, सुनील बल्लु, चम्मन निषाद, चिन्ताराम किसान, सविता साहू रामकृष्ण सेन, धनेश, अक्षय, डिकेन्द साहू,किशन, राजेन्द्र निषाद, मोहित साहू उपस्थित थे।

# बीएसपी प्रबंधन द्वारा डीएवी स्कूल को सीएसआर मद से दिए गए फीस का बच्चों को नहीं मिला लाभ : मुश्ताक अहमद

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

भारतीय मजदूर संघ के नेता और सांसद प्रतिनिधि मुश्ताक अहमद ने बताया कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा सीएसआर मद से गैर बीएसपी बच्चों की फीस के लिए लिए दो सत्रों से सत्र 2022-23 में 2 करोड 18 लाख एवं सत्र 2023-24 में 2 करोड 70 लाख रुपए का भुगतान डीएवी स्कूल प्रबंधन को कर चुकी है और जिसकी लिखित जानकारी सूचना के अधिकार में बीएसपी के अधिकारियों द्वारा स्वयं दिया भी गया है मगर उसके बाद भी उन पैसों का लाभ क्षेत्र की ग़रीब आदिवासियों के बच्चों को अभी तक नहीं मिला है जो कि जांच का विषय है। उसी विषय को लेकर एसडीएम आर के सोनकर ने एक बैठक आयोजित की थी जिसमें शिकायतकर्ता संघ, बीएसपी प्रबंधन, डीएवी स्कूल प्रबंधन, ब्लाक शिक्षा अधिकारी को बुलाया गया था। ऐसी मंशा थी कि महीनों से चल रहें इस समस्या का समाधान निकाला जाये, किंतु हर बार की तरह इस बैठक में भी बीएसपी के जिम्मेदार अधिकारी नहीं पहुंचे जो इस पर कोई ठोस निर्णय ले सकें। सिर्फ कार्मिक विभाग के अधिकारी को भेजा गया था जो किसी भी प्रकार का निर्णय लेने में सक्षम नहीं है सिर्फ खानापूर्ति करने के लिए बीएसपी प्रबंधन अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा था जो बहुत ही निराशाजनक है। जनहित के मुद्दों पर इस तरह जिम्मेदार अधिकारियों का बैठक में उपस्थित न होना और क्षेत्र के गरीब आदिवासी बच्चों की समस्याओं के समाधान के लिए जानबूझकर पीछे हटना और साथ ही कलेक्टर के प्रतिनिधि एसडीएम की आदेश को ना मानना बीएसपी प्रबंधन की आदिवासी बच्चों के प्रति उदासीनता को दर्शाता है। ब्लाक शिक्षा अधिकारी की अनुपस्थिति में बीआरसी डौंडी बैठक में उपस्थित हुए थे। डीएवी स्कूल की तरफ़ से भी प्रतिनिधिमंडल उपस्थित हुआ था बैठक प्रारंभ होने से पहले ही बीएसपी प्रबंधन के वह अधिकारी जो निर्णय लेने में सक्षम नहीं थे वह बैठक छोड़कर जा चुके थे इससे यह स्पष्ट करता है कि बीएसपी प्रबंधन क्षेत्र के लोगों के साथ कैसा व्यवहार कर रहा है। वह सिर्फ और सिर्फ हमार शोषण और भ्रष्टाचार करने में लगा हुआ है। बीएसपी प्रबंधन की अनुपस्थिति में बैठक प्रारंभ हुई और एसडीएम आर के सोनकर ने डीएवी स्कूल प्रबंधन को निर्देशित किया कि चूंकि फीस का मामला मेरे समक्ष विचाराधीन है और इस पर बातचीत चल रही है और आचार संहिता लागू होने के कारण सभी व्यस्त हैं। इसलिए सबसे पहले डीएवी स्कूल सभी बच्चों का रिजल्ट तत्काल उन्हें दें जिन्हें बीएसपी प्रबंधन के दबाव में रोककर रखा गया है। क्योंकि डीएवी स्कूल अन्य निजी स्कूलों से बिल्कुल भी अलग है डीएवी स्कूल बीएसपी प्रबंधन के द्वारा संचालित किया जाता है और स्कूल चलाने का सारा खर्च, शिक्षकों का वेतन, उनके लिए मकान, चिकित्सा सभी तरह की सुविधा बीएसपी प्रबंधन उपलब्ध कराता है डीएवी स्कूल का सिर्फ नाम का है बाकी सारे काम बीएसपी प्रबंधन द्वारा किया जाता है इसलिए फीस के संबंध में निर्णय लेने का अधिकार भी बीएसपी प्रबंधन का है । डीएवी स्कूल प्रबंधन के एल एम सी के अध्यक्ष भी बीएसपी खदान प्रबंधन के मुख्य महाप्रबंधक है इसलिए अन्य निजी स्कूलों से अलग डीएवी स्कूल 100 प्रतिशत अनुदान प्राप्त स्कूल है और उसके बाद भी क्षेत्र के आदिवासियों क्षेत्र के बच्चों का रिजल्ट फीस के कारण रोककर रखा गया है जोकि बहुत ही शर्मनाक है। चाहे तो इस समस्या का समाधान एक दिन में हो सकता है मगर बीएसपी प्रबंधन समाधान करना ही नहीं चाहतीं है। बीएसपी प्रबंधन तो डीएवी स्कूल को दिए गए सीएसआर मद से करोड़ों रुपए का कोई लिखित जानकारी देने से भी बच रही है जिससे ऐसा लगता है कि सीएसआर मद की राशि का बंदरबांट कर लिया गया है तभी बीएसपी के जिम्मेदार अधिकारी बैठक में आने में टालमटोल कर रहे हैं। एसडीएम के बोलने के बाद भी आज तक जिन बच्चों ने फीस नहीं जमा किया है बीएसपी प्रबंधन उनका रिजल्ट रोककर रखीं हैं बीएसपी के अधिकारी एसडीएम का बात को भी नहीं मान रहे हैं जोकि इनकी हठधर्मिता को दर्शाता है। बीएसपी प्रबंधन और डीएवी स्कूल प्रबंधन द्वारा सभी बच्चों से पीपुल्स फंड के नाम पर एक मोटी रकम फीस के नाम लेती है और फंड के लिए अलग से बैंक खाता भी खोला गया। यह बताया गया है कि इस फंड के पैसों का उपयोग बच्चों के बेनीफीट के लिए किया जाता है और जब संघ ने फंड की पूरी जानकारी मांगी कि फंड की राशि का उपयोग जबसे स्कूल खुला है कहां किया गया है तो बीएसपी प्रबंधन और डीएवी स्कूल प्रबंधन कोई जवाब नहीं दे रहीं है। एक तरह कलेक्टर बालोद ने जिला शिक्षा अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दे दिए हैं कि जिन निजी स्कूलों में शासन के आदेशों का पालन नहीं हो रहा है जहां आवश्यकता से अधिक फीस लिया जा रहा है उसका सही तरीके से जानकारी पालकों को नहीं दिया जा रहा है उन स्कूलों की जांच किया जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए तथा जरूरत पड़ने पर मान्यता रद्द करने की भी कार्यवाही की जाए। ऐसी जानकारी मिली है कि आज जिला शिक्षा अधिकारी ने कलेक्टर के निर्देश पर सभी ब्लाक शिक्षा अधिकारियो की एक बैठक बुलाई है। मुश्ताक अहमद ने कहा कि निजी स्कूलों का आडिट प्रतिवर्ष सार्वजनिक किया जाना चाहिए जिससे पता चले कि स्कूल जो कि मान्यता लेने के समय शपथपत्र देते हैं कि नो प्रॉफिट नो लास में स्कूल का संचालन करेंगे मगर मान्यता मिलते ही शिक्षा का व्यवासीकरण कर दिया जा रहा है। कापी पुस्तक, मोजा, टाई सभी चीजें स्कूल स्वयं बेच रहा है और पालकों पर दबाव बनाया जाता है खरीदने के लिए जो कि कही से भी सही नहीं है और कलेक्टर को इस पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए जिससे हमारे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के बच्चों का शोषण करने वाले बीएसपी प्रबंधन अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए कार्य करें और बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले उसके लिए उसके लिए कार्य करें न कि बच्चों के रिजल्ट को रोककर उनको मानसिक रूप से प्रताड़ित करें। ईस बैठक में मुख्य रूप से संघ की ओर से मुश्ताक अहमद, एम पी सिंग, लखनलाल चौधरी, डौंडी बीआरसी एस एन शर्मा, डीएवी स्कूल के प्रभारी प्राचार्य और एसडीएम राजहरा आर के सोनकर उपस्थित थे।

# सक्ती में हुई बड़ी चोरी पर पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष महंत

## एसपी अंकिता ने कहा मामले में पुलिस करेगी पूरी मेहनत

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



शहर के बाराद्वार रोड में राइस मिलर एवं ट्रांसपोर्ट व्यवसायी प्रकाश गोयल एवं पवन गोयल के निवास पर बीती रात्रि जिस तरह से अज्ञात चोरों ने चोरी (डकैती) की घटना को अंजाम दिया है, उसे देखते हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत 13 अप्रैल की दोपहर पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे तथा उन्होंने पीड़ित परिवार के पवन गोयल से मिलकर पूरी चोरी की स्थिति की जानकारी ली साथ ही नेता प्रतिपक्ष महंत ने कहा कि वे इस संबंध में पुलिस के उच्चाधिकारियों से भी चर्चा करेंगे, तथा इस दौरान मौके पर उपस्थित जिला पुलिस अधीक्षक आईपीएस अंकिता शर्मा से भी उन्होंने भी चर्चा की तथा चोरी के मामले में आवश्यक कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए हैं, वहीं शक्ति में हुई चोरी की इस बड़ी घटना पर प्रार्थी पवन कुमार गोयल एवं प्रकाश गोयल ने पुलिस थाना शक्ति में पूरे मामले की रिपोर्ट दर्ज करवा दी है, तथा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने लगभग 76 लाख रुपए चोरी की रिपोर्ट लिखी है, जिसमें लगभग 100 तोला सोना, 10 लख रुपए नगद एवं चांदी के जेवरात शामिल है, तथा शक्ति जिला पुलिस अधीक्षक आईपीएस अंकिता शर्मा भी अपने मातहत पुलिस अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर पहुंची तथा उन्होंने एक-एक पॉइंट का मुआयना करते हुए लगभग 3 किलोमीटर तक मकान के पीछे वाले हिस्से में स्वयं पैदल चलकर पूरी मॉनिटरिंग की तथा उन्होंने हर एक बिंदु पर पुलिस अधिकारियों को नोट करवाते हुए इस पर समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं, तथा इस दौरान आईपीएस अंकिता शर्मा के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शक्ति मनीष कुंवर एवं शक्ति थानाटीआई विवेक शर्मा भी मौजूद थे, साथ ही घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस का डॉग स्क्वायड एवं फॉरेंसिक विशेषज्ञ भी शक्ति पहुंचे हैं एवं 14 अप्रैल को फिंगर स्पेशलिस्ट को भी बुलाया गया है, वहीं बताया जा रहा है कि चोरों ने पीछे के दरवाजे से होल करके अंदर की चिटकनी को खुला तथा वे अंदर प्रवेश कर गए वहीं सुबह से ही पीड़ित परिवार से मिलने लोग पहुंच रहे हैं एवं चोरों ने लगभग 40- 50 बड़े पत्थर मकान के पीछे रखे हुए थे तथा एक बड़ा ईंट भी वे अपने साथ अंदर तक ले आए थे,घटना को देखते हुए ऐसा लग रहा है कि अगर मकान मालिक से उनका आमना सामना होता तो कहीं ना कहीं यह घटना डकैती की शक्ल ले लेती एवं इसे भले ही चोरी कहा जा रहा है किंतु यह डकैती से कम नहीं है, तथा पुलिस द्वारा की गई जांच में यह भी पता चला है की बेरी मंदिर के पास बनाफर वकील के घर के भी सीसी कैमरे का तार चोरों ने काटा है एवं उसी पिछवाड़े से वे खेतों- खेत होते हुए पवन गोयल के पिछवाड़े में पहुंचे हैं वही शक्ति पुलिस के लिए भी पूरा मामला एक प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है, क्योंकि लोगों का मानना है की शक्ति शहर में एवं शक्ति थाने में चोरी की इतनी बड़ी घटना की रिपोर्ट आज तक लिखी नहीं गई है, तथा इससे पूर्व सूत्रों के अनुसार यह होता रहा है कि किसी के घर में चोरी 10 लाख की होती थी, किंतु पुलिस उसे दो-तीन लाख का मामला बनाकर की इतिश्री कर लेती थी, किंतु शक्ति जिले में आईपीएस पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने अपना पदभार ग्रहण करते ही पहली प्रेस वार्ता में इस बात को लेकर जोर दिया था कि कोई भी व्यक्ति जिसके यहां चोरी की घटना होती है उसकी चोरी की पूरी रिपोर्ट पुलिस लिखेगी, अगर पुलिस नहीं लिखती है तो वे मुझे बताएं मैं संबंधित थाना प्रभारी पर कार्रवाई करूंगी।

# सर्वोदय पब्लिक स्कूल हीरापुर चंद्रपुर ने मनाई अपनी स्थापना की दसवीं वर्षगांठ धूमधाम के साथ

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com




सर्वोदय पब्लिक स्कूल हीरापुर चंद्रपुर का 10वां स्थापना दिवस मनाया गया। दिन के आरंभ से ही विधिवत पूजन अर्चन किया गया। आज ही के दिन स्वर्गीय किशनी बाई अग्रवाल के द्वारा सन 2014 में इस विद्यालय की नींव रखी गई थी इस क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाकर क्षेत्र को आलोकित करने के पावन उद्देश्य से ही इस विद्यालय की स्थापना की गई थी,यह विद्यालय इस क्षेत्र का प्रथम विद्यालय है जहां बच्चों को सीबीएसई पैटर्न पर आधारित शिक्षा प्रदान किया जाता है। बहुत ही अल्प समय में ही यह विद्यालय शिक्षा के लिए अपनी कीर्ति स्थापित कर चुका है,प्रातः काल प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्राचार्य श्री रामकृष्ण पंडा जी के द्वारा सभी विद्यार्थियों को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए संबोधित किया गया अपने संबोधन में उन्होनें शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और उन प्रतिभावान विधार्थियों का उदाहरण दिया जो इस विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर विभिन्न उच्च पदों पर सुशोभित हुए है व नीट एवं जे. ई. ई. जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं में उच्चतम अंक अर्जित कर शिक्षा संस्थानों में अध्ययनरत होकर इस विद्यालय का नाम गौरान्वित किये हैं, शिक्षा सत्र 2023-24 में कक्षा नर्सरी से नवमीं एवं ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 28 मार्च 2024 को घोषित किया गया था। प्रत्येक कक्षा एवं संकाय में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष पुरुषोत्तम अग्रवाल के द्वारा मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुए सम्मानित किया गया।

# डेढ लाख से अधिक की 15 किलो गांजा के साथ दो पकड़ाये रेलवे स्टेशन में ग्राहक तलाशने के दौरान पुलिस ने दबोचा

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर कोतवाली पुलिस की अवैध मादक पदार्थों पर कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 11 अप्रैल को गस्त दौरान थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल को मुखबिर से सूचना मिली कि दो संदिग्ध व्यक्ति रेलवे स्टेशन पार्सल ऑफिस के सामने माल धक्का रोड पर प्लास्टिक थैला में गांजा लेकर बिक्री के लिए ग्राहक तलाश कर रहे हैं। पुलिस ने इनके पास से 15 किलो गांजा जब्त किया है। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कर उनके मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी तत्काल सहायक उप निरीक्षक इगेश्वर यादव एवं थाना स्टाफके साथ रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां आरपीएफ स्टाफके साथ संदिग्धों को पता तलाश किया गया और मुखबिर के बताए हुलिया अनुसार दो व्यक्ति को माल धक्का रोड़ पर हिरासत में लिया गया जिनसे पूछताछ करने पर अपना नाम हाकम सिंह लोधी और खुमान सिंह लोधी दोनों निवासी दमोह (मध्य प्रदेश) के रहने वाले बताए। संदेहियों का विधिवत तलाशी लिया गया जिनके कब्जे से 07 और 12 प्लास्टिक पन्नी में भरा मादक पदार्थ गांजा मिला जिसके संबंध में पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा उड़ीसा से गांजा लेकर आना बताए। जप्त गांजा का विधिवत तौल कराने पर 14 किलो 738 ग्राम गांजा कीमत करीब 1,71,000 रूपये पाया गया आरोपियों से 02 मोबाइल की भी जप्ती की गई है। आरोपियों के कृत्य पर थाना कोतवाली में धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

# नाबालिग को झांसा देकर भगा ले जाने के बाद दुष्कर्म

## पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जूटमिल पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र से एक माह पहले लापता हुई बालिका को काफी प्रयास के बाद ढूंढ निकाली। आरोपी युवक नाबालिक को लेकर लगातार ठिकाना बदल रहा था जिसे कल पुलिस ने ग्राम टारपाली में रहने वाले संजय ओग्रे (20 साल) के पास से बरामद किया है। बालिका की मां 19 मार्च को थाना जूटमिल में आवेदन देकर उसकी लड़की के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कर बताई कि लड़की उसके नाना के घर रायगढ़ आयी हुई थी जो 13 मार्च को बिना बताये कहीं चली गई जिसे काफी पता तलाश किये पता नहीं चला। थाना जूटमिल में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 363 आईपीसी का अपराध कायम किया गया। गुम बालिका की पतासाजी दौरान बालिका और संदेही युवक संजय ओग्रे के संपर्क में होने की जानकारी मिली थी, जो लगातार रहने का ठिकाना बदल रहे थे जिस पर थाना प्रभारी द्वारा मुखबीर लगाकर रखा गया था। कल बालिका को ग्राम टारपाली में संदेही संजय ओग्रे के साथ देखे जाने की सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज एवं स्टाफ द्वारा दबिश दिया गया। जहां से बालिका और संदेही संजय ओग्रे को साथ लाया गया। बालिका का महिला पुलिस अधिकारी से कथन कराया गया जिसमें बालिका ने बताया कि संजय ओग्रे से पूर्व से जान पहचान थी। 13 मार्च को संजय मोटरसाइकिल से इसे लेने आया था जो शादी करने का प्रलोभन देकर अपने साथ ले गया और शारीरिक संबंध स्थापित किया। बालिका के कथन, मेडिकल पश्चात प्रकरण में धारा 366, 376 आईपीसी और 4, 6 पॉक्सो एक्ट विस्तारित कर आरोपी संजय ओग्रे पिता हरिश्चंद्र ओग्रे उम्र 20 साल निवासी टारपाली वार्ड क्रमांक 11 थाना चक्रधरनगर जिला रायगढ़ को गिरफ्तार का न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# सक्ती के श्री राम मंदिर में रामनवमी पर्व पर होगा विशेष आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



शहर के हटरी से बुधवारी बाजार रोड में स्थित श्री रामचंद्र मारवाड़ी पंचायती मंदिर में रामनवमी के पावन पर्व पर धूमधाम के साथ इस पर्व को मनाया जाएगा तथा श्री राम मंदिर में जहां प्रतिदिन नियमित रूप से शाम के समय आरती का कार्यक्रम विगत कई महीनो से चल रहा है, तो वहीं इस आरती के कार्यक्रम में भी पूरे मोहल्ले वासी एकत्रित होकर प्रतिदिन इसे नया स्वरूप प्रदान कर रहे हैं, तथा रामनवमी पर्व को लेकर जहां मंदिर परिसर के बाहर भी वृहद पंडाल की स्थापना की जा रही है, तो वहीं मंदिर परिसर में भी रामनवमी के दिन विशेष पूजा अर्चना होगी एवं भंडारा प्रसाद का भी कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी चल रही है,तथा श्री रामचंद्र मारवाड़ी पंचायती मंदिर में धर्म प्रेमी नवयुवकों ने बताया कि रामनवमी का पर्व हम सभी के लिए एक गौरवशाली दिवस है तथा इस दिन भगवान श्री रामचंद्र जी की पूजा अर्चना के माध्यम से इस पर्व को मनाया जाएगा,ज्ञात हो की शक्ति का श्री रामचंद्र मारवाड़ी पंचायती मंदिर दशकों को पुराना मंदिर है तथा शहर वासियों की आस्था का बड़ा केंद्र है एवं इस मंदिर में वर्तमान में विगत कुछ महीनो से मोहल्ले वासियों द्वारा मंदिर परिसर को व्यवस्थित करने के साथ ही मंदिर में पूजा अर्चना के कार्यक्रम को भी नए स्वरूप प्रदान किया गया है।

# सक्ती के जे बी डी ए व्ही स्कूल ने किया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com




मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत सक्ति के जे बी डी ए व्ही हायर सेकेंडरी स्कूल सक्ती में चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें विद्यालय की कक्षा छठवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया विद्यालय के डायरेक्टर अनिल दरयानी के द्वारा इस कार्यक्रम की प्रति बच्चों का उत्साह वर्धन करने व ज्यादा से ज्यादा बच्चे भाग ले सके इस उद्देश्य से चित्रकला रंगोली कर और निबंध प्रतियोगिता में प्रथम आने वाली बच्चों को 500 एवं द्वितीय आने वाले बच्चों को 300 इनाम देने की घोषणा किया गया,इसी क्रम में चित्रकला में अंशिका कसेर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा आकाश पटेल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया वहीं रंगोली प्रतियोगिता में मुस्कान पटेल ने प्रथम तथा राशि यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त की एवं निबंध प्रतियोगिता में विराट धीवर प्रथम एवं हरिप्रिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया इन सभी प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया इसी क्रम में 12 अप्रैल को सुबह 8:00 बजे मतदाता जागरूकता रैली विद्यालय प्रांगण से हेमा रोड होते हुए ओम ट्राली की बगल गली अखराभाठा रोड होते हुए पुन विद्यालय पहुंची रैली के विद्यालय पहुंचने के बाद सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय आने वाले बच्चों को अनिल दरयानी एवं विद्यालय के प्राचार्य के. नागमणि राव के द्वारा पुरस्कार राशि प्रदान किया गया।

SWEEP कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक/ शिक्षिकाओं के साथ ग्राउंड लेवल स्टाफ कायोगदान सराहनीय रहा।

# ट्रक से टकराकर ट्रेक्टर पलटी, गाय के साथ एक व्यक्ति की मौत, घटना घरघोड़ा के लैलूंगा रोड की



पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

छड़ से भरी माजदा ट्रक और ट्रेक्टर के बीच टक्कर में ट्रेक्टर ट्राली सहित पलट गई। इस घटना में व्यक्ति सहित गाय की मौत हो गई है। मामला घरघोड़ा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार घरघोड़ा से 6 किमी दूर लैलूंगा रोड मुस्कुरा के पास ट्रेक्टर और छड़ से भरी माजदा ट्रक में जबरदस्त भिड़ंत हुई, भिड़ंत इतनी तेज थी कि ट्रेक्टर ट्राली सहित पलट गई अनियंत्रित होकर ट्रेक्टर पलट गई। ट्रेक्टर ट्राली के पलटने से रास्ते मे गाय लेकर जा रहे व्यक्ति सहित गाय की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि ट्रेक्टर पानी वाली टैंकर और छड़ से भरी माजदा ट्रक की भिड़ंत के बाद ट्रेक्टर और पानी टैंकर पलट गई।

ट्रेक्टर के मुंडी के नीचे गाय लेकर जा रहे ब्यक्ति के साथ गाय के दबने से मौत हो गई। घटना के बाद माजदा ट्रक का ड्राइवर मौके से फरार हो गया है। घरघोड़ा थाना प्रभारी अमित तिवारी ने घायलों को मृतक के शव को घरघोड़ा हॉस्पिटल भेज दिया है। पुलिस ने मृतक का शव पंचनामा भरकर मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। वही ट्रक ड्राइवर की पता तलाश में जुट गई हैं। थाना प्रभारी अमित तिवारी के मार्गदर्शन में 112 ने ट्रेक्टर के पलटने से 2 घायल एवम 1 मृत व्यक्ति को सीएचसी घरघोड़ा लाया गया। घायलों को समय पर उपचार के लिए हॉस्पिटल पहुचाने में 112 में आर.701 दीपक भगत चालक जनार सिंह चैहान की भूमिका रही।

# अवैध रूप से डीजल भण्डारण कर रखने वाले 03 आरोपी को पकड़ने में बलौदा पुलिस एवं सायबर टीम की मिली सफलता

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



अवैध रूप से डीजल भण्डारण कर रखने वाले 03 आरोपी को पकड़ने में बलौदा पुलिस एवं सायबर टीम की मिली सफलता बलौदा पुलिस को मुखबीर द्वारा सूचना मिला कि ग्राम बुडगहन, डीहारिन के पास एक घर में अवैध रूप से चोरी का डीजल भण्डारण कर रखा है जिसे बेचने की फिराक में है कि सूचना पर गवाहों के रेड कार्यवाही किया गया जो विनोद कुमार बनर्जी उम्र 35 वर्ष निवासी बुडगहन थाना बलौदा के कब्जे से अलग-अलग प्लास्टिक के ड्रम/जरिकेन में रखे 890 लीटर डीजल विधिवत जप्त किया गया तथा उसके दो अन्य साथी समीन खान उम्र 24 वर्ष एवं अभिमन्यु कुर्रे उम्र 36 वर्ष साकिनान बुडगहन थाना बलौदा के कब्जे से अलग-अलग प्लास्टिक के ड्रम/जरिकेन में रखे क्रमशः 750 लीटर एवं 490 लीटर कुल जुमला डीजल 2130 लीटर किमती 202350 रू को चोरी की अंदेशा पर समक्ष गवाहों के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। प्रकरण के (01)आरोपी विनोद बनर्जी (02) समीम खान (03) अभिमन्यु कुर्रे सभी निवासी बुडगहन थाना बलौदा जिला जांजगीर चांपा का उक्त कृत्य धारा सदर 41(1-4)/जा. फौ. 379 भादवि का अपराध पाये जाने से आरोपियों के विरुद्ध धारा 41 (1) क सीआरपीसी के तहत दिनांक 12 अप्रैल को विधिवत् कार्यवाही किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक अशोक वैष्णव थाना प्रभारी बलौदा, सायबर सेल प्रभारी उपनिरी. पारस पटेल, Asi रामप्रसाद बघेल, प्रधान आर. मनोज तिग्गा सायबर सेल, आर. गिरीश कश्यप, रोहित कहरा, अर्जुन यादव, चिरंजीव, सिदार सिंह पैकरा सायबर सेल एवं थाना बलौदा से सउनि कौशल सिदार, आर. देव मरकाम, जयराम बिंझवार का सराहनीय योगदान रहा।

## अरुणा अग्रवाल की अनुकरणीय पहल

# शहर के बृहस्पति बाजार में मतदाताओं को दिलाई मतदान जागरूकता की शपथ

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com





अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार द्वारा जहां पूरे देश भर में आने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत लोगों को मतदान जागरूकता को लेकर कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, तो वहीं कोलकाता में विगत 7 अप्रैल को संपन्न बैठक में भी सदस्यों को मतदान जागरूकता की शपथ दिलाई गई थी, इसी श्रृंखला में अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर शहर की संस्था की आजीवन सदस्य अरुणा दिनेश अग्रवाल ने 13 अप्रैल को अनुकरणीय पहल करते हुए शहर के सबसे भव्य बृहस्पति बाजार में जाकर वहां सैकड़ो लोगों को मतदान जागरूकता की शपथ दिलाई इस दौरान अरुणा दिनेश अग्रवाल ने स्वयं वहां पर उपस्थित होकर सभी लोगों को बताया कि हमारा वोट कीमती है, तथा हम अपने प्रदेश एवं राष्ट्र के विकास के लिए मतदान करते हैं तथा आप आने वाले दिनों में मतदान की तिथि में अपने पोलिंग बूथ में जाकर अपना वोट जरूर करें तथा अपने परिवार के सभी मतदाताओं को भी लेकर जाएं एवं अन्य लोगों को भी मतदान के प्रति प्रोत्साहित करें ,इस दौरान सभी ने एक स्वर में मतदान जागरूकता की शपथ शपथ ली तथा संकल्प भी लिया वहीं अरुणा दिनेश अग्रवाल के नेतृत्व में बृहस्पति बाजार क्षेत्र में लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने की दिशा में वर्तमान में चल रहे नो पॉलिथिन में पॉलिथीन के उपयोग को किनारे कर जुट के बैग भी लोगों को बांटे तथा इस दौरान अरुणा दिनेश अग्रवाल के कार्यों की जहां लोगों ने प्रशंसा की तो वहीं अरुणा दिनेश अग्रवाल ने कहा कि आज पॉलिथीन को लेकर हमारा पर्यावरण असंतुलित होते जा रहा है, एवं हमें जुट के बैग सब्जी बाजार एवं अन्य दैनिक उपभोग की वस्तुएं जहां लेकर जाते हैं उन्हें लेकर जाना चाहिए एवं हम पॉलिथीन का उपयोग बिलकुल न करें तथा पर्यावरण को सुरक्षित करें।

# चंद्रहासिनी मंदिर में रहेंगी पांच दिवसीय विशेष महोत्सव की धूम

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com





नवगठित शक्ति जिले की माँ चन्द्रहासिनी की नगरी चंद्रपुर में चैत्र नवरात्र के अवसर पर 13 अप्रेल से 17 अप्रेल की रात्रि 8 बजे से होंगे पांच दिवसीय कार्यक्रम,पंचमी 13 अप्रेल की रात छत्तीसगढ़ी जसगीत के सम्राट दुकालू यादव देंगे अपनी प्रस्तुति, मंदिर न्यास करा रहा पांच दिवसीय सांस्कृतिक आयोजन, मंदिर ट्रस्ट द्वारा जहां इस आयोजन को लेकर वृहद रूप से तैयारीया की गई हैं, तो यह पहला ऐसा मौका होगा जब नवरात्रि पर्व पर मंदिर ट्रस्ट द्वारा 5 दिनों तक निरंतर अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा तथा इस आयोजन में जहां प्रदेश के विभिन्न स्थानों से लोग शामिल होंगे तो वहीं मंदिर ट्रस्ट भी इस आयोजन को भव्य बनाने की तैयारी में जुटी हुई है,कार्यक्रम विवरण -इस अवसर पर 13 अप्रेल से 17 अप्रेल कों होंगे पांच दिवसीय कार्यक्रम :- शाम 8 बजे से स्थान - स्कूल खेल मैदान चंद्रपुर, सक्ती में होंगे,पंचमी 13 अप्रेल को दुकालू यादव, ख्यातिलब्ध छत्तीसगढ़ी गीत, भजन एवं जसगीत गायक. चन्द्रहासिनी मैय्या ,षष्ठी 14 अप्रेल, आरु साहू, प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी गीतों की बाल गायिका,, अरपा पैरी की धार फेम.,सप्तमी 15 अप्रेल, स्वाति मिश्रा, लोकप्रिय रामभजन गायिका राम आयेंगे तो अंगना सजाऊंगी,अष्टमी 16 अप्रेल, कवि सम्मेलन, स्टार पोयेट अनामिका जैन 'अंबर', सौरभ जैन, स्वयं श्रीवास्तव, हिमांशु बवंडर, प्रबुद्ध सौरभ, नवमी 17 अप्रेल, गरिमा, स्वरना दिवाकर, प्रसिद्ध लोकगीत एवं लोक कलाकार की प्रस्तुति देंगे।

# आचार सहिंता की आड़ में बड़ा खेल, निकाय और ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध प्लाटिंग व कब्जे बढ़ने लगे

## अवैध प्लाटिंग करने वालो की आई बाढ़, नियम कायदे ताक पर




पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनावी आचार संहिता के आड़ में अवैध प्लाटिंग का बड़ा खेल चल रहा है। बालोद जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्र में भूमाफियाओं ने दर्जनों से अधिक खेती की जमीनों पर प्लाटिंग की है। बालोद जिला मुख्यालय सहित बघमरा बायपास रोड, ग्राम झलमला, सिवनी, बघमरा-पाररास मार्ग में सबसे ज्यादा अवैध प्लाटिंग हुए हैं। बालोद नगर पालिका अंतर्गत तो अवैध प्लाटिंग करने वालों की बाढ़ सी आ गई है। जगह-जगह नियम कायदों को ताक पर रखकर प्लाटिंग की गई है। जिसमें जिम्मेदार स्थानीय प्रशासन कार्यवाही करने के बजाय मुख्यदर्शक बना हुआ है। बाईपास मार्गो में तो धड़ल्ले से कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग की गई है। बेखौफ बेटोक भूमाफिया अवैध प्लाटिंग का अपना गोरखधंधा चला रहे हैं। दरअसल जिला मुख्यालय के भीतर और आस-पास के करीब दर्जनों गांवों में कृषि भूमि को टुकड़ों में विभाजित कर अवैध प्लाटिंग की गई है। कॉलोनी बसाई जा रही है। गौरतलब हो कि करीब एक दशक से अधिक समय से खेती की जमीन का भू-उपयोग बदल आवासीय प्लाट काटने वाले पर कड़ी कार्रवाई न होने से इस धंधे को पंख लग गया है। किसानों की भूमि कम दामों में खरीद-फरोख्त कर प्रापर्टी डीलर मालामाल हो रहे। बिना नक्शा पास कराए ही कॉलोनियां बसने लगी है। रेरा के नियमों को ताक पर रख अवैध प्लाटिंग का गोरखधंधा जमकर फलफूल रहा हैं। राजस्व विभाग से लेकर नगरीय निकाय के अधिकारियों तक अवैध प्लाटिंग की ऐसी दर्जनों से अधिक शिकायतें पहुंची हैं, जिन पर अब तक कार्रवाई महज नोटिस तक सीमित है। चौंकाने वाली बात यह है कि अवैध प्लाटिंग की पुरानी शिकायतों पर भी संबंधित अमला कार्रवाई करने से बच रहा है।

### इन इलाकों में हो रही अवैध प्लाटिंग

बालोद जिला मुख्यालय के अलावा ग्रामीण क्षेत्रो में कृषि योग्य जमीन पर मुरम डालकर अवैध प्लाटिंग खुलेआम चल रही है। मुरुम डालकर रास्ता बनाया जा रहा है, उसपर सीमेंट के छोटे छोटे पोल लगाकर उन्हें चिन्हांकित किया जा रहा है। फिर उसे अनाप शनाप रेट में वि य किया जा रहा है। बालोद जिला मुख्यालय के पाण्डेपारा शीतला मंदिर के पीछे, पाण्डेपारा से नदिया रोड, बुढापारा, बघमरा बाईपास, आमापारा दारू भट्टी रोड, औराभाठा रोड गंजपारा, स्टेडियम के पीछे गंजपारा, रेल्वे कालोनी मुख्य मार्ग, महिला कॉलेज के सामने, महादेव भवन के पीछे, बुधवारी बाजार से बघमरा जाने वाले मार्ग वार्ड-13 में एवं ग्राम जुंगेरा, लाटाबोड़, झलमला, देवारभाट, पाकुरभाट, सिवनी के अलावा भी जिले के अलग-अलग इलाके में भू माफिया सि य हैं। जहां कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग की गई है।

### इसीलिए कहते है अवैध प्लाटिंग

नियमानुसार निजी जमीन पर कालोनी निर्माण से पहले लाइसेंस लेना जरूरी हैं। कॉलोनाइजर को टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से अनुमति लेना अनिवार्य हैं। एक एकड़ से ज्यादा जमीन है तो एयर डिस्टेंस 2 किलोमीटर के भीतर बनाने पर ईडब्ल्यूएस बनाने के लिए जमीन छोड़नी पड़ती है। कृषि भूमि का उपयोग परिवर्तित करवाना पड़ता हैं। वही लोकसभा चुनाव के प्रभावशील आदर्श आचार सहिंता की आड़ में अवैध प्लाटिंग के साथ ही अवैध कब्जे भी बड़े पैमाने पर होने लगी हैं।

# व्यापारी संघ ने भोग भंडारा कर वितरित किया खिचड़ी भोग



पायनियर संवाददाता ‹ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

नगर के व्यापारी बंधुओं ने प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि पंचमी तिथि पर भोग भंडारा आयोजित कर खिचड़ी भोग प्रेमपूर्वक वितरण किया । अनेक श्रद्धालुओं ने भी भोग वितरण किया । भंडारा संयोजक पुरुषोत्तम साहू ने बताया कि चैत्र नवरात्र के पंचमी तिथि पर मां महामाया व्यापारी संघ एवं मुहल्लेवासियों के संयुक्त तत्वाधान में पिछले 8 वर्षों से लगातार पंचमी के दिन भंडारे का आयोजन सम्पन्न किया जा रहा है । बाजार चौक में शनिवार को विशाल खिचड़ी प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया । जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने शरबत एवं खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया । भंडारे का प्रारंभ सर्वप्रथम मां महामाया माता की पूजा-अर्चना कर तत्पश्चात ग्राम देवता शीतला मैय्या को भोग लगाकर की गई । इस अवसर पर दीपक यादव, मोहन चक्रधारी, महेंद्र वर्मा, विकास सोनी, दीपक सिंग, पप्पू चंद सोनी, संजय वर्मा, विक्की श्रीवास, अनिल सोनी, सौरभ देवांगन, धर्मेंद्र सोनी, संतोष लखवानी, दिलीप सोनकर, राकेश सोनकर, रिंकू वर्मा, कमलेश सोनकर, फ्लेश्वर साहू, खेमा यादव, उत्तम सिन्हा, राजू साहू, रोशन सोनकर, मिक्की साहू, छोटू सेन, चंद्रकांत साहू, टनिश ने विशेष सहयोग दिया ।

# यातायात पुलिसकर्मियों को एसपी ने किया सामग्री वितरण




पायनियर संवाददाता ‹ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

जिले में चिलचिलाती धूप और गर्मी में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिये यातायात पुलिस कर्मियों के लिए धूप से बचाव हेतु सामग्री वितरित किया गया। अब चौराहों पर तैनात पुलिसकर्मी नई तरह की कैप लगा कर ड्यूटी करते हुए नजर आएंगे। पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह ने पुलिस कर्मियों को नई कैप पहना कर इसका शुभारंभ किया। डा.सिंह ने ट्रैफिक जवानों को क्लेम लॉक, व्हेन अंब्रेला, हेलमेट, लाइट बटन, रेडियम, सेफ्टी जैकेट वितरण किया गया। ताकि ट्रैफिक पुलिसकर्मी और बेहतर ढंग से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर सकें। उक्त कार्यक्रम में यातायात प्रभारी विमलेश देवांगन, अनिल दुबे, बुटन सिंह, जय धर भगत, सिकंदर राम, कुमार सोनू, अमित मिंज, नरेंद्र यादव महिला आरक्षक रीना भगत सैनिक जयप्रकाश टोप्पो एवं समस्त यातायात पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# लोकसभा प्रत्याशी एवं विधायक ने पिथौरा मण्डल के अनेक ग्रामों में किया जनसंपर्क

पायनियर संवाददाता ‹ बसना
www.dailypioneer.com



शनिवार को महासमुंद लोकसभा प्रत्याशी रुपकुमारी चौधरी और विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने बसना विधानसभा क्षेत्र मण्डल पिथौरा के ग्राम जम्हर, परसापाली, किशनपुर, लक्ष्मीपुर, बरेकेल खुर्द, डोंगरीपाली एवं पिथौरा नगर में जनसंपर्क किया। उक्त ग्रामों में जनसंपर्क करते हुए लोकसभा प्रत्याशी एवं विधायक ने मोदी सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं एवं राष्ट्रहित में लिए गए अनेक फैसलों को विस्तार से बताया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज भारत के प्रत्येक नागरिक को किसी न किसी रूप में केंद्र के भाजपा सरकार मोदी सरकार के योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मोदी जी के नेतृत्व में हमारा भारत वो मुकाम हासिल किया है विश्व के सभी देश भारत से मित्रता करने,भारत के साथ व्यापार करने के लिए आगे आकर हाथ मिला रहे हैं, दुनिया आज भारतीय संस्कृति को अपनाने के लिए तैयार है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आने वाले तीसरे कार्यकाल में देश दोगुना रफ्तार से विकास करेगा। भाजपा राजनीति से उपर उठकर राष्ट्रनीति राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानता है। भाजपा उन योजनाओं व फैसलों को महत्वपूर्ण मानता है जिससे भारतवर्ष व समस्त भारतीयों का हित हो। भाजपा परिवार के प्रत्येक सदस्य सेवा कार्यों में हमेशा आगे रहते हैं। जनसंपर्क कार्यक्रम में विधानसभा प्रभारी अमरजीत सिंह छाबड़ा, मण्डल अध्यक्ष नरेश सिंघल, जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, आलोक त्रिपाठी, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक, महामंत्री आशीष शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष विजय पटेल, जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग दुलीकेशन साहू, विधायक प्रतिनिधि विक्की सलुजा,अनुप अग्रवाल, युवा मोर्चा मण्डल महामंत्री सौरभ अग्रवाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष रीना गर्ग, विधानसभा महिला प्रभारी क्षमा गोयल,किरण अग्रवाल,किसान मोर्चा अध्यक्ष संतोष प्रधान, महामंत्री तिलक यादव, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद, जनपद सदस्य बिहारी पटेल, विधायक जनसंपर्क कार्यालय प्रभारी छबीलाल रात्रे, वरिष्ठ भाजपा नेता हरजिंदर सिंह, रैदास गोयल, संजय गोयल,पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सुमित अग्रवाल, सरपंच पुष्पा बरिहा, ग्राम गौंटिया तुलाराम ध्रुव, मोहन प्रधान, दयाराम चौधरी, शक्ति केंद्र संयोजक नारायण पटेल, दुर्गेश सिन्हा, जतिन ठक्कर, अंजली पाण्डेय, मधुरिमा पाण्डेय, ललिता डड़सेना, मंजुलता दास सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति मौजूद थे।

# सरगुजा आयुक्त ने अधिकारियों को मतदान करने दिलायी शपथ




पायनियर संवाददाता ‹ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदानप्रतिशत को बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिले भर में विभिन्न विभागों के माध्यम से किया जा रहा है। इसी कड़ी में संरगुजा संभाग के आयुक्त जीआर चुरेन्द्र एक दिवसीय प्रवास पर जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर पहुंचे। संभागायुक्त ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में नियुक्त्त जिला अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को मतदान करने की शपथ दिलायी। उन्होंने महिला एवं बाल विकास द्वारा लोगों की आवाज बेहतर भारत के लिए वोट करेंग रंगोली का अवलोकन किया।

# कोलंबिया कॉलेज में वैल्यू एडेड कोर्स का समापन



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

कोलंबिया कॉलेज ने स्पोकन इंग्लिश पर वैल्यू एडेड कोर्स के समापन समारोह और प्रमाण पत्र वितरण का आयोजन किया गया। यह पाठ्यक्रम 16/02/2024 को शुरू हुआ और 12/04/2024 को पूरा हुआ। इस पाठ्यक्रम को इस प्रकार से डिज़ाइन किया गया था कि यह छात्रों को सुनने, बोलने, पढ़ने और लिखने कौशल विकसित करने में मदद करता है। इस कार्यक्रम में, श्री आनंद श्रीवास्तव (प्राचार्य, कोलंबिया साइंस और कॉमर्स कॉलेज) मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे और वैल्यू एडेड कोर्स के महत्व पर प्रेरणादायक सम्बोधन किया। उन्होंने उन छात्रों को बधाई दी जिन्होंने पाठ्यक्रम को पूरा किया और प्रमाण पत्र प्राप्त किया। डॉ. अरुण कुमार दुबे (प्राचार्य, कोलंबिया कॉलेज) ने छात्रों को संबोधित किया, उन्हें बधाई दी और छात्रों के लाभ के लिए और इसी तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करने की आश्वासन दिया। छात्रों ने भी इस स्पोकन इंग्लिश के पाठ्यक्रम में अपने अनुभवों का साझा किया।

# जगदलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में हुए पूल कैंपस ड्राइव का आयोजन



पायनियर संवाददाता ‹ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

श्री रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन जगदलपुर में नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। जिसमे प्रीमियर आईवीएफ पहलाजन के ह्यूमन रिसोर्सेज (एचआर) ऋषिका द्वारा डिप्टी डायरेक्टर ओम प्रकाश त्रिपाठी, मुख्य प्रशानिक अधिकारी जगदलपुर रवि कुमार जैन व प्लेसमेंट कॉर्डिनेटर फिजा महाजन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

### इंटरव्यू के माध्यम से छात्रों का हुआ चयन

हर छात्र अपने बेहतर भविष्य के लिए कॉलेज में पढ़ने के साथ-साथ प्लेसमेंट की भी चाह रखते है। ताकि इंस्टीट्यूट में पढ़ाई के साथ प्लेसमेंट के माध्यम से अच्छी जॉब भी मिल सके। जिसमे अधिकांश छात्र प्लेसमेंट पर ही निर्भर रहते हैं। इसी कारण से इस संस्था में प्लेसमेंट सेल इन विषयों पर छात्रों को पर्याप्त ट्रेनिंग देने के लिए बनाया गया है। इसमें जगदलपुर इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग जगदलपुर के 16 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें सभी छात्रों ने इंटरव्यूअर के सभी सवालो का जवाब देते हुए सिलेक्शन पा लिया।

### प्लेसमेंट ड्राइव में चयनित छात्र

प्लेसमेंट ड्राइव में बीएससी नर्सिंग व जीएनएम के 16 छात्रों ने भाग लिया। जिसमे जगदलपुर इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग, सूर्या नर्सिंग कॉलेज जगदलपुर, गायत्री नर्सिंग कॉलेज जगदलपुर व आदेश्वर नर्सिंग कॉलेज जगदलपुर के छात्र उपस्थित रहे। शिक्षा के साथ-साथ अच्छे करियर को लक्ष्य कर रहे छात्रों के लिए प्लेसमेंट ड्राइवर एक बेहतर विकल्प है। एसआरजीओआई प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करवा कर छात्रों को अहम विश्वास भी पैदा कर रहे है। इस इंस्टीट्यूट में हर साल कई प्लेसमेंट गतिविधियाँ करवायी जाती है। छात्रों में शिक्षा के साथ एसआरजीओआई की प्लेसमेंट की बात करें तो इस संस्था में होने वाली प्लेसमेंट विशुद्ध रूप से छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन और कौशल पर आधारित होती है। चयनित छात्रों में मीरा, शांति, विजेका, नीता, सावित्री, प्रतिमा, अंजलि, उर्मिला, सरस्वती, पद्मनी, नीलिमा, गोमती, शिल्पा, सुनीता, सुशीला, व जितेश्वरी रही। प्लेसमेंट ड्राइव को सफल बनाने में प्लेसमेंट को-ऑर्डिनेटर, सुधीर साहू व राकेश यादव की भूमिका रही। विद्यार्थियों की इस बड़ी सफलता पर ग्रुप के वाईस चेयरमैन डॉ जे के उपाध्याय ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

# कमिश्नर ने ली निर्वाचन संबंधित अधिकारियों की बैठक

पायनियर संवाददाता ‹ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



सरगुजा संभागायुक्त जीआर चुरेन्द्र ने आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारी एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को टीम भावना से अपने दायित्वों को निर्वहन करते हुए निष्पक्ष एवं सफलता पूर्वक निर्वाचन संपन्न कराने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है। सभी अधिकारी-कर्मचारी आदर्श आचार संहिता के दौरान निष्पक्षता से कार्य कर निर्वाचन संपन्न कराएं। उन्होंने सुगम व समावेशी मतदान कराने के लिए मतदान केन्द्रों में साफ-सफाई, पेयजल, छाया, बिजली, शौचालय आदि जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की जांच कराकर व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को प्रलोभन देकर अपने पक्ष में मतदान कराने वालों पर निगरानी रखे तथा उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने को कहा। पुलिस एवं राजस्व विभाग को आपसी समन्वय से ताल-मेल रखते हुए सूचना तंत्र मजबूत रखने की बात कही। आयोजित बैठक में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलायी। बैठक में कलेक्टर रिमिजियुस एक्का, पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह, अपर कलेक्टर इंद्रजीत बर्मन, उप जिला निर्वाचन अमित श्रीवास्तव सहित निर्वाचन कार्यों में संलग्न जिला नोडल अधिकारी, राजस्व अधिकारी, सेक्टर अधिकारी उपस्थित रहे।

# खाटू श्याम की निशान यात्रा 19 को

**मनेन्द्रगढ़।** शुक्ल पक्ष एकादशी 19 अप्रैल दिन शुक्रवार को प्रातः 7:15 बजे श्री राम मंदिर से श्याम बाबा का निशान उठाना तय किया गया है। उल्लेखित है कि श्री खाटू श्याम मंदिर में प्रत्येक शुक्ल पक्ष की एकादशी को निशान यात्रा आयोजित की जाती है जिसमें बाबा के भक्त बडी संख्या में शामिल होते हैं। इस माह 19 अप्रैल को एकादशी का व्रत है। परम्परानुसार 19अप्रैल शुक्रवार को प्रातः 7:15 बजे श्री राम मंदिर से निशान यात्रा आरम्भ होगी जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुये श्री श्याम मंदिर पहुंचेगी। श्री खाटू श्याम मंदिर के भक्तों ने आम जनों से समय का विशेष ध्यान रखते हुए श्याम प्रभु की निशान यात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ उठाने का आग्रह किया है।



# एयरटेल ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 29 लाख 5जी ग्राहकों की उपलब्धि हासिल की

## राज्य के सभी जिलों में अब एयरटेल का 5-जी नेटवर्क उपलब्ध

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के अग्रणी टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक, भारती एयरटेल ने घोषणा की है कि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अब 29 लाख ग्राहक उनकी 5 जी सेवा का आनंद उठा रहे हैं। कंपनी ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के सभी शहरों और जिलों में सफलतापूर्वक अपनी 5जी सेवा की शुरुआत कर दी है, जो नेक्स्ट जेनरेशन की मोबाइल सुविधाएं देने की दिशा में एक उत्साहजनक कदम है। पिछले 6 महीनों में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में एयरटेल के 5जी अपने नेटवर्क का पूरे राज्य में विस्तार कर दिया है, जिससे ग्राहकों को 5जी सेवा से जुड़ना आसान हो गया। सांची स्तूप जैसे ऐतिहासिक स्थलों से लेकर प्रसिद्ध तीर्थ स्थल उज्जैन और अपनी मूर्तिकला के लिए प्रसिद्ध खजुराहो तक, एयरटेल संपूर्ण मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अपनी सेवाएं लगातार मुहैया करा रही है। कंपनी की इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, रितेश अग्रवाल, सीईओ मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़, भारती एयरटेल ने कहा, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 5जी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए हम जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर को तेज़ी से स्थापित करने के लिए हम महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं। हम अपने उन सभी ग्राहकों का शुक्रिया अदा करते हैं जिन्होंने 5जी का अनुभव लेने के लिए अपग्रेड किया है, वे बिना किसी अतिरिक्त लागत के असीमित 5जी सेवा का आनंद ले सकते हैं। हमारा अथक प्रयास हमारे ग्राहकों को राज्य के सबसे तेज, सबसे विश्वसनीय और अत्याधुनिक नेटवर्क से लगातार जोड़े रखना है। देश में 5जी सेवा का तेज़ी से विस्तार होना कई कारणों पर निर्भर है, जिनमें शामिल हैं नेटवर्क का तेज़ी से विस्तार, 5जी सुविधाओं की जल्द शुरुआत और 5जी उपकरणों की बढ़ती उपलब्धता। किफायती 5जी उपकरणों को उपयोगकर्ताओं के लिए सुलभ बनाने के लिए, एयरटेल ने पोको के साथ भी सहयोग किया है ताकि 10 हज़ार रुपये से कम कीमत वाले 5जी स्मार्टफोन पेश किए जा सकें। इस कदम ने देश में एयरटेल के कुल 5जी ग्राहकों की संख्या को बढ़ाने में काफी मदद की है। साथ ही, इस इलाके में रिटेल दुकानों की संख्या बढ़ने से भी ग्राहकों को सुविधाजनक ढंग से 5जी सेवा से जुड़ने में मदद मिली है।

airtel

IndusInd Bank
क्षेत्रीय कार्यालयः 3ए अपर वुड स्ट्रीट, प्रथम तल, सावित्री टॉवर, कोलकाता-700017

परिशिष्ट IV
(नियम 8(1))
कब्जा सूचना
(अचल सम्पत्ति हेतु)

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत **इंडसइंड बैंक लि.**, का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उधारकर्ता **मैसर्स वैष्णवी ट्रेडिंग कंपनी, श्री गोबिंदा प्रसाद शर्मा और श्रीमती नीतू शर्मा को मांग नोटिस दिनांक** 19.10.2022 **को जारी किया था, जिसमें सूचना में बकाया राशि रू. 70,49,271.99 (रु. सत्तर लाख उनचास हजार दो सौ इकहत्तर और पैसे निन्यान्वे मात्र) और उक्त नोटिस की तिथि 19-10-2022 से अतिरिक्त ब्याज और संबंधित क्रेडिट सुविधा के समक्ष उल्लिखित ब्याज और साथ ही 18.75% प्रति वर्ष की दर से दंडात्मक ब्याज (साधारण आधार) और लागत, शुल्क और व्यय इत्यादि सहित** उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अन्दर भुगतान करने को कहा गया था।
उधारकर्ता उक्त राशि का भुगतान करने में असफल हो गये हैं इसलिये एतद्द्वारा उधारकर्ता तथा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने सम्पत्ति का भौतिक कब्जा उक्त नियम 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अधीन उन्हें प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए इसमें नीचे वर्णित सम्पत्ति का **कब्जा दिनांक 09.04.2024** को ले लिया है।
उधारकर्ता को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से चेतावनी दी जाती है कि वे निम्न सम्पत्ति के साथ लेन-देन न करें तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी लेन-देन **इंडसइंड बैंक लि. के प्रभार वास्ते बकाया राशि रू. 70,49,271.99 (रु. सत्तर लाख उनचास हजार दो सौ इकहत्तर और पैसे निन्यान्वे मात्र) और उक्त नोटिस की तिथि 19-10-2022 से अतिरिक्त ब्याज और संबंधित क्रेडिट सुविधा के समक्ष उल्लिखित ब्याज और साथ ही 18.75% प्रति वर्ष की दर से दंडात्मक ब्याज (साधारण आधार) और लागत, शुल्क और व्यय इत्यादि सहित के अधीन होगा।**
कर्जदार का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों को मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

अचल सम्पत्ति का विवरण

**सम्पत्ति 1:**
कार्यालय क्रमांक-215, पहला तल सुपर/निर्मित क्षेत्रफल 120.54 वर्ग फुट "शुभ बिजनेस टावर" की ऊंचाई 10'5 फीट, जोकि भैस्थान रोड, रामसागर पारा, वार्ड क्रमांक 17, रायपुर, पी.एच. नंबर-106 ए, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 में स्थित (विलेख के अनुसार क्षेत्र/भूमि के आनुपातिक अविभाजित हिस्से के साथ) उक्त कार्यालय नगर निगम रायपुर की सीमा में है और इसकी चौहद्दीः
उत्तर में - सलूजा स्टील, दक्षिण में - सामान्य मार्ग,
पूरब में - कार्यालय नं. 216, पश्चिम में - कार्यालय सं. 214
"विवरण/संपत्ति का विवरण श्री गोबिंद प्रसाद शर्मा के नाम पर 13-09-2013 को निष्पादित बिक्री विलेख सं. 3126 में अधिक विशेष रूप से वर्णित है।
**सम्पत्ति 2:**
कार्यालय क्रमांक-216, पहला तल सुपर/निर्मित क्षेत्रफल 120.54 वर्ग फुट "शुभ बिजनेस टावर" की ऊंचाई 10'5 फीट, जोकि भैस्थान रोड, रामसागर पारा, वार्ड क्रमांक 17, रायपुर, पी.एच. नंबर-106 ए, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 में स्थित (विलेख के अनुसार क्षेत्र/भूमि के आनुपातिक अविभाजित हिस्से के साथ) उक्त कार्यालय नगर निगम रायपुर की सीमा में है और इसकी चौहद्दीः
उत्तर में - सलूजा स्टील, दक्षिण में - सामान्य मार्ग,
पूरब में - कार्यालय नं. 216ए, पश्चिम में - कार्यालय सं. 215
"विवरण/संपत्ति का विवरण श्री गोबिंद प्रसाद शर्मा के नाम पर 21-05-2014 को निष्पादित बिक्री विलेख सं. 2253 में अधिक विशेष रूप से वर्णित है।

दिनांकः 09.04.2024
स्थानः रायपुर
प्राधिकृत अधिकारी
इंडसइंड बैंक लिमिटेड

IndusInd Bank
क्षेत्रीय कार्यालयः 3ए अपर वुड स्ट्रीट, प्रथम तल, सावित्री टॉवर, कोलकाता-700017

परिशिष्ट IV
(नियम 8(1))
कब्जा सूचना
(अचल सम्पत्ति हेतु)

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत **इंडसइंड बैंक लि.**, का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उधारकर्ता **श्री गोबिंदा प्रसाद शर्मा, मैसर्स वैष्णवी ट्रेडिंग कंपनी और श्रीमती नीतू शर्मा को मांग नोटिस दिनांक** 19.10.2022 **को जारी किया था, जिसमें सूचना में बकाया राशि रू. 44,03,789.96 (रु. चौवालीस लाख तीन हजार सात सौ नवासी और पैसे छियान्वे मात्र) और उक्त नोटिस की तिथि 19-10-2022 से अतिरिक्त ब्याज और संबंधित क्रेडिट सुविधा के समक्ष उल्लिखित ब्याज और साथ ही 18.75% प्रति वर्ष की दर से दंडात्मक ब्याज (साधारण आधार) और लागत, शुल्क और व्यय इत्यादि सहित** उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अन्दर भुगतान करने को कहा गया था।
उधारकर्ता उक्त राशि का भुगतान करने में असफल हो गये हैं इसलिये एतद्द्वारा उधारकर्ता तथा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने सम्पत्ति का भौतिक कब्जा उक्त नियम 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अधीन उन्हें प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए इसमें नीचे वर्णित सम्पत्ति का **कब्जा दिनांक 09.04.2024** को ले लिया है।
उधारकर्ता को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से चेतावनी दी जाती है कि वे निम्न सम्पत्ति के साथ लेन-देन न करें तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी लेन-देन **इंडसइंड बैंक लि. के प्रभार वास्ते बकाया राशि रू. 44,03,789.96 (रु. चौवालीस लाख तीन हजार सात सौ नवासी और पैसे छियान्वे मात्र) और उक्त नोटिस की तिथि 19-10-2022 से अतिरिक्त ब्याज और संबंधित क्रेडिट सुविधा के समक्ष उल्लिखित ब्याज और साथ ही 18.75% प्रति वर्ष की दर से दंडात्मक ब्याज (साधारण आधार) और लागत, शुल्क और व्यय इत्यादि सहित के अधीन होगा।**
कर्जदार का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों को मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

अचल सम्पत्ति का विवरण

**सम्पत्ति 1:**
कार्यालय क्रमांक-215, पहला तल सुपर/निर्मित क्षेत्रफल 120.54 वर्ग फुट "शुभ बिजनेस टावर" की ऊंचाई 10'5 फीट, जोकि भैस्थान रोड, रामसागर पारा, वार्ड क्रमांक 17, रायपुर, पी.एच. नंबर-106 ए, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 में स्थित (विलेख के अनुसार क्षेत्र/भूमि के आनुपातिक अविभाजित हिस्से के साथ) उक्त कार्यालय नगर निगम रायपुर की सीमा में है और इसकी चौहद्दीः
उत्तर में - सलूजा स्टील, दक्षिण में - सामान्य मार्ग,
पूरब में - कार्यालय नं. 216, पश्चिम में - कार्यालय सं. 214
"विवरण/संपत्ति का विवरण श्री गोबिंद प्रसाद शर्मा के नाम पर 13-09-2013 को निष्पादित बिक्री विलेख सं. 3126 में अधिक विशेष रूप से वर्णित है।
**सम्पत्ति 2:**
कार्यालय क्रमांक-216, पहला तल सुपर/निर्मित क्षेत्रफल 120.54 वर्ग फुट "शुभ बिजनेस टावर" की ऊंचाई 10'5 फीट, जोकि भैस्थान रोड, रामसागर पारा, वार्ड क्रमांक 17, रायपुर, पी.एच. नंबर-106 ए, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 में स्थित (विलेख के अनुसार क्षेत्र/भूमि के आनुपातिक अविभाजित हिस्से के साथ) उक्त कार्यालय नगर निगम रायपुर की सीमा में है और इसकी चौहद्दीः
उत्तर में - सलूजा स्टील, दक्षिण में - सामान्य मार्ग,
पूरब में - कार्यालय नं. 216ए, पश्चिम में - कार्यालय सं. 215
"विवरण/संपत्ति का विवरण श्री गोबिंद प्रसाद शर्मा के नाम पर 21-05-2014 को निष्पादित बिक्री विलेख सं. 2253 में अधिक विशेष रूप से वर्णित है।


दिनांकः 09.04.2024
स्थानः रायपुर
प्राधिकृत अधिकारी
इंडसइंड बैंक लिमिटेड

# भूपेश का आरोप : कांग्रेसी नेताओं को फोन लगा रहे भाजपा प्रत्याशी, भाजपा का पलटवार : लोगों से झूठ बोल रहे हैं बघेल

■ हाईप्रोफाईल सीट में बयानों से एक दूसरे पर हमलावर हुए प्रत्याशी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com





कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने आरोप लगाया है कि भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय कांग्रेसी कार्यकताओं को फोन लगा रहे हैं। उन्होंने कहा है कि, सांसद का अपने पार्टी के नेताओं-कार्यकताओं से विश्वास उठ गया है।

भूपेश बघेल ने शनिवार को ट्वटिर में पोस्ट करते हुए लिखा है कि, अब भाजपा के प्रत्याशियों का अपने कार्यकर्ता और नेता से भी विश्वास उठ गया है।5 साल लापता होने के बाद उपजे 'असंतोष' से घबराकर अब बेचारे हमारे कार्यकताओं और नेताओं को फोन कर रहे हैं।सांसद महोदय, अगर 5 साल जनता के बीच रहे होते तो ये नौबत न आती। दूसरी ओर जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू किसी तरह की जानकारी न होने की बात कह रहे हैं। वहीं भाजपा में इस बयान को लेकर उबाल है। भाजपा की ओर से यह भी कहा जा रहा है कि, भूपेश बेतुकी और लोगों को गुमराह करने वाली बातें कह रहे हैं। हॉट सीट बन चुके राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो रहा है। एक ओर भाजपा से उपमुख्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा सहित तमाम बड़े चेहरे मैदानी प्रचार में जुटे हुए हैं तो दूसरी ओर कांग्रेस अपनी पूर्ववर्ती सरकार के पांच साल के कामकाज के नाम पर वोट मांग रही है। दोनों के ही जनसंपर्क में भाषणों और मीडिया से बातचीत के दौरान एक दूसरे पर हमलावर हैं। गौरतलब है कि भूपेश बघेल अपने जनसंपर्क के दौरान लगातार महतारी वंदन योजना को निशाने पर ले रहे हैं। यही नहीं उन्होंने भाजपा सरकार में राशन में कटौती का नया शिगुफा भी छेड़ दिया है। इसे लेकर भाजपा की ओर से तीखे जवाब भी आए हैं। भाजपा ने राशन में कटौती का दावा खारिज किया है। वहीं महतारी वंदन योजना को उन्होंने एक सफल योजना करार दिया है।

### भूपेश झूठ का ढिंढोरा पीट रहे हैं

भूपेश बघेल के आरोपों पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि -भूपेश झूठ का ढिंढोरा पीट रहे हैं। वे अपनी हार को लेकर भयभीत हैं और अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं।सांसद संतोष पांडेय अपने कार्यकाल में संसदीय क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहे। उनके ही कार्यकर्ता उनसे नाराज हैं। सुरेंद्र दाऊ ने तो मंच से ही उनकी असलियत से उन्हें वाकिफ करा दिया था। वर्मा ने कहा कि -पार्टी का हर कार्यकर्ता काम कर रहा है। कार्यकताओं के अपने-अपने संपर्क हैं। अगर, सांसद ने किसी से वोट मांगने के लिए संपर्क किया तो भी इसमें गलत क्या है। वे संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी हैं और ये उनकी सौम्यता का परिचायक भी है। वे भेदभाव नहीं करते।

### जिला अध्यक्ष को जानकारी नहीं, दाऊ के विरोध का मुद्दा फिर उछला

भूपेश बघेल के आरोपों पर जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू किसी तरह की जानकारी न होने की बात कह कही है। वे कहते हैं, मेरे पास ऐसी कोई शिकायत नहीं आई है। दूसरी ओर इन आरोपों से एक बार फिर भूपेश के प्रत्याशी घोषित होने के बाद खुटेरी में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान कांग्रेस नेता रहे सुरेंद्र दाऊ द्वारा पूर्व सीएम बघेल को घेरे जाने का मुद्दा गरमा गया है। पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष दाऊ ने इस दौरान बघेल के पांच साल के कार्यकाल को जमकर कोसा था और उनके करीबी नेता के गायब होने का सवाल उठाया था।

## खैरागढ़ में आज गृह मंत्री अमित शाह की जनसभा



**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए भाजपा के राष्ट्रीय नेता व देश के गृह मंत्री अमित शाह की 14 अप्रैल को खैरागढ़ में महती जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा मीडिया सेल प्रभारी योगेशदत्त मिश्रा, अशोक लोहिया व अमर लालवानी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार गृह मंत्री की जनसभा को लेकर भाजपा लोकसभा संयोजक मधुसूदन यादव, सहसंयोजक नीलू शर्मा व दिनेश गांधी ने बताया की सभा में गृह मंत्री अमित शाह के अलावा, भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व अरुण साव के साथ ही प्रदेश भाजपा के अनेक बड़े नेता उपस्थित रहने वाले हैं। यह सभा दोपहर 02:00 बजे खैरागढ़ के फतेहसिंह मैदान में सम्पन्न होगी जिसकी व्यापक तैयारीयां की गई हैं। सभा स्थल पर भव्य मंच के अलावा दो विशाल डोम बनाये गए हैं। जिसमें नागरिकों व कार्यकताओं की बैठने की समुचित व्यवस्था की गई हैं, सभा की तैयारीयों को अंतिम रूप दिया जा चुका हैं एवं कार्यकताओं को आवश्यक जुम्मेदारियाँ सौपी गई हैं, कार्यकर्ता जनसभा की सफलता के लिए जुट गए हैं।

# 90 हजार की गांजे की खेप ले जा रहे 4 तस्कर गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

आचार संहिता के दौरान पुलिस की मोचेर्बंदी में तस्कर फंसते जा रहे हैं। घुमका पुलिस ने 6 किलो गांजे की खेप की तस्करी कर रहे 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये ओड़िसा राज्य से लाए गांजा को यहां खपाने की तैयारी में थे। आरोपियों में दो दुर्ग जिले के और दो खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के व्यक्ति शामिल हैं। बीते शुक्रवार को मुखबिर ने पुलिस को गांजा तस्करी की सूचना दी थी। ग्राम सलोनी के पास छोटे टेमरी रोड पर पुलिस ने आरोपी आरोपी ग्राम मुड़बहादुर निवासी सचिन मैथिलक्षत्रिय (19) को रोका और उसकी जांच की। युवक की गाड़ी से बैग में बंद पैकेट में रखा हुआ 2 किलोगांजा बरामद हुआ। मौके पर आरोपी से जप्त गांजा तस्करी मे संलिप्त लोगो के बारे मे पूछताछ की गई। सचिन ने गांजा भिलाई से खरीदकर लाना बताया और दूसरों के नाम भी बताए। इसके बाद पुलिस ने ग्राम ईराइखुर्द निवासी कुंदन निर्मलकर को गिरफ्तार किया। कुंदन ने ओड़िसा से खरीदकर भिलाई बिक्री के लिए गांजा लाने वाले तस्कर दिनेश जंघेल और किशन निषाद दोनों निवासी भिलाई की जानकारी पुलिस को दी। दोनों आरोपियों के कब्जे से पृथक पृथक 2-2 किलोग्राम जप्त किया गया। इस तरह पुलिस ने तीन अलग-



अलग आरोपियों से कुल 6 किलो गांजा बरामद किया जिसकी कीमत लगभग 90 हजार है। आरोपियो के खिलाफ थाना घुमका में धारा 20(बी),29एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### नंदई चौक से भी दो गिरफ्तार



शहर में बसंतपुर पुलिस ने भी दो व्यक्तियों को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि नंदई कुआ चौक में सतनाम भवन के पीछे राहुल यादव (30) और विनोद यादव (42) गांजा बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं। इनके कब्जे से एक सफे द रंग की प्लास्टिक बोरी में कुल सवा दो किलो गांजा बरामद किया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## तलवार के साथ आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ शहर के एक मोहल्ले में तलवार लहराकर लोगों को डराने-धमकाने और वार्ड में अशांति फै लाने वाले युवक को पुलिस ने पकडक़र कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी के पास से लोहे का तलवार जब्त कर उसके विरूद्ध 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की। चैत्र नवरात्रि पर्व एवं आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने से डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार संदिग्ध, चोर, पाकिटमार, चाकूबाज समेत अन्य असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखरही है।

# डोंगरगांव नगर का निर्माणाधीन फोरलेन अभिशाप

## ठेकेदार बाप और बेटे में उलझ कर रह गया फोरलेन, ठेकेदार पर एसडीओ पीडब्ल्यूडी ने लगाये आरोप





पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में निर्माणाधीन फोरलेन भराशांही की भेंट चढ़ गई है। राजनैतिक दलों की उदासीनता से नगर सहित अंचल के राहगीरों के लिए नासूर बन गया है। शनिवार को चुनावी मोड में कुछ देर के लिए मेनरोड पर बैठ गए थे। हालांकि ठेकेदार और एसडीओ के मौके पर आने से पहले ही प्रशासन की समझाईश पर उठ खड़े हुए।

उल्लेखनीय है कि निमार्णाधीन फोरलेन विधायक दलेश्वर साहू का ड्रीम प्रोजेक्ट है। विधायक ने ही पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में लगभग 4 किमी के लिए 68 करोड़ की स्वीकृति दिलाई थी। निर्माण प्रारंभ होने के बाद सरकार बदलते ही फोरलेन निर्माण की दशा व दिशा बदल गई है। अमानक व बेतरतीब ढंग से निर्माण होने से जगह जगह जानलेवा गड्ढे बन गए है। माहभर से कार्य बंद रहने से स्थिति बदतर हो गई है। रोजाना छुटपुट घटनाएं हो रही है।

गत शुक्रवार देर शाम निमार्णाधीन फोरलेन में लगभग आधा दर्जन सड़क हादसे हो गए। इसी दरम्यान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का डोंगरगांव नगर आगमन हुआ। एक ही समय मे ये वाकया होने व नेताजी के गुजरने से जनमानस के मध्य शासन प्रशासन का उदासीन चेहरा परिलक्षित हो उठा। तब स्थानीय नेताओं के कान खड़े हो गए थे। इसका मुजायरा दूसरे दिन दोपहर में देखने मिला, जब कुछ युवकों ने राहगीरों की सुध लेते हुए मेनरोड ओर बैठ गए। दोनों ओर चक्काजाम की स्थिति निर्मित हो गई। नगर को धूल के गुबार में ठेकेदार द्वारा ढंक दिए जाने के बाद उत्साही युवकों हृदेश यादव, सिद्दीक बडगुजर, लक्ष्मीनारायण सेन, प्रफुल्ल जैन व चित्तू ठाकुर ने प्रशासन व ठेकेदार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। तब प्रशासन के नायाब तहसीलदार मौके पर पहुंचकर चुनावी आचरण संहिता के लिहाज से चेतावनी पूर्वक समझाईश दी। तब ये युवक एसडीओ और ठेकेदार के आने से पहले ही उठ खड़े हुए।

### अफसरों व ठेकेदार दिखाया आईना

चक्क ाजाम खत्म होने के बाद पहुंचे एसडीओ पीडब्ल्यूडी हर्षद साहू व ठेकेदार लेखराम साहू नगर पहुंचे थे। तब पब्लिक ने दोनों की जमकर खबर ली। कुछ लोग इतने आक्रोशित हो उठे थे कि ठेकेदार व एसडीओ को पीटने की बात कहने लगे थे। पुलिस व पत्रकारों की समझाईश पर शांत हुए। तब युवकों ने ठेकेदार व एसडीओ को बाइक में घुमाकर मेनरोड के दोनों छोर को दिखाया।

### आज से डामरीकरण का आश्वासन

मेनरोड के जानलेवा गड्ढे को लेकर भीड़ के आक्रोश को देखते हुए एसडीओ ने कहा कि वे स्वयं ठेकेदार लेखराम और इसके बेटे राज से परेशान हैं, दोनो बाप बेटे एकदूसरे की आड़ लेकर लेटलतीफी कर रहे हैं। तब ठेकेदार शर्मसार हो गए। पत्रकारों ने तो ठेकेदार को ग्रामीण सड़क निर्माण के भी नाकाबिल बताया। तब ठेकेदार ने आज से डामरीकरण का आश्वासन दिया है।

### सत्ता बदलते ही जमीं पर ठेकेदार

ठेकेदार सत्तापलट के पुर्व प्रशासन को उँगली में नचा रहा था। अब आलम ये है कि सत्ता बदलने के बाद विधायक दलेश्वर साहू के राजनैतिक ताकत में कमी के मद्देनजर ठेकेदार लेखराम ना तो कार्य कर पा रहा है, और ना ही कार्य करने की स्थिति में नजर आ रहा है। जनवरी में भाजपानेता भरत वर्मा द्वारा कार्य बंद करा दिए जाने की भी बात सामने आई थी।

फार्मेट सी–1

अपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(समाचार पत्र,टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सिंतबर 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम व पता : भूपेश कुमार बघेल, मानसरोवर आवासीय परिसर, भिलाई–03 जिला–दुर्ग (छ.ग.)
राजनैतिक दल का नाम : इंण्डियन नेशनल कांग्रेस
(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)
निर्वाचन का नाम : लोकसभा
*निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 06/राजनांदगांव

मैं **भूपेश कुमार बघेल** (अभ्यर्थी का नाम),उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने अपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता/~~करती~~ हूं :

| (क) | लंबित अपराधिक मामले (03 प्रकरण) | | | |
|---|---|---|---|---|
| क.सं. | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| प्र.क्र. 01 | न्यायालय का नाम वर्तमान में निरंक (पुलिस थाना– ई.ओ.डब्ल्यू रायपुर छ.ग.) | प्रकरण क्र. वर्तमान में निरंक (FIR No.- 06/2024 Date-04-03-2024) | लंबित | धारा– 120बी, 34, 406, 420, 467, 468, 471, भा.द.वि.एवं धारा 7,11, भ्र.नि.अधिनियम (संशोधन) 2018 संक्षिप्त विवरण :– |

**मामलें का संक्षिप्त विवरण** :– प्रवर्तन निदेशालय के उपरोक्त प्रतिवेदन एवं साथ में संलग्न दस्तावेज, पूर्व में प्रेषित प्रतिवेदन क्र. ECIR/RPZO/10/2020/AD(MK) दि. 08.01.2024 व साथ में संलग्न दस्तावेज तथा प्रतिवेदन क्र. ECIR/RPZO/10/2022/AD(MK) दि. 30.01.2024 साथ में संलग्न प्रेविजनल अटैचमेंट आर्डर एवं अन्य दस्तावेजों के अध्ययन व परिशीलन के आधार पर पाया गया कि महादेव बुक ऐप के प्रमोटर श्री रवि उप्पल, श्री शुभम सोनी, श्री सौरभ चंद्राकर, श्री अनिल कुमार अग्रवाल के द्वारा विभिन्न लाईव गेम्स में अवैध शापिंग की गई । ऑनलाईन प्लेटफार्म के विकल्प के रूप में ऑनलाईन प्लेटफार्म का निर्माण कर वाट्सएप, फेसबुक, टेलीग्राम जैसे माध्यमों से विभिन्न वेबसाईटों के जरिये सट्टा खिलाए जाने लगा । इन प्रमोटर्स द्वारा ऑनलाईन बैटिंग के लिए विभिन्न प्लेटफार्म तैयार कर पैनल ऑपरेटरों / ब्रांच संचालको के मध्यम से ऑनलाईन बेटिंग के आपराधिक कृत्य का संचालन किया गया । इस अवैध कमाई से लगभग 70 से 80 प्रतिशत राशि स्वयं रखकर शेश राशि पैलन ऑपरेटरों को प्रदान की गई ।ऑनलाईन बैटिंग ऐप के संचालन से प्रमोटर्स एवं ऑनलाईन बैटिंग ऐप से जुडे पैनल ऑपरेटर्स चेकर्स एवं उनके साथियों द्वारा वर्श 2020 में लॉकडाउन के बाद से ऑन लाईन सट्टा खिलाकर 450 करोड़ रू. मासिक की अवैध आय अर्जित की जा रही है ।

महादेव बुक एप के प्रमोटर्स एवं पैनल ऑपरेटर्स के द्वारा इस अवैध अर्जित आय के ट्रांजेक्शन के लिए फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंक अकाउंट्स खोले गए तथा सैंकड़ों बैंक अकाउंट्स कमीशन के आधार पर लेकर सट्टा से प्राप्त राशि का संचालन किया गया महादेव बुक एप के प्रमोटर्स को पैनल ऑपरेटर्स द्वारा सट्टा की अवैध राशि विभिन्न बैंक अकाउन्ट के माध्यम से ट्रांसफर किया जाकर संयुक्त अरब अमीरात तक पहुंचाया गया है ।

महादेव बुक एप के प्रमोटर्स द्वारा ऑनलाईन सट्टा से प्राप्त अवैध राशि से ऑनलाईन सट्टा के प्रमोशन के लिए सट्टे बाजी वेबसाईटों का विज्ञापन हेतु भारी मात्रा में नगद रकम खर्च की गयी। इस हेतु वार्शिक स्टार स्टैंडेड कार्यक्रम आयोजित किये जाते थे जिसमें शामिल मशहूर हस्तियों को सट्टेबाजी से प्राप्त अवैध राशि से भुगतान किया जाता था ।

महादेव बुक एप के प्रमोटर्स द्वारा ऑनलाईन बैटिंग से प्राप्त अवैघ राशि को भारी मात्रा में कई कंपनियों, शैल कंपनियों एवम शेयर मार्केट में निवेश किया गया है ।इसी तरह इन प्रमोटर्स के द्वारा क्रिप्टो करेंसी में भी निवेश किया गया है ।प्रवर्तन निदेशालय द्वारा महादेव ऑनलाईन बुक के साथ जुडे हरिशंकर तिबरेवाल के द्वारा इसी तरह का स्काई एक्सचेंज नामक बैटिंग प्लेटफार्म चालया जा रहा था जिसके पास से अवैध कमाई द्वारा अर्जित लगभग 580 करोड़ रू. की संपत्ति प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अटैच की गयी है।

महादेव बुक एप के प्रमोटर्स द्वारा ऑनलाईन बैटिंग एप के इस आपराधिक कृत्य के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही को रोकने के लिए विभिन्न पुलिस व प्रशासनिक अधिकारीगण तथा प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्तियों का संरक्षण प्राप्त किया गया , जिसके एवज में उन्हे नियमित तौर पर प्रोटेक्शन मनी के रूप में भारी राशि दी गयी । उक्त अवैध राशि की व्यवस्था एवं वितरण हेतु हवाला ऑपरेटरों का इस्तेमाल किया गया साथ ही पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को अवैध प्रोटेक्शन मनी वितरण हेतु पुलिस अधिकारियों / कर्मचारियों का भी उपयोग किया गया । यह प्रोटेक्शन मनी की राशि हवाला ऑपरेटरों के माध्यम से राशि वितरण करने वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी तक पहुंचती थी जिसे उनके द्वारा संबंधित पुलिस / प्रशासनिक अधिकारियों तथा प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्तियों को वितरित की जाती थी । विभिन्न पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी एवं प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्तियों द्वारा अपने पद का दुरूपयोंग करते हुए प्रोटेक्शन मनी के रूप में अवैध आर्थिक लाभ प्राप्त करते हुए अवैध संपत्ति अर्जित की गयी है ।प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कई अचल संपत्तियों का प्रोविजनल अटैचमेंट किया गया है ।

इस प्रकार महादेव बुक एप के प्रमोटर्स द्वारा अपने सहयोगी पैनल ऑपरेटर्स चेकर्स, पार्टनर्स, लोकसेवकों और अन्य लोगों के साथ मिलकर अपराधिक शडयंत्र करते हुए ऑनलाईन सट्टा एप के जरिए भारी मात्रा में अवैध आय अर्जित की गई ।इस संपूर्ण आपराधिक कृत्य में शमिल लोगो के विरूद्ध प्रथम दृश्टया धारा 120बी, 34, 406, 420, 467, 468, 471 भा.द.वि. तथा धारा 7, 11 भ्रश्टाचार निवारण अधिनियम 1988 यथा संशोधित भ्र.नि. (संशोधन) अधिनियम 2018 प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा .................. (वर्तमान में लागू नही) को विवचना हेतु सौंपा गया या क्षेत्राधिकार में दृश्टिगत थाना.............. (वर्तमान में लागू नही) जिला .........(वर्तमान में लागू नही) को स्थानांतरित किया गया, या दं.प्र.सं.की धारा ''ब'' के अंतर्गत की गई। अभियोगी / सूचनाकर्ता को प्र.सू.पढ़वाकर / पढ़कर सुनाया गया जिन्होने सही – सही अभिलिखित होना स्वीकार किया ।इसकी एक प्रति सूचनाकर्ता को निः शुल्क प्रदाय की गयी।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्र.क्र. 02 | न्यायालय का नाम–अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, तृतीय / एम.पी. /एम.एल.ए. कोर्ट गौतम बुद्ध नगर। ( पुलिस थाना – नोएडा, सेक्टर–49, कमिश्नरेट गौतम बुद्ध नगर) | वर्तमान सम्मन दिनांक 06/12/2023 में वर्णित अनुसार वाद संख्या 16422/23, CCNo.-29/22 दर्शाया गया है । (FIR No.- 29 / 2022 DATE – 16-01-2022) | लंबित | धारा– 188, 269, 270 भा.द.वि. एवं धारा – 03 महामारी अधिनियम 1897 संक्षिप्त विवरण :– |

मामलें का संक्षिप्त विवरण :– कार्यालय रिटर्निंग आफिसर / उप जिलाधिकारी 61 गौतम बुद्ध नगर पत्रोंक 37/एसटी–एसडीएम विधान सभा निर्वाचन 2022 दिनांक 16.01.2022 प्रभारी निरीक्षक थाना सेक्टर 113 नोएडा आप को अवगत ही है कि, मा. भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी की चुकी है जिसके अनुसार जनपद गौतम बुद्ध नगर में आदर्श आचार संहिता लागू है ।आज दिनांक–16.01.2022 को मा. मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी द्वारा 61 नोएडा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कई स्थनों पर 05 व्यक्तियों से अधिक व्यक्तियों को साथ लेकर लोगो के घर–घर जाकर कांग्रेस का प्रचार किया जा रहा है एवं कोविड नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है ।अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप तत्काल मा. भारत निर्वाचन आयोंग के अंतर्गत दिये गये निर्देशों के क्रम में आदर्श आचार संहिता एवं कोविड नियामों का उल्लंघन किये जाने के कारण संबंधित के विरूद्ध प्रथामिकी दर्ज कराते हुए अवगत कराना सुनिश्चित करे । संलग्न उपरोक्तानुसार रिटर्निंग आफिसर / उप जिलाधिकारी 61 नोएडा विधान सभा क्षेत्र । प्रतिलिपि 1–जिलाधिकारी निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी महोदय गौतम बुद्ध नगर की सूचनार्थ प्रेशित, 2 – उप जिलाधिकारी निर्वाचन / उप जिलाधिकारी दादरी 61 नोएडा विधान सभा क्षेत्र नोट में है । कांस्टेबल क्र 921 ओंकार सिंह प्रमाणित करता हूँ कि नकल तहरीर कर कायमी मेरे द्वारा बोल–बोल कर कांस्टेबल क्र 384 आकाश कुमार से टाईप करायी गयी है।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्र.क्र. 03 | विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट सी.बी.आई. रायपुर (पुलिस थाना–सी.बी.आई. /एस.सी.–।।, नई दिल्ली) | प्र.क्र.–5465/18 FIR No.- RC 12 & 13 (S) / 2017-SCUV / SC-II / CBI NEW DELHI DATE –12-12-2017 | लंबित | धारा– 120 बी/सह पठित 469, 471, भा.द.वि. एवं धारा–67 ए सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम **संक्षिप्त विवरण** :– |

मामलें का संक्षिप्त विवरण :–एफ.आई.आर नं– आर.सी.नं.– 12 (एस) 2017 एस.सी.यू./एस.सी.–II, सी.बी.आई. न्यू दिल्ली का पंजीयन थाना पंडरी रायपुर में श्री प्रकाश बजाज के द्वारा लिखाई गई एफ.आई.आर. के आधार पर पंजीबद्ध किया गया है जिसमें किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उन्हे किसी अश्लील व्हिडियो उसके आधिपत्य में होने के आधार पर किसी आका को बदनाम करने, उनके एवज में राशि मांगने की धमकी देकर ब्लेकमेल करने की शिकायत की गई है, इस शिकायत पर धारा 384 एवं 506 भा.द.वि. का अपराध पंजीबद्ध किया था । तथा एफ.आई.आर नं– आर.सी. नं.–13 (एस) 2017 एस.सी.यू./एस.सी.–II, सी.बी.आई. न्यू दिल्ली का पंजीयन सिविल लाईन थाना रायपुर में श्री राजेश मूणत के द्वारा दर्ज प्रथम सुचना पत्र क्रमांक–665/2017 दिनांक– 27/10/2017, धारा 67 ए, आई.टी.एक्ट के आधार पर पंजीबद्ध किया गया है, जिसमें श्री राजेश मूणत ने किसी अश्लील व्हिडियों का प्रसारण मोबाईल एवं सोशल मिडिया के माध्यम से श्री भूपेश बघेल , विनोद वर्मा, आदि के द्वारा किये जाने और उसके द्वारा श्री राजेश मूणत की राजनैतिक छबि को धुमिल किये जाने की शिकायत की गई । इन दोनो प्रकरण की जांच सी.बी.आई. ने एक साथ करके उपरोक्त आरोप पत्र प्रस्तुत किया है ।

| (ख) | अपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्दि के मामलों के संबंध में विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|
| क.सं. | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) की स्थिति | | अधिकतम अधिरोपित दंड |
| निरंक | निरंक (लागू नही होता है) | निरंक (लागू नहीं होता है) | निरंक (लागू नहीं होता है) | निरंक (लागू नहीं होता है) |

# न्याय और सकारात्मक सोच का मुकाबला खोखले, जुमले वादों से है : कन्हैया कुमार

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के स्टार प्रचारक कन्हैया कुमार ने बिलासपुर में केंद्र की मोदी सरकार और भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा है कि वे बार बार सवाल करते है कि 70 सालो में कांग्रेस ने क्या किया? वो बिलासपुर के लोगो को क्यों नही बतलाते है कि 35 साल उनमें आपका भी है, जरा आप भी बताए आपने 35 सालो में क्या किया। कांग्रेस भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कन्हैया कुमार ने भाजपा नेताओ के चाल, चरित्र और चेहरा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर आंदोलन करके बिलासपुर की जनता को रेलवे जोन, हवाई सेवा और केंदीय विश्वविद्यालय लेना पड़ता है। बिलासपुर न्याय धानी, संस्कारधानी है मगर बिलासपुर को इनके राज में कोई पूछने वाला नहीं है। बीजेपी वाले बार बार पूछते है कि कांग्रेस ने 70 सालो में क्या किया। पहले ये तो बताइए आपने 35 सालो में क्या किया। सर्वाधिक आय देने वाले बिलासपुर रेलवे जोन में आज कोई ट्रेन वक्त पर चल नही रही, ट्रेनें लगातार बंद और निरस्त किए जा रहे। ट्रेनों की टिकटों में बुजुर्गो को मिलने वाली 50% की छूट आज बंद क्यों है? उन्होंने कहा बीजेपी वाले हमसे सवाल पूछते है, सवाल तो हमारे मन में भी उठ रहे है कि इस देश का प्रधानमंत्री 5 साल के लिए ,सांसद बनेंगे 5 साल के लिए बनते है। राज्यसभा सांसद तो 6 सालो के लिए बनाया जाता है। लेकिन हमारे, आपके परिवार के बच्चो को 4 साल की नौकरियां दे रहे है अग्निवीर बना करके। आखिर क्यों..? उसे न कोई पेंशन है, न कोई बीमा,न कोई ग्रेजुएट है। कल शहादत हो जाती है तो शहीद का दर्जा भी नही है। हमारी सरकार आने पर अग्निवीर योजना बंद कर युवाओं के लिए स्थाई नौकरी की व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने कहा आज देश की जो हालत है उसे हमे, आपको छत्तीसगढ़ वासियों को, बिलासपुर की जनता को समझना होगा। यह जो चुनाव हो रहा है वह एक तरफ खोखले वादे एवम जुमले पर होगा, या इस देश की वास्तविकता जो हकीकत है उस पर होगा।आप में से कोई बता दीजिए लगातार चुनाव प्रचार हो रहे है। आने वाले 19 तारीख को पहले चरण के मतदान होना है लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी केंपनिंग चल रही है, क्या वे किसी सभा में नव जवानो की नौकरीयों की बात की..? क्या किसी सभा में महंगाई पर बात की..? एक बार भी नही की। मंहगाई पर तो उन्होंने कभी बोला ही नहीं । यह कैसे हो सकता है कि देश की कुछ संपत्ति बढ़ रही है लेकिन जिन लोगो से यह देश बना है उसकी संपत्तियां घट रही है। अगर देश की जीडीपी बढ रही है तो देश के लोगो की जीडीपी क्यों नही बढ रही है। अगर आपके पिता रेलवे में नौकरी कर आपको पढ़ाए, लिखायें, शादी किए,जमीन खरीदी,घर बनवाए तो आज की हमारी पीढ़ी यह सब क्यों नही कर पा रही है? ये इसलिए भी कर पा रही है क्योंकि हमारे मुद्दे राजनीति से गायब कर दिए गए है। कन्हैया कुमार ने कहा यह चुनाव आने वाले दिनों में देश का भविष्य तय करेगा। कांग्रेस के घोषणा पत्र को घोषणा पत्र नही हमने न्याय पत्र का नाम दिया है। क्योंकि इससे आपसी समरसता बड़ेगी, आर्थिक असमानता घटेगी, खुशहाली आएगी, हर गरीब परिवार को हम साल का 1 लाख रूपये महालक्ष्मी योजनां के तहत दी जाएगी, 30 लाख नोकरियो मिलेगी, अग्निवीर जैसी योजना को बंद कर पक्की नौकरियां जैसी व्यवस्था की जायेगी, भर्ती घोटाले, प्रश्नपत्र लीक जैसे मामले में रोक लगाई जायेगी। उन्होंने आगे कहा कि वो कहते है कि मोदी है तो मुमकिन है। लेकिन मोदी है तो मुमकिन है कि बेरोजगारी बढ़ेगीज्मोदी है तो मुमकिन है कि महंगाई बढ़ेगीज, मोदी है तो मुमकिन हैज कि आर्थिक असमानताएं बढ़ेगी। अमीर अमीर होगा और गरीब गरीब होगा इसलिए जरूरी है कि मोदी को इस चुनाव में जवाब दिया जाय कि डिग्री है तो नौकरी मिलेगी। एक तरफ न्याय की सोच है सकारात्मक सोच है तो दूसरी तरफ खोखले जुमले है। इस देश में नेताओ के बच्चो का भविष्य सुरक्षित हो सकता है, बाप अगर गृहमंत्री बन जाय तो बेटा बीसीसीआई का सेकेट्री बनना हो सकता है। तो आम लोगो को तय करना पड़ेगा कि अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए इस अन्याय को खत्म करना होगा। यही बात लेकर मैं आपके बीच आया हूं।

## सीईओ जिला पंचायत एवं एसपी ने ली शांति समिति की बैठक

### आदर्श आचरण संहिता का पालन करते हुए त्यौहारों को पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाएं

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



लोकसभा निर्वाचन 2024 एवं आगामी त्यौहारों के मद्देनजर कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आदर्श आचरण संहिता के चलते कुछ बंदिशें लगाई गई हैं। उन्होंने कहा कि आदर्श आचरण संहिता का पालन करते हुए त्यौहारों को पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ मनाएं। उन्होंने उपस्थित समाज प्रमुखों से कहा कि आप सभी अपने समाज के लोगों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करें और जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज अदा करें। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में रामनवमी पर्व का आयोजन करने की अपील करते हुए कहा कि आदर्श आचरण संहिता के चलते रामनवमी पर आयोजित होने वाली रैली में आर्म्स एक्ट के तहत अस्त्र-शस्त्रों के प्रदर्शन पर भी प्रतिबंधित रहेगा, किसी एक निश्चित स्थान पर इनकी पूजा पूजा-अर्चना शांतिपूर्वक तरीके से की जा सकेगी। न्यायालय द्वारा जारी निर्देशों का पालन करते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर भी पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने उपस्थित विभिन्न समाजों के पदाधिकारियों से पुनः अपील करते हुए कहा कि त्यौहारों का आयोजन इस प्रकार करें कि किसी भी धर्म, जाति, समुदाय की धार्मिक भावना आहत ना हो। इसके साथ ही इन धार्मिक कार्यस्त्र5मों में किसी भी प्रकार के राजनीतिक गतिविधियों का संचालन ना करें, राजनीतिक चिन्ह, नारे, प्रदर्शन आदि का प्रदर्शन ना हो, इसका ध्यान रखा जाये। शांति समिति की बैठक में उपस्थित विभिन्न समाज प्रमुखों ने सुझाव दिया कि रामनवमी के दिन यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए मार्ग परिवर्तित किया जाना उचित होगा। इसके साथ ही यात्रा निकलने के समय सभी वाणिज्यिक वाहनों का नगर में प्रवेश वर्जित किया जाये। पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित समाज प्रमुख से कहा कि विभिन्न गांव, मुहल्लों, चौक-चौराहों से निकलने वाली रैली में वॉलिंटियर की नियुक्ति करें, जो पुलिस और जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित कर सके। साथ ही नगर के मुख्य चौक-चौराहों पर रोशनी और सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

## निःशुल्क राज्यस्तरीय सतनामी समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



विश्वरत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की 134 वी जयंती के सुअवसर पर निःशुल्क राज्यस्तरीय सतनामी समाज युवक/युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन मुंगेली गुरु घासी दास चैक सतनाम भवन पर छत्तीसगढ़ संयुक्त शिक्षक संघ मुंगेली व सतनाम महासंघ के सँयुक्त तत्वधान में होगी आयोजित, परिचय सम्मेलन आयोजन का मुख्य उद्देश्य यह है कि सतनामी समाज के युवक/युवतियों को शादी के लिए मंच उपलब्ध करना, परिचय सम्मेलन में भाग लेने के लिए लगभग एक हजार युवक/युवतियां पंजीयन कराने के करीब है, परिचय सम्मेलन के दौरान रिश्ते पसंद आने पर अलग से काउंसलिंग कक्ष में समिति से सदस्यों की उपस्थिति में काउंसलिंग करायी जाएगी, परिचय सम्मेलन में आने वाले युवक/युवतियों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था होगी इसके साथ डायरी, पेन, पंजीयन फॉर्म आयोजक समिति की ओर से उपलब्ध कराया जायेगा। इसके साथ विश्वरत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती का आयोजन एवं स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया जायेगा अंत मे विशिष्ट सेवा सम्मान का का कार्यक्रम भी रखा गया है जिसमे पचास पंथी टीमों का सम्मान, पचास अधिकारी/कर्मचारियों का सम्मान, पचास सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारियों का सम्मान, पचास समाज सेवियों का सम्मान समिति की ओर से किया जायेगा, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विकास खांडेकर प्रदेश अध्यक्ष सतनाम महासंघ, ओमप्रकाश बघेल कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ, मोहन लहरी-संभाग अध्यक्ष, लक्ष्मीकांत जडेजा जिला अध्यक्ष-मुंगेली, नारायणी कश्यप जिला अध्यक्ष महिला-मुंगेली, बलजीत सिंह कांत-कार्यकारी जिला अध्यक्ष, शैलेश कुर्रे जिला प्रवक्ता शिवकौशिक ब्लॉक अध्यक्ष पथरिया, जितेंद्र घृतलहरे ब्लॉक अध्यक्ष मुंगेली, व संयुक्त शिक्षक संघ मुंगेली की पूरी टीम, सतनामी समाज की पूरी टीम लगी हुई है। यह जानकारी लक्ष्मी कांत जडेजा जिला अध्यक्ष सयुंक शिक्षक संघ मुंगेली के द्वारा दिया गया है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साहू समाज से होना हमारे लिए गौरव की बात : उमेश साहू

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



जिले के सांसद प्रतिनिधि और भाजपा गंगरेल मंडल के अध्यक्ष उमेश साहू ने अपनी बात रखते हुए कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साहू समाज से होना हम समाज के लिए गौरव की बात है। साहू समाज में हर कालखंड में देश के भीतर ऐसे ऐसे महापुरुष योगी और योगीनी हुए हैं जो समाज के सभी वर्गों के लिए अपना संपूर्ण जीवन लगाए हुए हैं। कई ऐसे भी उदाहरण है जिसमें समग्र जीवन ही नहीं जीवन की संपूर्ण संपत्ति को भी देश कार्य में लगाए हैं। माता कर्मा की ख्याति पूरे देश के भीतर है जो समाज के भीतर फैले अनेक बुराइयों को दूर करने का कार्य किया जो साहू समाज की कुलदेवी है।दानवीर भामाशाह जिनकी चर्चा पूरे देश में व्याप्त है। जब देश संकट में था महाराणा प्रताप जी को मुगलों से परास्त होकर वन वन भटक रहे थे ऐसे संकट के समय में दानवीर भामाशाह अपने पूरे धन को महाराणा प्रताप राजा जी को सौंप दिए जिससे वह पुनः सैनिक और शस्त्र तैयार करके मुगलों से लड़ करके विजय प्राप्त करते हुए देश को बचाया। ऐसे अनेक उदाहरण साहू समाज में मिलते हैं। छत्तीसगढ़ में बाबा सत्यनारायण की ख्याति से सभी वाकिफ हैं जो बचपन से ही शिव की भक्ति में लगे हुए हैं और जन कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन लगाए हुए हैं । जिसकी महिमा सभी गाते हैं। इसी तरह राजनीतिक क्षेत्र में आज जब से प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी बने हुए हैं जो साहू समाज से हैं जिनकी यश कीर्ति आज देश ही नहीं विदेश में भी फैली हुई है जो भारत को खोई हुई ख्याति को वापस दिलाने की ओर विकसित भारत तैयार करने की दिशा में लगे हुए हैं जिनकी चर्चा आज पूरे विश्व में होना साहू समाज के लिए निश्चित ही गौरव का विषय है।इस तरीके से फिर से मोदी जी का प्रधानमंत्री बना ऐतिहासिक रहेगा।

## जब-जब भक्तों को भगवान की जरूरत पड़ती है वह मदद करने के लिए किसी न किसी रूप में आते हैं

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जब-जब भक्तों को भगवान की जरूरत पड़ती है वह मदद करने के लिए किसी न किसी रूप में आते हैं। भगवान श्री कृष्ण ने भक्तों के लिए गोवर्धन पर्वत को अपने एक उंगली में ही उठा लिया था यह बातें आचार्य भूपेंद्र पाण्डेय बोदरी वाले ने नगर सुशील मिश्रा के वार्षिक श्राद्ध के परिपेक्ष्य में आयोजित भागवत कथा पाठ में कहीं। उन्होंने श्री कृष्ण जी के बाल लीला के साथ ही साथ गोवर्धन पूजा, कंस वध, श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह का विस्तार पूर्वक वर्णन किया। आचार्य पं भूपेंद्र पाण्डेय ने कहा कि कृष्ण की लीलाएं अपार हैं उन्होंने कंस का वध करके धरती का बोझ कम किया। कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन सुन श्रोता भाव विभोर हो गए।उन्होंने कहा कि जो जीव भगवान को अपना मित्र मानता है भगवान उनके कष्टों को हर लेते हैं। मुख्य यजमान के रूप में दुर्गेश्वरी अनिल मिश्रा, अनिता ब्रजेश दुबे, सुनीता हलेंद्र दीवान, नोहर रमा मिश्रा, मनोज इन्दु मिश्रा, अंशु मिश्रा, प्रकाश गीता दुबे, प्रमोद सीता द्विवेदी, एवं समस्त मोहल्ले वासियों का विशेष रूप से सहयोग मिल रहा है। सायं 3 से 7 बजे तक आयोजित होने वाली इस कथा में बड़ी संख्या में श्रोता गण आकर श्रीमद् भागवत कथा का रसास्वादन कर अपना मानव जीवन धन्य कर रहे हैं।

## बालक-बालिका राज्य स्तरीय फिडे रेटिंग शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन दुर्ग में 12 से 14 तक



पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शतरंज संघ के तत्वधान में आयोजित आयु 17 बालक-बालिका राज्य स्तरीय फिडे रेटिंग शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन दुर्ग में 12 से 14 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है जिसमें मुंगेली जिले से कुल 09 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। बालिका खिलाड़ियों में संजीवनी कुर्रे, सौम्या सिंह राजपूत, अंकिता घृतलहरे, बालक वर्ग में पियूष साहू, रूद्र शुक्ला, नागेंद्र टण्डन, प्रवीण कुमार कश्यप, यश शर्मा एवं अंशुल शर्मा है। इन सभी खिलाड़ियों का चयन जिला स्तर की स्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। टीम के कोच ओमप्रकाश वन्दे तथा मैनेजर कामत प्रसाद कुर्रे एवं सूर्यकांत शर्मा है। टीम के बेहतर प्रदर्शन हेतु मुंगेली जिला शतरंज संघ के चेयरमैंन विजय वर्मा, अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह, उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा संघ के सदस्य रामकुमार बघेल, युगल सिंह राजपूत, वेंकटेश्वरदास मानिकपुरी, देवराज वंदे , देवेंद्र सिन्हा, राजेन्द्र साहू ने शुभकामनाएं प्रदान की है।

## नवीन मतदाताओं को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुंगेली द्वारा सम्मानित किया जायेगा


पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुंगेली के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुंगेली प्रभाकर पाण्डेय के मार्गनिर्देशन में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा मुंगेली में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हेतु शत प्रतिशत मतदान के लिए जिले के तीनों विकासखण्ड के संकुल प्राचार्यो एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों का बैठक जिला शिक्षा अधिकारी चंद्रकुमार घृतलहरे द्वारा रखा गया। जिसमें जिले के समस्त शासकीय/ अशासकीय/ अनुदान प्राप्त शालाओं के विद्यार्थियों के माध्यम से उनके माता/पिता/पालकों को अनिवार्य मतदान हेतु संकल्प पत्र भरवाने तथा वापस संग्रहित कर जिला कार्यालय में जमा कराने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में अपने संबोधन में स्वीप जिला नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुंगेली ने जिले में शत् प्रतिशत मतदान के लिए अधिक से अधिक मतदाताओं से संकल्प पत्र भरवाए जाने एवं जो 01/04/2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लिए है उन्हें नवीन मतदाता के रूप में पंजीकृत होकर मतदान में भागीदारी के लिए प्रेरित किये। साथ ही उन्होने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग का संकल्प पत्र संबंधी जिला स्तरीय कार्यक्रम डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में किया जायेगा। जिसमें जिले के विभाग के सभी शासकीय/ अशासकीय अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारीगण के साथ-साथ स्काउट, एनसीसी तथा अग्निवीर के तहत वायु सेना एवं थल सेना हेतु आवेदन किए अभ्यर्थी सम्मिलित रहेंगे। उन्होने ने बताया कि विद्यालयों के सभी नवीन मतदाताओं को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुंगेली द्वारा सम्मानित किया जायेगा। अनुविभागीय अधिकारी (रा) पार्वती पटेल ने अपने उद्बोधन में स्वीप कार्यक्रम को सफल बनाने एवं शत् प्रतिशत मतदान हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

अपने संबोधन में जिला शिक्षा अधिकारी चंद्रकुमार घृतलहरे ने स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता को सफल बनाने हेतु जिले के प्रत्येक मतदान केन्द्र में एक नोडल शिक्षक नियुक्त किया गया है। जिन्हें ग्राम स्तरीय समिति में सक्रिय सहभागिता करते हुए मतदान प्रतिशत में वृद्धि हेतु आवश्यक गतिविधियों में भाग लेंगें।

## व्यय प्रेक्षक संदीप मण्डल ने सी विजिल वेबकॉसि्ंटग कक्ष सहित पंजियों का किया निरीक्षण





पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत कांकेर लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक संदीप मण्डल ने आज कलेक्टोरेट स्थित सी विजिल, वेबकासि्ंटग कक्ष तथा जिला पंचायत में कांकेर लोकसभा के सिहावा विधानसभा के लिए स्थापित निर्वाचन व्यय निगरानी कक्ष और राजनीतिक दलों के लिए तैयार किए गए पंजियों का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय संबंधी गतिविधियों की निगरानी करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने वीडियो मॉनिटरिंग कक्ष का अवलोकन करते हुए जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में कार्य कर रही वीएसटी दलों की उपस्थिति की जानकारी ली। साथ ही वीडियो के माध्यम से इनके लोकेशन को भी देखा। उन्होंने जिले में आयोजित कार्यक्रमों की वीडियोग्राफी देखी और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक ने इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया अनुवीक्षण इकाई सहित प्रिंट अनुवीक्षण इकाई के कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण इकाई, एमसीएमसी के नियमित रूप से प्रतिवेदन प्रेषित करने के संबंध में पूछा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जी.आर.मरकाम, डिप्टी कलेक्टर तेजपाल सिंह ध्रुव, आबकारी अधिकारी प्रभाकर शर्मा, कोषालय अधिकारी मनोज कुमार लारिया सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

**कथा में राजा बेन, पृथु भरत आदि की कथा सुनायी गयी**

## भक्त को दर्शन देने नही दर्शन करने आये : ब्यासपीठ पं. मनोज पाण्डेय

पायनियर संवाददाता ➤ चांपा
www.dailypioneer.com





नगर के स्व. जीवनलाल साव सामुदायिक भवन में सुरेंद्र केसरवानी, राकेश केसरवानी एवं परिवार द्वारा स्व. देवकुमारी केसरवानी जी के वार्षिक श्राद्ध निमित्त श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आयोजित है जहां चौथे दिन के कथा का विस्तार करते हुए श्रद्धेय ब्यासपीठ पंडित मनोज पाण्डेय जी ने बताया कि ध्रुवजी पूर्वजन्म में ब्राह्मण थे। अपने अत्रीय मित्र को राजा बनते देख ध्रुव भी राजा बनना चाहते थे। इस मनोरथ को पूर्ण करने के लिए भगवान विष्णु की तपस्या जीवन भर की। आयु बीत जाने पर ध्रुवजी की मृत्यु हो गयी। तप पूरा होने में सिर्फ 6 माह ही रह गया था। ध्रु वजी अपने इस जन्म में भी राजा बनना चाहते थे । मात्र 6 साल की आयु में तपस्या करने निकल पड़े, 6 माह के तप में 1 माह फलाहार, 1 माह पत्तों का आहार, 1 माह जल पीकर, 1 माह केवल वायु पीकर, 1माह खड़े रहकर तप किया, छठे माह के तप में ध्रु वजी ने अपना श्वास रोका तो संसार में सभी का श्वास रुक गया, तो संसार को बचाने के लिए भगवान विष्णुजी को मधुबन में ध्रु व के निकट आये। भागवतजी में सुन्दर वर्णन मिलता है कि भगवान ने भक्त ध्रुव का दर्शन किया, अर्थात् वे भक्त को दर्शन देने नही दर्शन करने आये। ध्रु व चरित्र का दार्शनिक पक्ष वर्णन इस प्रकार दिया गया- जीव ही राजा उत्तान पाद है, उपर पैर वाला या उल्टा पैर वाला या विपरीत दिशा में चलने वाला, बुद्धि ही सुनीति और मन ही सुरुचि है, ये ही 2 पत्नी हैं, जीव रूपी उत्तानपाद बुद्धि रूपी सुनीति की उपेक्षा कर देता है, मन रूपी सुरुचि का दास बन जाता है। हम सब को मन की बात न मानकर बुद्धि की बात मानना चाहिए। मन की बात मानने से क्षणिक सुख मिलता है। परन्तु बुद्धि की बात मानने में अखण्ड आनन्द की प्राप्ति होती है। कथा में राजा बेन, पृथु भरत आदि की कथा सुनायी गयी, नर्क वर्णन किया गया, अजामिल की भी चर्चा हुई। प्रहलाद जी भगवान के अत्यंत प्रिय भक्त हैं, भीषण अत्याचार के बाद भी वे वहीं भक्ति पथ में टिके रहे, घबराए नहीं, फिर भगवान ने कृपा की। इस आयोजित भागवत पुराण यज्ञ में मुख्य जजमान राकेश केसरवानी, रेखा-मूलचंद गुप्ता, सहित सुरेंद्र केसरवानी, राजकुमार केशरवानी सपत्नीक, अरविंद केसरवानी, रेणु-प्रमोद केसरवानी, अंजू-संतोष केसरवानी, परिवार के अन्य वरिष्ठ सदस्य, चांपा केसरवानी समाज के लोग तथा अन्य श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। तथा कथा आरती पश्चात सभी ने प्रसाद भोजन ग्रहण किया।

## मेहंदी, रंगोली, चित्रकला एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुंगेली के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी मुंगेली के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता के तहत स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा, मुंगेली में मेहंदी, रंगोली, चित्रकला एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों द्वारा जिले में शत् प्रतिशत मतदान की थीम पर कार्य करते हुए गतिविधियों में भाग लिया गया। जिसमें हाई एवं हायर सेकेण्डरी विभाग के विद्यार्थियों द्वारा बड़े उत्सुकता पूर्वक भाग लिये जिसमें मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम आयूषी ठाकुर, द्वितीय मानसी देवांगन, चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम आयूषी उपाध्याय, द्वितीय आंकाक्षा, रंगोली में प्रथम मानसी देवांगन, द्वितीय जिज्ञासा साहू, निबंध लेखन में प्रथम आकांक्षा सोनवानी, द्वितीय सृष्टि पौराणिक रही। विजेता प्रतियोगियों को प्राचार्य डॉ.आई.पी. यादव द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया एवं बधाई दी गई। उक्त कार्यक्रम में अलग-अलग प्रतियोगिताओं में निर्णायकों की नियुक्ति की गई थी। इनमें संध्या कुजूर, रीना मरावी, पुष्पांजली कोशले एवं शबनम बानों प्रमुख रहे।

# 21 वर्ष बाद बालोद पहुंचे राजनाथ सिंह कांग्रेस पर जमकर किया प्रहार

## बोले रक्षामंत्री : केंद्र में जब कांग्रेस की सरकार थी, तो घोटाले की भरमार थी, 2024 के चुनाव के बाद आपके बच्चे पूछेंगे की कौन कांग्रेस..?

पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com

अटल बिहारी वाजपेयी जी ने छत्तीसगढ़ राज्य बनाया, दो आदिवासी राज्य बने, छत्तीसगढ़ और झारखंड। विभाजन हो जाने के बाद डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सरकार बनी, और लगातार 15 वर्षो तक सरकार रही। भारत से किसी भी कोने से आना वाला व्यक्ति जिसने भी पहले छत्तीसगढ़ को देखा था और आज जाकर छत्तीसगढ़ को देखता है तो कहता है भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने छत्तीसगढ़ के लिए करिश्मा किया है। भाजपा की सरकार में छत्तीसगढ़ का विकास बहुत तेजी के साथ हुआ। भारतीय जनता पार्टी हिंदुस्तान की एक ऐसी पार्टी है जो राजनीति केवल सरकार बनाने के लिए नहीं करती है, बल्कि राजनीति देश बनाने के लिए करती है। इसीलिए विकास होता है। उक्त बातें भाजपा के स्टार प्रचारक और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बालोद जिला मुख्यालय के सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हम देश बनाने के लिए वोट मांगने आये है, न कि सरकार बनाने के लिए। वही राजनाथ सिंह ने नरेंद्र मोदी की तारीफ में कहा कि हम सौभाग्यशाली है, जो भारत को प्रधानमंत्री के रूप में मोदी जी मिले है। मोदी जी देश के लिए अपनी जिंदगी जीते हैं। आज भारत जब अंतरराष्ट्रीय मंच पर बोलता है, तो लोग सुनते है कि भारत क्या बोल रहा है। प्रधानमंत्री व्यक्ति नही एक संस्था है, लेकिन कांग्रेस गाली देती है। वही राजनाथ सिंह ने कहा कि आज रविवार को हमारा चुनावी घोषणा पत्र जारी होगा।




### भारत के मंत्री विदेशी धरती पर बोलते है, तो उसे पूरा विश्व सुनता है

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा राजनीति सरकार बनाने के लिए नही करती बल्कि देश बनाने के लिए करती है और हम सरकार बनाने व वोट मांगने नही आए है, हम देश बनाने वोट मांगने आए है। इस दौरान रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर कहा कि मोदी जी अद्भुत काल्पनिक क्षमता के धनी है, वे अपने लिए नहीं देश के लिए अपनी जिंदगी जीते है। एक समय था जब पूरे विश्व में धारणा थी, भारत कमजोर है, पाकिस्तान जैसे देश भी भारत को आंख दिखाता था, लेकिन आज परिस्थिति बदल चुकी है। आज मैं या देश के कोई मंत्री विदेशी धरती पर जाते है तो जो सम्मान आज भारत के मंत्री को मिलता है, पहले वह सम्मान नही मिलता था। आज जब भारत के मंत्री विदेशी धरती पर बोलते है, तो उसे पूरा विश्व सुनता है। 2014 में जब भारत दुनिया में 11वें स्थान पर था। लेकिन पिछले 10 सालो में केंद्र में भाजपा के सरकार आने में बाद 5 वे स्थान पर पहुंच चुका है। आज दुनिया में सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था भारत की है। 2027 में भारत की अर्थव्यवस्था टॉप 3 पर रहेगा। जिसमे अमेरिका, चीन और भारत रहेगा। मोदी जी शुरू से कहते है कि आत्मनिर्भर बनो। हर मामले में हम भारत को आत्मनिर्भर बनाना चाहते है।

### रक्षामंत्री का हुआ गर्मजोशी से स्वागत

दरअसल लोकसभा चुनाव के स्टार प्रचारक और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को अपने एकदिवसीय दौरे बालोद पहुंचे। जहां सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित विजय जनसंकल्प रैली को उन्होंने संबोधित किया और कांकेर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के पक्ष में वोट देने किआ अपील की बता दे कि राजनाथ सिंह 21 वर्ष बाद बालोद पहुचे थें। इससे पूर्व 2003 में गुंडरदेही विधानसभा के ग्राम सुरेगांव में उन्होंने ऐसी ही एक चुनावी सभा को संबोधित किया था। इस दौरान करीब 21 साल बाद पुनः बालोद जिले में आगमन पर भाजपाइयों ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का गर्मजोशी के साथ जोशीला स्वागत किया। युवका मोर्चा ने बाइक रैली निकाली। इस दौरान मंच में प्रदेशाध्यक्ष किरण देव सिंह, कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय, पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर, क्षेत्र के सांसद मोहन मंडावी, सांसद प्रत्याशी भोजराज नाग, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू, यशवंत जैन, यज्ञदत्त शर्मा, देवलाल ठाकुर, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, वीरेंद्र साहू सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

### केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने मंच से चुनावी भाषण की शुरुआत छत्तीसगढ़ निर्माण को लेकर की

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने मंच से चुनावी भाषण की शुरुआत छत्तीसगढ़ निर्माण को लेकर की और कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समय जब छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की चर्चा चल रही थी, तो उस समय इस बात की भी चर्चा थी की राज्य छोटा हो जाएगा तो विकास कैसे होगा। लेकिन राज्य निर्माण के 3 साल बाद जब छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी तो 15 साल भाजपा के राज में छत्तीसगढ़ का पूरा विकास हुआ, जो आज दिख रहा। वही पूर्ववर्ती 5 साल के कांग्रेस सरकार में कोयला घोटाला, गोबर घोटाला के साथ राज्य में भय और भ्रष्टाचार की सरकार चली। जिसको 5 साल बाद जनता ने भी जवाब दे दिया। उन्होंने कहा की केंद्र में जब कांग्रेस की सरकार थी, तो घोटाले की भरमार थी। लेकिन भाजपा सरकार पर एक भी घोटाले का आरोप कोई लगा नही सकता। आज जब ईडी की कार्यवाही होती है तो इस पर भी सवाल उठाते है और विपक्ष केंद्र सरकार पर आरोप लगाती है। अगर कार्यवाही गलत है तो कोर्ट से राहत क्यों नही ले लेते। कोर्ट में भी राहत नहीं मिल रही। इनसे भी इनको शांति नही मिलती तो ये कांग्रेस के लोग देश के प्रधानमंत्री को गाली देते है। कांग्रेस पर हमलावर होते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा की पृथ्वी से जिस तरह डायनासोर विलुप्त हो गए उसी तरह कांग्रेस भी विलुप्त हो जाएगी। आज कांग्रेस में मारामारी मची है। कांग्रेस बिग बॉस का घर बन चुका है, सब एक दूसरे के कपड़े फाड़ रहे हैं। आज कांग्रेस लोग पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे है। कांग्रेस में जंग लग चुकी है। 8-10 वर्षो के बाद जब बच्चो से कांग्रेस के बारे में पूछोगे तो बच्चे बोलेंगे कौन कांग्रेस।

## भाजपा प्रवेश के आंकड़े काल्पनिक और हास्यास्पद

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



25000 कांग्रेस कार्यकर्ताओं के भाजपा प्रवेश के दावे को कांग्रेस ने काल्पनिक और हास्यास्पद बताया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता जुमलेबाजी करते-करते कल्पनाओं में जीने लगे है। कुछ छुटभैय्ये नेताओं को मिन्नते कर अपने दल में प्रवेश करवा कर भाजपा बड़ा तीस मार खां बन रही है। भाजपा एक-दो दर्जन कार्यकर्ताओं को प्रवेश करवा कर 25000 प्रवेश जैसा हास्यास्पद आंकड़ा दे रही है। यह तो भाजपा के मिस्ड काल से 50 लाख भाजपा कार्यकर्ता बनाने के दावे के समान है जब मतदान हुआ तो मात्र 35 लाख वोट ही भाजपा को मिले, भाजपा के मिस्ड काल के 50 लाख दावे की हवा तो इसी से निकल गयी। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा को अपने कार्यकर्ताओ की क्षमता पर भरोसा नहीं रह गया। इसलिये वह लोकसभा चुनाव में दल बदल करवा कर आयातित कार्यकर्ता खोज रही है। यही नहीं भाजपा ने दल बदल को अपने राजनैतिक कार्यक्रम का प्रमुख हिस्सा बना लिया है। कितना हास्यास्पद भाजपा ने एक महामंत्री को दल बदल कर प्रभार दे रखा है उसने एक महामंत्री को भाजपा प्रवेश की जवाबदारी दी है। जिनका काम है वार्ड स्तर के जिला स्तर के कार्यकर्ताओं को खोज कर उन पर दबाव डालकर प्रलोभन देकर भाजपा प्रवेश कराना है। भाजपा कुछ निर्वाचित जनप्रतिनिधियों पर सरकार का दबाव बनाकर भी भाजपा प्रवेश करवा रही है। जिस प्रकार से भाजपा दल बदल करवा रही उसके मूल कार्यकर्ताओ में हताशा और निराशा का भाव है। उनके मूल कार्यकर्ता भी दल बदल के अपने पार्टी की नीति से यह मानने लगे है कि उनकी उपेक्षा हो रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा भ्रम फैलने और अपने पक्ष का झूठा माहौल दिखाने के लिये कुछ कार्यकर्ताओ को प्रलोभन देकर दल बदल करवा रही है, लेकिन उसके इस झूठ के गुब्बारे की हवा मतदान के बाद निकल जायेगी।

## मतदाताओं को जागरूक करने निकली बाइक रैली



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

'जाबो संगी मतदान करे बर' गीत की धुन के साथ आज सुबह रायपुर लोकसभा के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप बाइक रैली कलेक्टोरेट से शुरू होकर आरंग पहुंची और वहां से अभनपुर होते हुए पुनः कलेक्टोरेट में पहुंची। इसके आगे-आगे स्वीप एक्सप्रेस चल रही थी। रैली में एक्सपेंडेचर ऑब्जर्वर रणविजय, आस्थानंद पाठक और अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निलेश क्षीरसागर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह शामिल थे, जिसमें करीब हजार की संख्या में बाइक और स्कूटर सवार सहभागिता दी। यह रैली कलेक्टोरेट से शुरू हुई जो मंदिर हसौद-आरंग से होकर पुनः कठिया-अभनपुर-माना से होकर बाइक रैली कलेक्ट्रेट परिसर आकर समाप्त हुई। रैली को लोकसभा ऑब्ज़र्वर पाठक, रणविजय, निलेश क्षीरसागर ने संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाई। साथ ही स्वीप एक्सप्रेस भी पूरे रैली में साथ चली। यह रैली सुबह करीब पौने नौ बजे प्रारंभ हुई, जो करीब सौ किलोमीटर की दूरी करीब ढाई घण्टे में पूरी की। इस अवधि में राजधानी से होते हुए नगर पंचायत और हाइवे से जुड़े 24 गांव से गुजरी और वहां पर भी मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान में हिस्सा लेने की अपील की। यह रैली राजधानी के तेलीबांधा से होते हुए ग्राम जोरा, सेरीखेड़ी, मंदिर-हसौद, छतौना, नवागांव, उमरिया, गुजरा, लखौली, रशनी, बैहार, आरंग, ओड़का, भिलाई, चरौदा, तामासिवनी, तोरला, कठिया, थनौद, सुन्दरकेरा, अभनपुर, झांकी, केन्द्री, बेन्द्री, भटगांव, माना, टेमरी से गुजरी।

## निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के व्यय लेखा का किया गया प्रथम परीक्षण

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन द्वारा 12 अप्रैल 2024 को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के व्यय लेखा का प्रथम परीक्षण किया गया। व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन ने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत व्यय लेखा के प्रथम परीक्षण में निर्वाचन लड़ने वाले कुल 15 अभ्यर्थियों में से 13 उपस्थित एवं 2 अनुपस्थित रहे। प्राप्त जानकारी अनुसार अनुपस्थित बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी देवलाल सिन्हा (सोनवंशी) एवं निर्दलीय अभ्यर्थी भुवन साहू को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा नोटिस जारी किया गया है। भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी संतोष पाण्डेय को अभ्यर्थी के व्यय लेखा व छाया प्रेषण रजिस्टर के अनुसार व्यय में अंतर के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नोटिस जारी किया गया है।




## विधायक राजेश मूणत ने बनाई चाय, जनता को पिलाकर पूछा चाय का स्वाद और नरेंद्र मोदी का कार्यकाल

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता युवा मोर्चा ने शनिवार को रायपुर पश्चिम विधानसभा के अंतर्गत गुढ़ियारी के पहाड़ी चौक पर 'चाय पर चर्चा' कार्यक्रम का आयोजन किया जहां एक रथ के माध्यम से जिसमें चाय कंटेनर समेत सारी सुविधा दी गई है में चाय बनाकर युवा मोर्चा ने युवा चौपाल लगाकर सैकड़ों युवाओं से मोदी जी के कार्यकाल और महती योजनाएं जो युवाओं को सीधा लाभान्वित कर रही हैं पर चर्चा की कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प लेकर युवाओं को भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए आकर्षित करना है अबकी बार 400 पार का नारा देते हुए युवा चौपाल लगाई गई।

जहां विशेष रूप से रायपुर पश्चिम विधानसभा के विधायक पूर्व मंत्री राजेश मूणत उपस्थित रहे उन्होंने स्वयं चाय बनाई और युवाओं सहित अन्य नागरिकों को चाय पिलाते हुए चाय का स्वाद जाना और मोदी जी के 10 वर्ष के कार्यकाल पर चर्चा की उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह भारत का स्वर्णिम काल है जहां पूरा विश्व मोदी जी के नेतृत्व की सराहना कर रहा है और देश आज आगे जा रहा है इन 10 सालों में मोदी जी ने युवा वर्ग को बहुत सी योजनाओं के माध्यम से रोजगार देने, शिक्षा जगत में परिवर्तन कर विकसित भारत की कल्पना को साकार किया है। जहाँ एक ओर माताओ और बहनों को उज्ज्वला गैस योजना से लाभान्वित करने का कार्य हो, चाहे किसानों के खाते में वार्षिक 6 हजार डालने का कार्य हो या प्रत्येक वर्ग को उसका पक्का मकान दिलाने का काम हो चाहे राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा करने का काम हो चाहे धारा 370 खत्म कर जम्मू कश्मीर को भारत माता का मुकुट बनाने का काम हो ऐसे कई कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से हर वर्ग का मोदी जी ने ध्यान रखा है। आज प्रदेश में भी विष्णुदेव जी की सरकार मे 100 दिन में बड़े बड़े फै सले लेकर महिलाओं के खाते में प्रत्येक माह 1000 रू. डालने का काम हो या किसानों को बोनस देकर उनके धान का 3100 रू प्रति क्विंटल से पैसे देने का काम हो ऐसे बहुत से ऐतिहासिक निर्णय छत्तीसगढ़ की जनता के लिए किए गए है इसलिए आज प्रत्येक युवाओं को केवल अपने मतदान के माध्यम से ही मोदी जी धन्यवाद करना है यही संकल्प आज हमे लेना हैं मेरा वोट मोदी जी को मेरा वोट बृजमोहन अग्रवाल जी को। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला मंत्री अमित मैशेरी जी, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष और रायपुर लोकसभा चुनाव प्रभारी रितेश मोहरे जी, जिला अध्यक्ष गोविंदा गुप्ता जी, जिला उपाध्यक्ष विशाल पांडेय जी, विशेष शाह जी, अश्वनी विश्वकर्मा जी, वासु शर्मा जी, वैभव शर्मा जी, मंडल अध्यक्ष विनय जैन जी समेत सैकड़ों युवा इस युवा चौपाल में शामिल हुए।



सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403